सूर्योदय 6:31 सूर्यास्त 5:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 13 न्यू | 24 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,211.88 |
| निफ्टी | 25,795.15 |

सोना 1,21,518 | चांदी 1,47,033

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 25 अक्तूबर 2025 | 10 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 297, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### भोपाल और दिल्ली से दो आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी, दिल्ली/भोपाल।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने इस्लामिक स्टेट्स ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से जुड़े एक आतंकी को भोपाल के करोंद से गिरफ्तार किया है। वहीं, दिल्ली के सादिक नगर से भी एक आतंकी पकड़ाया है। दोनों मिलकर दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाकों में आईईडी ब्लास्ट करने की प्लानिंग कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आतंकियों का नाम अदनान है। इन्हें फिदायीन हमले की ट्रेनिंग दी जा रही थी और उनका निशाना दिल्ली था। आतंकियों के पास से संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ है। फिलहाल दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम दोनों से पूछताछ कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### कनाडा का ऐड देख ट्रंप नाराज, ट्रेड डील रद्द

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीरवार रात को कनाडा के साथ सभी व्यापार बातचीत रद्द करने की घोषणा की है। ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ पर लिखा कि कनाडा ने धोखे से एक विज्ञापन चलाया है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन टैरिफ के खिलाफ बोल रहे हैं। ट्रंप ने लिखा, 'रोनाल्ड रीगन फाउंडेशन ने बताया कि कनाडा ने रीगन के फर्जी विज्ञापन का गलत इस्तेमाल किया। यह 1987 के रीगन के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है।' इस वीडियो में रीगन ट्रंप के टैरिफ से आम लोगों पर हो रहे असर पर बात करते हैं। यह विज्ञापन 75 मिलियन डॉलर( 634 करोड़ रुपए) का था, लेकिन ट्रंप की घोषणा ने इसे पूरी तरह रोक दिया है। (अनंत ज्ञान)

### अफगानिस्तान का पाक को पानी देने से इनकार

**एजेंसी, काबुल।** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। अफगान सूचना मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सूचना मंत्रालय ने बताया कि तालिबान के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने कुनार नदी पर जल्द से जल्द बांध बनाने का आदेश दिया है। मंत्रालय के उपमंत्री मुहाजिर फराही ने बताया कि पानी और ऊर्जा मंत्रालय को घरेलू कंपनियों को ठेका देकर बांध निर्माण जल्दी शुरू करने को कहा गया है। अफगानिस्तान ने यह फैसला हाल में हुए संघर्ष के बाद लिया है। 9 अक्तूबर से 18 अक्तूबर तक चले झड़पों में अफगानिस्तान के 37 नागरिक मारे गए और 425 घायल हुए थे। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बड़सर व हमीरपुर में शराफत हारी बेईमानी की हुई है जीत: सीएम सुक्खू -पेज 2
- धार चांदना सर्किल के दस आंगनबाड़ी केंद्र पाए गए बंद -पेज 3
- बाली ने 27 करोड़ के पार्किंग, शॉपिंग परिसर का किया भूमि पूजन -पेज 4
- बैजनाथ-कांडापतन सड़क मार्ग कोठी के समीप बना जानलेवा -पेज 9
- पर्यटकों के बिना वीरान पड़ी मनाली में लौटी रौनक -पेज 11


# हिमाचल में अब बूढ़ी दिवाली का त्योहार, मशालों और लोकगीतों की बहार

## कुल्लू के निरमंड, सिरमौर के गिरिपार, शिमला और लाहौल-स्पीति के कुछ भागों में दिवाली के एक माह बाद मनाया जाता है यह त्योहार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हमारे देश भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई भागों में जहां दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया, तो वहीं हिमाचल प्रदेश के ऐसे इलाके भी हैं, जहां अभी तक दीपावली मनाई ही नहीं गई। यहां के लोगों को ज्यादा जल्दी भी नहीं है, क्योंकि उनके पास अभी भी काफी समय है।

कुल्लू जिले के निरमंड में इस बार 'बूढ़ी दिवाली' 20 से 23 नवंबर तक मनाई जाएगी, जबकि सिरमौर के गिरिपार, शिमला के कुछ गांवों और लाहौल-स्पीति में भी यह पर्व अभी मनाया जाना है। इन क्षेत्रों के लोग आज भी पुरानी परंपरा को संजोए हुए हैं। वहीं, उत्तराखंड के पहाड़ी हिस्सों खासकर जौनसार बावर में दिवाली के 11 दिन बाद दिवाली मनाई जाएगी। स्थानीय लोग इसे 'बग्वाल' कहते हैं। इस पर्व के दौरान 'परोकड़िया गीत', 'भयूरी', 'रासा', 'नाटियां', 'स्वांग' और 'हुड़क नृत्य' किया जाता है।

इसके अलावा 'बुढियात', हारूल जैसे गीतों पर रातभर नृत्य चलता है। सरमौर जिले के रेणुका, शिलाई, राजगढ़ और पांवटा क्षेत्रों में तीन दिन तक लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। वहीं, पारंपरिक व्यंजन जैसे 'अस्कली', 'लुशके', 'पटांडे', 'शाकुली', 'मूड़ा', 'घी-शक्कर' और 'अखरोट' से बने पकवान परोसे जाते हैं। गिरिपार क्षेत्र में यह पर्व पांच दिन तक चलता है और दिवाली की रात बलिराज जलाने की परंपरा है।

### निरमंड में वैदिक काल से हो रहा आयोजन

**निरमंड** में बूढ़ी दिवाली का आयोजन वैदिक काल से होता आ रहा है। पहले दिन देवता शमशरी महादेव की पूजा की जाती है और तीन मशालें जलाई जाती हैं। महादेव के पुरोहित देवता को 'नचाते' हैं और स्थानीय बोली में अनोखे 'कांव गीत' गाए जाते हैं, जिनसे भूत-पिशाचों को भगाने की मान्यता है। दूसरे दिन कौरव-पांडव प्रतीक दो दलों के बीच 'रस्साकशी' होती है, जिसके लिए 'मुंजी घास' की विशेष रस्सी बनाई जाती है। रात को मशाल यात्रा, वीर रस से भरे काव्य-पाठ और लोकनृत्य होते हैं। रस्सी को बाद में काटकर लोग अपने घर ले जाते हैं। माना जाता है कि इससे घर में चूहे और सांप नहीं आते।



### बूढ़ी दिवाली ?

'बूढ़ी दिवाली' नाम के पीछे कई जनश्रुतियां प्रचलित हैं। रावण वध के बाद भगवान श्रीराम के वनवास से अयोध्या लौटने का समाचार हिमालयी क्षेत्रों में लोगों तक एक महीने बाद पहुंचा। इसीलिए यहां लोग एक महीने बाद बूढ़ी दिवाली मनाने लगे। एक अन्य कथा के अनुसार, सिरमौर के शिलाई क्षेत्र में सियासत काल के राजा की पुत्री भियुड़ी की मृत्यु दिवाली के दिन हुई थी, जिसके शोक में दिवाली एक महीने बाद मनाने की परंपरा बनी। कल्लू के निरमंड क्षेत्र में इसे भगवान परशुराम की कथा से जोड़ा जाता है। कहा जाता है कि उन्होंने एक दैत्य का वध किया, जिसके बाद लोगों ने मशालें जलाकर विजय उत्सव मनाया।

# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में खोले जाएंगे सात और स्पेशलिस्ट विभाग

## सीएम सुक्खू ने बड़सर में किए 41.52 करोड़ के लोकार्पण और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/ बड़सर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को जिला के एक दिवसीय दौरे के दौरान विकास की कई नई सौगातें भी दीं। उन्होंने कहा कि बड़सर अस्पताल में अब 20 नहीं 100 बेड होंगे, इससे क्षेत्र के लोगों को इलाज करवाने में और सुविधा प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि भले ही सुभाष ढटवालिया को उपचुनाव में उन्हें जीताकर विधानसभा नहीं भेजा, लेकिन विकास के मामले में यहां कोई भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज में अब 100 करोड रुपए की लागत से सात और स्पेशलिस्ट विभाग खोले जाएंगे। 15 साल पुरानी मशीनों को यहां बदला जा रहा है। हिमाचल के स्कूल अगले 5 से 7 सालों में राष्ट्रीय दर्जे के बन जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र में 41.52 करोड़ रुपए की लागत की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। उन्होंने 1.34 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित बम्बलू हेलिपैड, 17.45 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित मिनी सचिवालय बड़सर और 1.11 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन बणी का लोकार्पण किया। उन्होंने 18.72 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले धनेटा-बड़सर सड़क और बड़सर तहसील में मान खड्डु पर 2.88 करोड़ से निर्मित होने वाले चेकडैम का शिलान्यास भी किया। सीएम ने बताया कि बड़सर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल को सीबीएसई का दर्जा दिया जा रहा है और अगले सत्र से यहां इसकी पढ़ाई शुरू होगी। बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने भी हेलिपैड पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



बड़सर में मंच पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और अन्य कांग्रेस नेता।

**स्वागत के लिए लखनपाल भी पहुंचे हेलिपैड पर**

### 800 और कांस्टेबलों के भरे जाएंगे पद

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि सरकार ने हाल ही में ली पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती के परिणाम जारी कर दिए हैं। 1045 उम्मीदवारों को अंतिम रूप से चयनित किया गया है, जिसमें 676 पुरुष और 369 महिला उम्मीदवार शामिल है। सरकार अब शीघ्र ही 800 और कांस्टेबलों के पद भरने जा रही है।

### टकराकर बस के फ्यूल टैंक में फंस गई बाइक, भड़की आग

# आंध्र प्रदेश में चलती बस बनी आग का गोला, 20 जिंदा जले

**एजेंसी, कुर्नूल**

आंध्र प्रदेश के कुर्नूल में चिन्नाटेकुर के पास एक प्राइवेट बस में आग लग गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, हादसे में 20 यात्री जिंदा जल गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा 25 है। कुर्नूल कलेक्टर के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह लगभग 3:30 बजे हुई। अब तक 11 शवों की पहचान हो गई है, 9 के बारे में पता नहीं चल पाया है।

बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी। एनएच-44 पर बाइक इससे टकरा गई और बस के नीचे घुस गई और फ्यूल टैंक से टकरा गई। इससे बस में तुरंत आग लग गई। हादसे में बाइक सवार शिवशंकर की भी मौत हो गई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। इनमें से कई जल गए, वहीं 19 ने कूदकर जान बचाई। इमरजेंसी गेट तोड़कर निकले लोग बुरी तरह झुलस गए थे, इन्हें कुर्नूल सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ड्राइवर-क्लीनर की कोई जानकारी नहीं मिली है। ज्यादातर लोग 25 से 35 साल के थे। हादसे के वक्त यात्री सो रहे थे, जिससे उन्हें बचने का मौका नहीं मिला। आग लगने के बाद बस में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे बस का दरवाजा भी जाम हो गया। शीशे तोड़ने के लिए कोई सेफ्टी हैमर नहीं थे।

तेलंगाना सरकार के ट्रांसपोर्ट मंत्री पोनम प्रभाकर ने बताया कि तेलंगाना सरकार बस हादसे में मारे गए राज्य के लोगों के परिवारों को 5 लाख रुपए व घायलों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)



### पीएम ने जताया शोक

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भी मृतकों के परिवारों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया। पीएम ने कहा कि वे हादसे से दुखी हैं और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'कुर्नूल का हादसा दुखद है। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवार के साथ है।' पीएमओ ने मृतकों के परिवार के लिए 2 लाख और घायलों को 50 हजार दिए जाने का ऐलान किया है। जाएगी।

# प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज 27 को बजट घोषणाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल मंत्रिमंडल की अहम बैठक शनिवार दोपहर 12 बजे राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में स्वास्थ्य, राजस्व, आपदा राहत और विभिन्न विभागों से संबंधित कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा होने की संभावना है।

वहीं, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 27 अक्तूबर को एक अलग बैठक भी होगी, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। यह बैठक दोपहर 12:15 बजे आर्म्सडेल बिल्डिंग के कॉन्फ्रेंस हॉल में होगी। जानकारी के अनुसार, आज होने वाली कैबिनेट बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान के मद्देनजर आपदा राहत पैकेज पर प्रस्तुति दी जाएगी। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री केंद्र सरकार से सहयोग को लेकर भी रणनीति स्पष्ट करेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने के प्रस्तावों पर भी विचार हो सकता है। पिछली कैबिनेट में भर्ती से जुड़े कई निर्णय लिए गए थे, जिन पर आगे की प्रक्रिया को मंजूरी मिल सकती है। इसके अलावा बैठक में पंचायतीराज चुनाव को टालने का प्रस्ताव भी रखा जा सकता है।

**मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे अध्यक्षता**

# देशभर में नवंबर से शुरू होगा एसआईआर

## मार्च 2026 तक सभी राज्यों में नई वोटर लिस्ट तैयार करेगा चुनाव आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

निर्वाचन आयोग ने नवंबर से देशभर में मतदाता सूचियों की गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी पूरी कर ली है। एसआईआर का कार्यक्रम इस तरह से बनाया जाएगा कि अगले साल मई में चुनाव वाले राज्यों में भी यह पूरा हो सके। मार्च 2026 तक सभी राज्यों में नई मतदाता सूची तैयार करने की योजना है। सभी राज्यों के चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### मतदाता सूचियों को अपडेट करना मकसद



**चुनाव** आयोग का दावा है कि उनका पूरा ध्यान केरल, तमिलनाडु, प. बंगाल, असम और पुडुचेरी पर है, जहां मई 2026 तक चुनाव होने हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूचियों में दोहरे मतदाताओं को हटाना और यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता भारतीय नागरिक है। ऐसी समीक्षा 2 दशक बाद हो रही है, क्योंकि शहरीकरण और माइग्रेशन बढ़ने से इसकी जरूरत महसूस हुई। यहां हालात ऐसे आंध्र प्रदेश में 2003-2004 5.5 करोड़ मतदाता थे, अब 6.6 करोड़ हैं। उत्तर प्रदेश में 2003 में 11.5 करोड़ थे, अब 15.9 करोड़ हैं। दिल्ली में 2008 में 1.1 करोड़ थे, अब 1.5 करोड़ हैं।

# दिल्ली में दुकान-दफ्तरों में नाइट शिफ्ट कर सकेंगी महिला कर्मचारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में महिला कर्मचारी अब दुकानों और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में नाइट शिफ्ट में काम कर सकेंगी। दिल्ली सरकार ने इसकी औपचारिक अनुमति दे दी है। हालांकि, इसके लिए महिला कर्मचारियों की लिखित सहमति अनिवार्य होगी। हर कर्मचारी को ओवरटाइम पर सामान्य वेतन का दोगुना भुगतान मिलेगा और साप्ताहिक कार्य की अधिकतम सीमा 48 घंटे तय की गई है। इसके साथ ही सभी प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत समिति बनाना भी अनिवार्य किया गया है। बता दें कि इस साल की शुरुआत में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके बाद श्रम विभाग ने महिलाओं के लिए दिल्ली दुकानदार एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1954 में दो नए प्रावधान जोड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

**दिल्ली सरकार ने दी परमिशन रजामंदी भी जरूर**

### 'अबकी बार मोदी सरकार' लिखने वाले पीयूष नहीं रहे



**एजेंसी, मुंबई।** एड गुरु पद्मश्री पीयूष पांडे का गत दिवस निधन हो गया। जानकारी 24 अक्तूबर को सामने आई है। 70 साल की उम्र में मुंबई में उन्होंने अंतिम सांस ली। पीयूष ने 'अबकी बार मोदी सरकार' नारा लिखा था। इसके अलावा, 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' गाना लिखा था। पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम ने एक्स पर लिखा, 'पीयूष पांडे क्रिएटिविटी के लिए जाने जाते थे। एडवटाइजिंग की दुनिया में उन्होंने शानदार योगदान दिया। मैं उनके साथ हुई बातचीत को सालों तक संजोकर रखूंगा। उनके दुनिया से जाने से बहुत दुखी हूं।' (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी ने बांटे 51 हजार जॉब लेटर

## कहा- यह केवल सरकारी नौकरी नहीं, राष्ट्र सेवा में योगदान देने का मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को 17वें रोजगार मेला में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटें। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि आपको केवल सरकारी नौकरी नहीं मिली है। राष्ट्र सेवा में सक्रिय योगदान देने का अवसर मिला है। पीएम ने आगे कहा कि इस बार रोशनी का त्योहार दिवाली आप सभी के जीवन में नई रोशनी लेकर आया है। उत्सवों के बीच पक्की नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र मिलना यानी उत्सवों का उल्लास और सफलता की डबल खुशी है। ये खुशी आज देश के 51 हजार से ज्यादा युवाओं को मिली है।



पीएम ने कहा, 'मैं महसूस कर सकता हूं कि आप सभी के परिवार में कितना आनंद होगा। मैं आप सभी और आपके परिवारजनों को बहुत -बहुत बधाई देता हूं। जीवन की इस नई शुरुआत के लिए मैं बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आपका ये उत्साह और परिश्रम करने की आपकी क्षमता सपने साकार होने से पैदा हुआ है।' आत्मविश्वास और इसके साथ जब देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा जुड़ेगा, तो आपकी यह सफलता व्यक्तिगत सफलता नहीं रहेगी, आपकी सफलता देश की सफलता बन जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**पहल** फर्जीवाड़े पर कसेगी नकेल, रिकॉर्ड रखने में आसानी

# हिमाचल में रेहड़ी-फड़ी वालों की अब क्यूआर कोड से होगी पहचान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश सरकार अब छोटे विक्रेताओं, ठेले वालों और रेहड़ी-फड़ी संचालकों की पहचान साइन बोर्ड के बजाय क्यूआर कोड के माध्यम से करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक पंजीकृत विक्रेता को एक डिजिटल पहचान दी जाएगी, जिसमें एक विशिष्ट क्यूआर कोड होगा। इसे ग्राहक या अधिकारी अपने मोबाइल से स्कैन करके विक्रेता की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, जिसमें उसका नाम, लाइसेंस नंबर, क्षेत्र और वैधता अवधि शामिल होगी।

जानकारी के अनुसार, अब तक रेहड़ी-फड़ी वालों की पहचान पारंपरिक साइन बोर्ड से होती थी, लेकिन इसमें कई बार फर्जीवाड़े और अस्पष्ट जानकारी के मामले सामने आते रहे हैं। कई विक्रेता बिना लाइसेंस काम करते पाए गए, जबकि कुछ जगहों पर एक ही नाम से दो-दो साइन बोर्ड लगे होने की शिकायतें मिलीं। क्यूआर कोड व्यवस्था से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय प्रशासन को विक्रेताओं का वास्तविक रिकॉर्ड बनाए रखने में भी आसानी होगी। इससे ग्राहकों का भरोसा भी बढ़ेगा और नियमों का पालन सुनिश्चित होगा।



सरकार ने पहले ही विक्रेताओं के लिए लाइसेंसिंग और नियंत्रण को लेकर मॉडल उपविधियां तैयार कर ली हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निगमों को और ग्रामीण इलाकों में पंचायतों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र में वेंडिंग जोन तय करें और पंजीकृत विक्रेताओं को डिजिटल पहचान जारी करें। इसी क्रम में अब इन पंजीकृत विक्रेताओं को साइन बोर्ड के बजाय क्यूआर कोड दिए जाने का प्रस्ताव है। हालांकि सरकार की ओर से इस प्रणाली को राज्यभर में लागू करने की औपचारिक घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन यह योजना विभागीय स्तर पर तैयारी के चरण में है।

### आधिकारिक पहचान देने का प्रयास

**यह** योजना केवल नियंत्रण या निगरानी का माध्यम नहीं है, बल्कि विक्रेताओं को एक आधिकारिक पहचान देने का प्रयास रहेगा। इससे रेहड़ी-फड़ी वालों को वैध पहचान मिलेगी और उनके प्रति सामाजिक सम्मान भी बढ़ेगा। ग्राहक भी अब क्यूआर कोड स्कैन कर यह जान सकेंगे कि वे किसी पंजीकृत और प्रमाणित विक्रेता से सामान खरीद रहे हैं। यह हिमाचल में छोटे कारोबार को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम और सकारात्मक कदम साबित हो सकता है।




## न्यूज ब्रीफ

### नई प्रबंधक समिति का चुनाव 15 को होगा

**अनंत ज्ञान, गलोड।** दी नारा कृषि सेवा सहकारी सभा समिति की नई प्रबंधक समिति का चुनाव 15 नवंबर को होगा। इच्छुक उम्मीदवार 30 अक्तूबर सायं तीन बजे तक अपना नामांकन भर सकते हैं। प्रार्थी अपने साथ संबंधित वार्ड से एक एक सदस्यता प्रस्तावक और समर्थनकर्ता अपने साथ अवश्य ले कर आएं। यह जानकारी सभा के सचिव प्रीतम चंद ने दी।

### कश्मीर स्कूल में रक्तदान शिविर 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कश्मीर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से सोमवार 27 अक्तूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर समाज सेवा और मानव कल्याण की भावना को समर्पित है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष कौशल व आयोजकों ने सभी नागरिकों, अध्यापकों, विद्यार्थियों तथा क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करें । सभी इच्छुक व्यक्ति 27 अक्तूबर को कश्मीर विद्यालय में उपस्थित होकर इस सामाजिक सरोकार के कार्य में भाग लें।

### रास्ता रोककर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के सहेली कड़ाई के अनुज कुमार पुत्र तिलक राज ने चार लोगों पर रास्ता रोक कर मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाया है। पुलिस को की शिकायत में अनुज ने कहा कि वह अपने नाना के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कोहला प्लासड़ी(जोल सप्पड़) आया था, तो बलबीर, काका, सिंधू व पवन ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकियां दी । पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### 25 से अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में 25 अक्तूबर से अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट ग्रुप डी का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर डॉ. विभा ठाकुर ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्घाटन सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह राणा करेंगे। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को शुभकामनाएं प्रदान की। शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य प्रो. संदीप शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 10 मैच खेले जाएंगे, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी, क्रमशः राजकीय महाविद्यालय बड़सर, नादौन ,हमीरपुर, राजराजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय, बिलासपुर, इवनिंग कॉलेज ,जुखाला, घुमारवीं ,बैजनाथ ,पालमपुर, राजपुर कॉलेज भाग लेंगे।

### भाजयुमो मंडल नादौन की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भाजयुमो नादौन मंडल के अध्यक्ष ने भाजयुमो नादौन मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। यह जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष आशीष राणा ने बताया कि कार्यकारिणी की घोषणा भाजयुमो जिला अध्यक्ष शुभम पठानिया के अनुमोदन के उपरांत कार्यकारिणी में मनीष कुमार कमलाह, अभिषेक रतन गौना, शम्मी कटोच अमतर, साहिल जसवाल कुन्ना को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, आकशी दीप कलूर व शौकत अली नगाड़ा को महामंत्री बनाया गया है। अशीष शर्मा नादौन, राहुल चीढ़ा जलाड़ी, अंकुश ठाकुर बलडूहक, अमन ठाकुर रैल को सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। सचिन कुठार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जसविंदर सिंह जोलसप्पड़ को सोशल मीडिया प्रभारी, रजत पराशर सेरा को मीडिया प्रभारी, अभिषेक कुमार फरनाट को कार्यालय सचिव, शुभम दरोज चील बाहल को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं, सदस्यों में नितिन चौधरी जोलसप्पड़, अभिषेक धीमान रिट, अभिषेक कुमार पुतडियाल, नीरज धीमान बेला, साहिल ठाकुर जंगलू, रजत वालिया लाहड़ को शामिल किया गया है। यह जानकारी देते हुए भाजयुमो मंडल नादौन के ब्लॉक अध्यक्ष आशीष राणा ने बताया कि नादौन की भाजयुमो कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। कर्मठ कार्यकर्ताओं को इसमें स्थान दिया गया है।

### सीएम राहत कोष के लिए दिया 51000 का चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** उपमंडलाधिकारी बड़सर राजेंद्र गौतम और उनके कार्यालय स्टाफ ने मुख्यमंत्री को 51 हजार रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश धर्मस्थल कर्मचारी संघ दियोटसिद्ध के पदाधिकारियों ने 1.04 लाख रुपए, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा के स्टाफ व विद्यार्थियों ने 61 हजार रुपये, बेरोजगार संघ ने 51 हजार रुपए, हिमाचल कल्याण संस्था ने एक लाख रुपये तथा डिग्री कॉलेज ऊना के विद्यार्थियों ने 2.21 लाख रुपए के चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दान किए। इस अवसर पर भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया, पूर्व विधायक मंजीत डोगरा ने भी अपने विचार रखे।

### 12 नवंबर तक बंद रहेगी भरेड़ी-बडैहर-भौर सड़क

**अनंत ज्ञान भोरंज।** उपमंडल के अंतर्गत भरेड़ी-बडैहर-भौर सड़क की मरम्मत के कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 12 नवंबर तक बंद की गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि भरेड़ी-बडैहर-भौर सड़क के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर यातायात 12 नवंबर तक बंद किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान वाहन चालक भरेड़ी-धमरोल-सुलगवान सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### पुलिस ने दो गुमशुदा लड़कियों को किया बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** महिला पुलिस थाना हमीरपुर में दो अलग-अलग गुमशुदगी के मामले दर्ज किए गए थे। पहले मामले में एक नाबालिग लड़की, जिसकी स्थाई निवास हमीरपुर और परिवार का अस्थाई निवास विहार राज्य में है, को विशेष पुलिस टीम द्वारा हैदरगढ़, उत्तर प्रदेश से बरामद कर उसके परिजनों को सुरक्षित सौंपा गया। दूसरे मामले में 20 वर्षीय एक लड़की को जिला बिलासपुर से बरामद कर उसके घर वालों को सकुशल सौंपा गया। वहीं, पुलिस थाना सदर हमीरपुर में शिकायतकर्ता सोमा देवी की शिकायत पर ग्राम धवां कोट में रास्ता रोकने का मामला दर्ज किया गया। आरोपी अजीत सिंह ने गांव की तरफ आने वाले रास्ते में बजरी और पत्थर डालकर मार्ग बंद कर दिया, जिससे ग्रामीणों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस द्वारा अन्वेषण जारी है।

### पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस कल्याण सप्ताह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस कल्याण सप्ताह के तहत पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुक्रवार को इन कार्यक्रमों में तनाव प्रबंधन, डिजिटल सुरक्षा और विभागीय कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के बीच संवाद को बढ़ाना, मानसिक और सामाजिक कल्याण को सशक्त करना तथा सेवा के दौरान आने वाले तनावों से निपटने के उपायों से अवगत कराना था। अधिकारियों, जवानों और परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सेवा, अनुशासन और एकता का संदेश दिया गया।

### बड़सर में पुलिस कैडेट प्रशिक्षण कार्यक्रम सफल

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़सर में पुलिस विभाग के सहयोग से 10 दिवसीय विशेष पुलिस कैडेट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुभवी प्रशिक्षक अनिता और नरेंद्र के निर्देशन में कक्षा 6वीं से 12वीं की 135 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में परेड, आत्मरक्षा, नारी सशक्तिकरण, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति और साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण और जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। प्रधानाचार्या सरला देवी और स्टाफ के सहयोग से यह शिविर छात्राओं के अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व को सशक्त बनाने में सफल रहा।

### सीखने की क्षमता बढ़ाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हमीरपुर जिला में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में सुधार के लिए सीखने की क्षमता बढ़ाने वाला कार्यक्रम के तहत 336 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश और कॉन्वेजीनियस के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उप निदेशक गुणवत्ता एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 9-10 के शिक्षकों को एलईपी के उद्देश्यों, उपचारात्मक शिक्षण की कार्यप्रणालियों और विद्यार्थियों के बुनियादी शिक्षण को मजबूत करने के तरीकों से अवगत कराना है। जिला नोडल अधिकारी पुनीत कुमार ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण 27 अक्तूबर से 1 नवंबर तक 6 बैचों में होगा। प्रत्येक बैच में 50-60 शिक्षक प्रशिक्षित होंगे और प्रशिक्षण समय सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। साथ ही, 31 अक्तूबर 2025 को कक्षा 6 से 12 के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए एक ऑनलाइन अभिविन्यास सत्र आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षक इस सत्र में शामिल होने से मुक्त रहेंगे। यूट्यूब लाइव लिंक बाद में व्हाट्सएप के माध्यम से साझा किया जाएगा।

# बड़सर व हमीरपुर में शराफत हारी बेईमानी की हुई है जीत : सीएम सुक्खू

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान कई विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि बड़सर और हमीरपुर में पिछली बार उपचुनावों में शराफत हारी और बेईमानी जीत गई। उन्होंने भाजपा पर बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा कि पिछली बार जिले का मुख्यमंत्री खोने की गलती जनता ने की थी, जिसे अब बड़सर के लोगों को समझना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में भाजपा ने प्रेम कुमार धूमल को हराकर सुजानपुर में गलती की थी, जिसकी कीमत जनता ने चुकाई। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने हमीरपुर में विकास के पहिये को फिर गति दी है और बड़सर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बड़सर मिनी सचिवालय के साढ़े सोलह करोड़ रुपये से बने भवन का शिलान्यास किया और आगामी भोटा बस स्टैंड के निर्माण का भी संकेत दिया। सुक्खू ने भाजपा सांसदों पर भी निशाना साधा और प्रधानमंत्री द्वारा कांगड़ा में घोषित 1500 करोड़ रुपये के आपदा राहत पैकेज को प्रदेश में लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचल के हर आपदा प्रभावित परिवार को घर बनाने के लिए 7 लाख रुपए का पैकेज देगी।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

मुख्यमंत्री ने पूर्व भाजपा सरकार पर औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन और संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने अग्निवीर योजना के तहत युवाओं के रोजगार अवसर कम होने और पुलिस में 800 पद भरने की घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार में पुलिस भर्ती का पेपर लीक हुआ था, जबकि उनकी सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती करवाई।

बड़सर में कुल 41.52 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इनमें 17.45 करोड़ रुपए से बने मिनी सचिवालय, 1.11 करोड़ रुपए से उप स्वास्थ्य केंद्र, 2.88 करोड़ रुपए की मान खड्ड चैक डैम परियोजना और 18.72 करोड़ रुपए की धनेटा-बड़सर सड़क उन्नयन कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री के साथ विधायक सुरेश कुमार, कैप्टन रणजीत सिंह, पूर्व कांग्रेस उम्मीदवार सुभाष ढटवालिया, विवेक कुमार, पुष्पेंद्र वर्मा, राज्य नशा निवारण बोर्ड संयोजक नरेश ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बुंबलू हेलिपैड पर मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। सुक्खू ने जनता से अपील की कि राजनीतिक कट्टरता को छोड़कर विकास के साथ चलें और आगामी चुनावों में शराफत को जीत दिलाएं, बेईमानी को नहीं।

# मनजीत जोर की 'थापी' मारते हैं जिसने कबूल ली उसी को आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

- मनजीत बोले; अभिमन्यु की तरह मुझे मारा गया
- सुभाष बोले; महामहिम बोलते हैं इन्हें

मुख्यमंत्री की जनसभा में शुक्रवार को बड़सर में पूर्व विधायक, विधायक और पूर्व प्रत्याशी ने एक दूसरे पर जिस खास अंदाज में पंच मारे, उससे राजनीति में खूब गर्माहट आई। अंदाज अपना अपना था और किसी ने भी फर्क नहीं रखा। शुरुआत हुई इलाके के पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा के बोल से। उन्होंने कहा कि वे 74 वर्ष के तो हो गए हैं लेकिन दौड़ में अभी भी अव्वल हैं मुख्यमंत्री से कहा कि उन्हें भी आजमा लें, क्योंकि मेरा राजनीतिक वध हुआ है। अभिमन्यु की तरह मुझे मारा गया है।

उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया भी शुक्रवार को इस जनसभा में कुछ खास अंदाज में बोल गए। उन्होंने मनजीत के भाषण का जवाब कुछ खास अंदाज में दिया और कहा कि इन्हें महामहिम बोलते हैं यह दो बार के विधायक हैं अब यह हमारा साथ दें फिर मुख्यमंत्री की तरफ देखा और अपना भाषण क्लोज किया, लेकिन इन इन दोनों के दरमियान जो शब्दवान चले उसके बाद भोजन के विधायक सुरेश कुमार जब बोलने उठे तो उन्होंने कहा की मनजीत जोर की थापी मारते हैं। जिसने बर्दाश्त कर ली या कबूल कर ली, बुरा नहीं माना। उसी को आशीर्वाद दे देते हैं। सुभाष भाई आप भी इनकी थापी का बुरा मत मानना, आपके साथ ही हैं ये। दर असल में मनजीत का कहना राजनीतिक रूप में खुद के लिए था कि मुख्यमंत्री उन पर कृपा दृष्टि रखें तो बे अगला चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार हैं या फिर कोई और नजरे इनायत भी उन पर डाल दें, ताकि उनकी अहमियत का पता चल सके।

अब सुभाष को उनका यह शब्दबाण नागगबार कैसे गुजरना था इसीलिए उन्होंने भी अपना शब्दबाण छोड़ दिया। अब क्योंकि इंद्र दत्त लखनपाल भाजपा के विधायक हैं, लेकिन बड़सर दौरे पर आए मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए वे भी बुंवलू पहुंचे। उन्होंने गुलदस्ता देकर सीएम का स्वागत किया और हेलिपैड के उद्घाटन के मौके पर वे शामिल भी हुए।

## शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए टीजीटी कला संघ ने मुख्यमंत्री से भेंट की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश के शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए राजकीय टीजीटी कला महासचिव ने मुख्यमंत्री से भेंट की। इस अवसर पर संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने मुख्यमंत्री को संघ का 10 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपते हुए शिक्षकों की प्रमुख मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की।

संघ ने ज्ञापन में मांग की है कि प्राथमिक से सैकेंडरी स्तर तक कार्यरत शिक्षकों की लंबित 2035 पदोन्नति सूचियां जल्द जारी की जाएं। शिक्षकों की वेतन विसंगतियों को दूर करते हुए हायर ग्रेड पे का लाभ दिया जाए। संजय कुमार बनाम सरकार मामले में 4-9-14 एसीपीएस के अंतर्गत देय एक इंक्रीमेंट का लाभ हाईकोर्ट के आदेशानुसार एकमुश्त प्रदान किया जाए। इसके अलावा डीम्ड रेगुलर शिक्षकों को एरियर शीघ्र जारी किया जाए, टीजीटी शिक्षकों को अन्य राज्यों के समान उचित वेतनमान मिले और पुनः रोजगार प्राप्त शिक्षकों का वेतन भी एक सप्ताह के भीतर जारी किया जाए। टीईटी मामले में संघ ने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि सुप्रीम कोर्ट में समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र रिव्यू याचिका दायर की जाए। वर्ष 2019 से 2025 के बीच नियुक्त टीजीटी शिक्षकों को वरिष्ठता क्रमांक जारी किया जाए और शिक्षा विभाग में कैशलैस ट्रीटमेंट प्रणाली लागू की जाए। संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश में सबसे अधिक कर्मचारी शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, फिर भी शिक्षक संघों की अलग जेसीसी (ज्वाइंट कंसल्टेटिव कमेटी) नहीं बनाई गई। संघ का मानना है कि यदि सरकार शिक्षकों के लिए अलग जेसीसी गठित करती है, तो अनेक समस्याओं का समय पर समाधान हो सकेगा और विभाग तथा शिक्षकों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। समय पर समाधान मिलने पर शिक्षक वर्ग शिक्षा के विकास में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ योगदान देगा।

## ग्राम रोजगार सेवक संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला

**अनंत ज्ञान, रंगस।** ग्राम रोजगार सेवक संघ का प्रतिनिधिमंडल ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुनीष कुमार की अध्यक्षता में बड़सर रेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू में मिला। जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों से ग्राम रोजगार सेवकों ने भाग लिया। संघ ने मुख्यमंत्री के समक्ष स्टैंडर्डाइजड कॉन्ट्रैक्ट जो पत्र 30 सितंबर, 2025 को निदेशालय ग्रामीण विकास विभाग से जारी हुआ था, को निरस्त करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उसे तुरंत प्रभाव से निरस्त करने बारे निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त संघ के सदस्यों ने ग्रामीण विकास विभाग में विलय की मांग को भी प्रमुखतः से रखा, जिसमें भी मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधमंडल में प्रदेश महासचिव शशी कांत, जिला ऊना से प्रेमलता, वीरवल, नीरज, कांगड़ा से जिलाध्यक्ष जसविन्दर अंगारिया, पवन कुमार, वीरेंद्र बिंदु, मंडी से भीमदेव, राज कुमार मौजूद थे।

## बड़सर दौरे में मुख्यमंत्री सुक्खू की जनता से दूरी उजागर : लखनपाल

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बड़सर दौरा जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। आम जनता घंटों इंतजार के बावजूद मुख्यमंत्री से नहीं मिल सकी। भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि इससे साफ होता है कि मुख्यमंत्री आम जनता के नहीं, बल्कि अपने मित्रों और चहेतों के मुख्यमंत्री हैं।



लखनपाल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कोई नई घोषणा नहीं की, बल्कि 2023 में किए गए वादों को दोहराया। 100 बेड अस्पताल की घोषणा दोहराई गई, जबकि दो वर्षों में न भवन निर्माण शुरू हुआ और न योजना स्वीकृत हुई। स्वास्थ्य सेवाओं की हालत दयनीय है और मेडिकल कॉलेज हमीरपुर व अन्य क्षेत्रीय अस्पतालों में डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी है। दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट घोटाले पर मुख्यमंत्री ने मौन साधा, जबकि 65 करोड़ के मंदिर विकास कार्य का श्रेय भाजपा सरकार के समय स्वीकृत राशि का है। मंच से हर घर जल की योजना की बात की गई, लेकिन बड़सर में पिछले तीन वर्षों में नई पाइपलाइन नहीं आई। लखनपाल ने मुख्यमंत्री के बयान बैमानी जीत गई और सराफत हार गई को जनता का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि उपचुनावों में भाजपा विधायकों की जीत से बौखलाए मुख्यमंत्री ने ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जो उनके पद के अनुरूप नहीं हैं। जनसभा में आम जनता की जगह अधिकारी और सरकारी कर्मचारी अधिक दिखाई दिए, जिससे स्पष्ट है कि जनता अब इस सरकार की खोखली बातों से ऊब चुकी है। सड़क और अन्य विकास कार्यों का श्रेय भी भाजपा सरकार के समय शुरू की गई योजनाओं का है, जिसे मुख्यमंत्री अपना बताकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## भाजयुमो ने सीएम के बड़सर दौरे को बताया दिखावटी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनदीप चंदेल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बड़सर दौरे को पूर्णतः दिखावटी और झूठे दावों से भरा बताया। चंदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री जिन विकास कार्यों का श्रेय अपनी सरकार को दे रहे हैं, वे असल में पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू हुए थे और उनके लिए बजट और मंजूरी पहले ही दी जा चुकी थी। चंदेल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के तीन साल के कार्यकाल में हिमाचल पीछे चला गया है और बड़सर की जनता उपेक्षित रही। उन्होंने कहा कि इस दौरे में जनता को कोई नई सौगात नहीं मिली और क्षेत्रीय विकास के लिए कोई ठोस घोषणा नहीं हुई। भाजयुमो प्रवक्ता ने कार्यक्रमों में दिखाए गए भारी जनसमूह को सरकारी कर्मचारियों की जबरन उपस्थिति करार दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि बड़सर की जनता इस नाटक से ऊब चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

## ग्रुप इंस्ट्रक्टर के पदों को भरने के लिए लिखित परीक्षा 17 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर द्वारा समूह अनुदेशक(ग्रुप इंस्ट्रक्टर) पोस्ट कोड 24001 के 12 पदों को भरने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा का आयोजन 17 नवंबर को सुबह 9 बजे किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए आयोग की वेबसाइट एचटीटीपीएस://एचपीआरसीए डॉट एचपी डॉट जीओवी डॉट इन पर परीक्षा से एक सप्ताह पहले लिंक का प्रावधान किया जाएगा। जिससे अभ्यार्थी अपना रोल नंबर व एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। रोल नंबर व परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने रोल नंबर व एडमिट कार्ड के लिए समय-समय पर आयोग की वेबसाइट, एसएमएस व ईमेल आईडी का स्टेटस चेक करते रहें। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर व्यक्तिगत रूप से आयोग के कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222204 पर संपर्क किया जा सकता है।

## भलेठ की छात्राओं ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में किया उम्दा प्रदर्शन



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेठ की प्रतिभाशाली छात्राएं शिक्षकों के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भलेठ स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राओं ने जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

हाल ही में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विद्यालय की छात्राओं ने एकल नृत्य और समूह नृत्य दोनों श्रेणियों में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य में अपने लय, अभिव्यक्ति और प्रदर्शन से सभी निर्णायकों और दर्शकों से सराहना प्राप्त की। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजरी वी महाजन ने इस उपलब्धि पर छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारी छात्राएं निरंतर मेहनत और लगन से आगे बढ़ रही हैं। यह उपलब्धि उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क का परिणाम है। प्रधानाचार्या ने साथ ही मार्गदर्शन देने वाले शिक्षकों और प्रशिक्षण में सहयोग देने वाले समस्त स्टाफ की भी प्रशंसा की तथा सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे खेल, कला और शिक्षा के हर क्षेत्र में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दें। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि से हर्ष और गर्व का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ शिवानी भुनाल, सुषमा, सीमा देवी, सुमन, अंजना धीमन, निर्मला, सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## जनता का पैसा लूट रही है सरकार : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**



प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि बघाट बैंक में 138 करोड़ के एनपीए का मामला जनता की मेहनत की कमाई से किया गया सबसे बड़ा विश्वासघात है जो सरकार की सीधी संलिप्तता के बिना संभव ही नहीं था।

राजेंद्र राणा ने कहा की बाघाट बैंक में जो कारनामे सामने आ रहे हैं, उससे यह जाहिर होता है कि यह सब कुछ सत्ता के संरक्षण में चल रहा है, जहां जनता की गाढ़ी कमाई को सरकार अपने 'मित्र धन्नासेठों' की झोली में डाल रही है। इन दोनों मामलों ने सुक्खू सरकार के ईमानदारी के दावों की पोल खोल दी है। राजेंद्र राणा ने कहा कि कांगड़ा बैंक का मामला अभी सुर्खियों में ही था कि अब बघाट बैंक में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है जिसमें बैंक के करीब 22 हजार शेयरहोल्डरों का विश्वास तोड़ा गया है। ये वही आम लोग हैं जिन्होंने अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए पैसा लगाया था, लेकिन सरकार ने उसे अपने चहेतों पर लुटा दिया। उन्होंने कहा की स्थिति यह हो गई है कि लोग बैंक में जमा अपनी पूंजी भी पूरी तरह नहीं निकाल पा रहे हैं। राजेंद्र ने कहा कि मौजूदा सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले सुक्खू सरकार ने प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेल दिया है और सरकार अब तक 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज ले चुकी है, जिससे हिमाचल प्रदेश का भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल प्रचार-प्रसार और वाहवाही की राजनीति में उलझी हुई है। जनता महंगाई से त्रस्त है, लेकिन सरकार ने पेंशनरों और कर्मचारियों को मात्र 3 प्रतिशत डीए देकर राहत का ढोंग रचा है। राणा ने कहा कि यह सरकार न किसानों की सुन रही है, न कर्मचारियों की, न युवाओं की। हर ओर नाराजगी है, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हर वर्ग परेशान है। कर्मचारी हड़तालों पर हैं, ठेकेदार भुगतान के लिए दर-दर भटक रहे हैं, बेरोजगार नौकरियों की राह देख रहे हैं, और उद्योगपति नीतिगत अस्थिरता से त्रस्त हैं। इन सबके बीच सरकार सिर्फ अपनी 'मित्र मंडली' की तिजोरियां भरने में व्यस्त है। राजेंद्र राणा ने चेताया कि अगर सरकार ने जनता के मुद्दों की अनदेखी बंद नहीं की, तो जनता आने वाले समय में जवाब देना जानती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार हिमाचल को विकास नहीं, बल्कि विनाश की दिशा में ले जा रही है। उन्होंने मांग की कि बघाट बैंक और कांगड़ा बैंक दोनों मामलों में उच्च-स्तरीय जांच करवाई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किस तरह करोड़ों के ऋण माफ कर सत्ता से जुड़े लोग लाभान्वित हुए हैं।

**बर्थडे** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर का धूमधाम से मनाया जन्मदिन, हुए कई कार्यक्रम

# अनुराग ठाकुर के जन्मदिन पर गांधी चौक पर उमड़ी भारी भीड़

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर के जन्मदिन पर यहां गांधी चौक पर भारी भीड़ उमड़ी। उत्साह से ओतप्रोत यह कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान के नेतृत्व में आयोजित सांस्कृतिक महिला संगीत कार्यक्रम के साथ शुरू हुआ।

महिला कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ इस अवसर का जश्न मनाया और पूरा गांधी चौक लोकगीतों और पारंपरिक हिमाचली धुनों से गूंज उठा। पूर्व विधायक उर्मिल ठाकुर, प्रदेश भाजपा सचिव वंदना योगी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमारी ठाकुर एवं सुमन चौहान, हमीरपुर महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन कपिल तथा जिला एवं मंडल महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने भी बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। बड़सर के पूर्व विधायक बलदेव शर्मा भी समारोह में शामिल हुए और उपस्थित लोगों की सांस्कृतिक भावना की सराहना की।



पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर के जन्मदिन पर केक काटते कार्यकर्ता।

अनुराग के वोकल फॉर लोकल अभियान और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने पर भाजपा की सोच के अनुरूप, हमीरपुर जिले के कई स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) ने स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद और जैविक उत्पाद—को प्रदर्शित और बेचने के लिए स्टॉल लगाए थे।

इन स्टॉलों ने न केवल आगंतुकों को आकर्षित किया, बल्कि स्थानीय महिला उद्यमियों की शक्ति और रचनात्मकता को भी प्रदर्शित किया, जिससे आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को एक व्यावहारिक आयाम मिला। इस अवसर पर सांसद स्वास्थ्य मोबाइल सेवा द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें 100 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई। इसके साथ ही रक्तदान शिविर भी लगाया गया जिसमें 108 लोगों ने रक्तदान के लिए आवेदन किया, लेकिन ब्लड बैंक में स्टोरेज क्षमता के अनुरूप केवल 51 लोगों का ही रक्त एकत्रित किया गया। समारोह में जिले भर के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जो अनुराग ठाकुर को हार्दिक शुभकामनाएं देने के लिए गांधी चौक पर एकत्रित हुए। यह भव्य कार्यक्रम जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया और हमीरपुर में पार्टी की मजबूत संगठनात्मक एकता और उत्साह को दर्शाता है। पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, विजय अग्निहोत्री और उर्मिल ठाकुर शामिल थीं। इसके अलावा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला महासचिव अजय रिंटू एवं राजेश सहगल, जिला उपाध्यक्ष चमन ठाकुर, राजकुमारी ठाकुर और संजीव शर्मा, जिला सचिव सुरेंद्र मिन्हास, जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बनयाल, जिला आईटी सह-संयोजक अश्वनी गांधी, आईटी जिला संयोजक अभिषेक दत्त, और सोशल मीडिया सह-संयोजक रजित भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से मंडल अध्यक्ष भी शामिल हुए, जिनमें अभयवीर लवली (समीरपुर), संजीव कुमार शर्मा (बड़सर), यशवीर पटियाल (धटवाल), विक्रम राणा (बमसन), जसबीर सिंह (सुजानपुर), श्रीपाल शर्मा (हमीरपुर शहरी), और जसवीर (हमीरपुर ग्रामीण) शामिल थे। एपीएमसी के पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा, नवीन शर्मा, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष कपिल मोहन और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक भी उपस्थित थे, जिससे यह अवसर जीवंत और यादगार बन गया। समारोह का समापन गांधी चौक में नारों और शुभकामनाओं के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने एक बार फिर हमीरपुर के लोगों के अपने लोकप्रिय सांसद के प्रति अपार स्नेह और सम्मान को दर्शाया। जन्मदिन पर जिले में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा और समर्पण कार्यक्रम के तहत फल वितरण व कंबल वितरण किया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर फलों का वितरण किया तथा अनुराग सिंह ठाकुर के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की।

## अवाहदेवी बाजार में मिला पर्स पुलिस ने लौटाया

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज पुलिस ने गश्त के दौरान अपनी ईमानदारी और सजगता का परिचय देते हुए एक खोया हुआ पर्स उसके असल मालिक को सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को अवाहदेवी बाजार में एक पर्स मिला, जिसमें 2050 नकद, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, आर्मी पहचान पत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे।पुलिस द्वारा पर्स के स्वामी की पहचान जसवंत सिंह पुत्र डण्डु राम, निवासी गांव व डाकघर अवाहदेवी, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर के रूप में की गई। आवश्यक पुष्टि के बाद पुलिस ने पर्स को जसवंत सिंह को सही-सलामत हालत में लौटा दिया। थाना भोरंज के एसएचओ प्रशांत ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गश्त के दौरान मिला पर्स सत्यापन उपरांत उसके असल मालिक को सौंप दिया गया है। पुलिस हमेशा नागरिकों की सहायता और उनकी संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्पर रहती है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण के केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने मंत्री बीएल वर्मा का हिमाचली परंपरा के अनुसार टोपी और शॉल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला के लोअर बाजार का नाम बदलने पर विवाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में ऐतिहासिक लोअर बाजार का नाम बदलने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बिना नगर निगम की अनुमति के इस बाजार का नाम लोअर माल शिमला कर दिया गया है। शहर के सीटीओ और शेर-ए-पंजाब क्षेत्र में नए साइन बोर्ड लगाए जाने से स्थानीय प्रशासन और व्यापारियों के बीच असमंजस की स्थिति बन गई है। नगर निगम ने इस एकतरफा कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताते हुए लोक निर्माण विभाग से 48 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। निगम का कहना है कि शहर में कोई भी साइन बोर्ड केवल आयुक्त की अनुमति से ही लगाया जा सकता है। नगर निगम ने साफ किया है कि उसे इस नाम परिवर्तन की कोई पूर्व जानकारी नहीं दी गई थी। वहीं लोक निर्माण विभाग ने इस कार्य से अपना पल्ला झाड़ लिया है। इस पूरे मामले ने प्रशासनिक विवाद का रूप ले लिया है। लोअर बाजार शिमला का प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र है और इस बदलाव से लोगों और कारोबारियों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। अब निगम की ओर से मांगे गए जवाब के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### मुंडु स्कूल की छात्राएं राज्य स्तरीय स्पर्धा में छाईं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मंडी के कनैड में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय मुंडु की सात छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा हिमानी ने कुश्ती में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में कुश्ती और जूडो में भाग लेने वाली छात्राओं में दिव्या, नेहा, ईशा, स्मृति, काजल, हिमानी तथा कब्बड्डी में यक्ष शामिल थे। इन सभी खिलाड़ियों का चयन दत्तनगर में हुई जिला स्तरीय अंडर-14 प्रतियोगिता के आधार पर किया गया था। शारीरिक शिक्षक अमर सिंह ने बताया कि हिमानी अब कुश्ती और कब्बड्डी में भी राज्य स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करेगी। मुख्याध्यापक ईश्वर दत्त शर्मा ने सभी छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हिमाचल विवि के आउटसोर्स कर्मियों पर संकट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के प्रदेश पूर्व अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी और कर्मचारियों के साथ अन्याय का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, जिसने पहले कैबिनेट में एक लाख और कार्यकाल में पांच लाख नौकरियों का वादा किया था, अब कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही है। कश्यप ने बताया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के 182 आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं 30 सितंबर को समाप्त कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन नई भर्ती प्रक्रिया शुरू कर रहा है, लेकिन पुराने कर्मचारियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही। कई कर्मचारी 8-12 वर्षों से सेवाएं दे रहे थे। कश्यप ने विश्वविद्यालय से मांग की कि यह निर्णय वापस लिया जाए और कर्मचारियों को पुनः बहाल किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन नए नियुक्तियों के माध्यम से अपने राजनीतिक मित्रों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। सांसद कश्यप ने डीए में हेरफेर का भी आरोप लगाया। कश्यप ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार की न तो नीति न ही मंशा कर्मचारियों के हित में है।

### हिमाचल सरकार लेगी 200 करोड़ का कर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार एक बार फिर ऋण लेने जा रही है। राज्य के वित्त विभाग ने शुक्रवार को 200 करोड़ रुपए का नया कर्ज लेने संबंधी अधिसूचना राजपत्र में जारी कर दी है। यह राशि 29 अक्टूबर को राज्य सरकार के खाते में आने की उम्मीद है। सरकार ने हाल ही में प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की थी। अप्रैल से सितंबर 2025 तक का एरियर दिवाली से पहले जारी कर दिया गया है। वहीं, नवंबर माह में मिलने वाले अक्टूबर के वेतन में यह तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता जोड़कर दिया जाएगा। वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार, वेतन और भत्तों की इस अतिरिक्त वित्तीय जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए ऋण लेना आवश्यक हो गया है।

### शिक्षा मंत्री 26 को जुब्बल के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 26 अक्टूबर को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि रोहित ठाकुर प्रातः 10:30 बजे ठाकुर राम लाल स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में राज्य स्तरीय अंडर-14 गर्ल्स माइनर गेम 2025 प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और जनता की शिकायतें सुनेंगे। वहीं लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 26 से 28 अक्टूबर तक शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे।

# जुब्बल-नावर कोटखाई में विकास की रफ्तार तेज, सड़क, शिक्षा और पेयजल पर नए कदम

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया नंदपुर में दो नए भवनों का लोकार्पण

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



नंदपुर पंचायत में पारंपरिक तलवार लहराते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**शिमला।** जुब्बल-नावर कोटखाई क्षेत्र में विकास की रफ्तार इन दिनों तेज हो चली है। सड़क से लेकर शिक्षा और पेयजल से लेकर बिजली तक, हर क्षेत्र में नए कामों की गूंज सुनाई दे रही है। शुक्रवार को नंदपुर पंचायत में दो नए भवनों का लोकार्पण हुआ और कई नई घोषणाएं भी हुईं।

नंदपुर पंचायत में 33 लाख से बना पंचायत भवन और बदियार में 22 लाख रुपए की लागत से तैयार सामुदायिक भवन शुक्रवार को जनता को समर्पित किए गए। इन भवनों के उद्घाटन के साथ लोगों में उत्साह का माहौल रहा।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि नंदपुर पंचायत के मलोग-पानसरी-बदियार सड़क निर्माण को नाबार्ड के माध्यम से 7.50 करोड़ रुपए के वित्तपोषण के लिए भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर कोटखाई क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत और बागवानी के क्षेत्र में ठोस विकास हो रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में संपर्क सुविधाएं बेहतर बन रही हैं और बागवानी उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में भी अब सुविधा मिलेगी। रोहित ने बताया कि डकैड़ गांव में 17 करोड़ रुपए की लागत से शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण शुरू हो रहा है। यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देगा। इसके साथ ही कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति मिलना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे 55 करोड़

**जुब्बल** मंडल के अंतर्गत विद्युत व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए 55 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा रही है। इस कार्य से गांव-गांव में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि पब्बर नदी से उठाऊ पेयजल योजना पर 38 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुनिश्चित होगी। योजना का काम इस वित्त वर्ष के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, हिमफेड निदेशक भीम सिंह झौटा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोतीलाल सिथटा, पंचायत प्रधान सुमन ठाकुर, बीडीसी सदस्य समीला जीकटा, बीडीओ करण ठाकुर, एसएचओ चेतन चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य खाद्य आयोग ने किया आंगबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

# धार चांदना सर्किल के दस आंगनबाड़ी केंद्र पाए गए बंद

### बच्चों के लिए परोसे गए चावल में मिले घुन और कीड़े, दूषित खाद्य वितरण पर रोक के आदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



बच्चों के लिए परोसे जाने वाले चावल में घुन और कीड़ों का मिश्रण।

हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग की टीम ने नियमित निरीक्षण के दौरान उपमंडल कुपवी के धार चांदना सर्कल में गंभीर अनियमितताएं उजागर की हैं। आयोग की जांच में यह पाया गया कि क्षेत्र के दस आंगनबाड़ी केंद्र बंद पड़े हुए थे। बाद में कार्यकर्ताओं को बुलाकर केंद्रों को खोला गया और निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बच्चों को परोसे जाने वाले चावल में घुन और कीड़े लगे हुए थे। आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल ने इस लापरवाही को अत्यंत गंभीर मानते हुए दूषित खाद्य सामग्री के वितरण पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

इन आंगनबाड़ी केंद्रों में गांवखर, धार-एक, धार-दो, शरद, बेथाड़ी, डाक, बवात, ओरन, मुशाड़ी और मझगांव शामिल हैं। राज्य खाद्य आयोग ने सीडीपीओ चौपाल को मामले की विस्तृत जांच कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के पोषण से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जुब्बल-कोटखाई नावर में 9 कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं चेतन बरागटा के साथ।

जुब्बल-कोटखाई के नावर क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा जब खारला पंचायत के बूथ अध्यक्ष दलवान भमराट सहित नौ कार्यकर्ताओं दलवान भमराट, नवीन कालटा, अरुण, सचिन, संजीव कालटा, रजत चोपड़ा, उदय चंद, मुन्ना गाजटा गांव फरोग और नीटु गाजटा ग्राम खलावन ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने इन सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया और उन्हें भगवा पटका पहनाकर सम्मानित किया।

ये सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी की जन-कल्याणकारी नीतियों और विकास के प्रति समर्पित दृष्टिकोण से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं।

बरागटा ने कहा कि भाजपा एक जन-आंदोलन से बनी पार्टी है और कार्यकर्ता ही उसकी असली ताकत हैं। उन्होंने नव-प्रवेशी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे भाजपा की नीतियों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र में भाजपा संगठन को और मजबूत किया जाएगा ताकि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से हो सके।

## पंचायतीराज चुनाव का रोस्टर जारी करने का शनिवार अंतिम दिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के रोस्टर जारी करने की शनिवार को अंतिम तिथि है। राज्य सरकार ने सभी उपायुक्तों को 25 अक्टूबर तक रोस्टर जारी करने के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक किसी भी जिले में रोस्टर जारी नहीं हुआ है। पंचायतों में मतदाता सूची का अद्यतन कार्य पूरा हो चुका है और अब मतदाताओं से आपत्तियां व सुझाव मांगे जा रहे हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में पंचायत चुनाव तय समय पर ही होंगे। हालांकि, राज्य फिलहाल आपदा से हुए भारी नुकसान की भरपाई में जुटा है। कई ग्रामीण क्षेत्र अब भी सड़क संपर्क से कटे हैं और सरकारी कर्मचारी राहत कार्यों में लगे हुए हैं। स्थिति सामान्य होने के बाद ही चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# दिल्ली में धूमधाम से मनाया अनुराग ठाकुर का जन्मदिन

अनंत ज्ञान, शिमला



अनुराग ठाकुर को उनके जन्मदिन पर बधाई देते पार्टी कार्यकर्ता।

पूर्व केंद्रीय मंत्री, हमीरपुर सांसद और हिमाचल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिन पर उनके दिल्ली आवास पर सैकड़ों समर्थक, पार्टी कार्यकर्ता, पत्रकार और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समर्थकों ने जन्मदिन के अवसर पर केक काटा, गीत गाए और पारंपरिक अंदाज में शुभकामनाएं दीं। हिमाचल प्रदेश से आए कई लोगों ने भी अनुराग का अभिनंदन किया।

हिमाचल प्रदेश में भी कई विधानसभाओं में उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर, हेल्थ चेकअप कैंप, कंबल और फल वितरण कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं और मंदिरों में पूजा-अर्चना आयोजित की गई। इन आयोजनों के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने अनुराग के दीर्घायु जीवन की कामना की।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोह को दिया जाएगा भव्य रूप



श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोह को शिमला में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर एक और 2 नवंबर को ऐतिहासिक रिज मैदान और पदमदेव परिसर में विशेष कार्यक्रम होंगे। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस आयोजन को बड़े स्तर पर करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि आयोजन स्थल पर सफाई व्यवस्था, पेयजल और निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ मंच की सुंदर सजावट सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम को रिज और ऐतिहासिक इमारतों को रोशनी से सजाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगंतुकों के ठहरने और परिवहन की सुविधा के भी पूरे प्रबंध किए जाएंगे ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि समारोह के दौरान सुरक्षा, यातायात और पार्किंग की समुचित योजना तैयार की गई है। बैठक में नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र कुमार अत्री, एडीएम पंकज शर्मा, एसी देवी चंद ठाकुर और सिंह सभा शिमला के अध्यक्ष जसविंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पेंशनर वेलफेयर संघ की बैठक में डिजिटल सुरक्षा का दिया संदेश

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पेंशनर वेलफेयर संघ खंड रामपुर एवं सीटी यूनिट रामपुर की त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को हेल्पेज इंडिया के सौजन्य से सीटी यूनिट रामपुर के अध्यक्ष ज्ञान बलैई की अध्यक्षता में यहां संपन्न हुई। संघ के प्रेस सचिव विजय राठौर ने बताया कि बैठक में वृद्धजनों को डिजिटल सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें मजबूत पासवर्ड, ऑनलाइन बैंकिंग में सतर्कता, उपयोगिता बिलों का सुरक्षित भुगतान, डिवाइस सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी की पहचान और व्हाट्सऐप व कैब बुकिंग के दौरान सुरक्षा उपायों पर जानकारी दी गई।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम के साथ किया गया। इस अवसर पर रामपुर सीटी प्रभारी हरदयाल सिंह और खंड प्रभारी रमीत सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पेंशनरों से आपसी एकता बनाए रखने और अपने अधिकारों की मांगें संगठित रूप से जारी रखने का आह्वान किया। बैठक में एरियर भुगतान, 16 प्रतिशत लंबित डीए को एकमुश्त जारी करने तथा पांच वर्षों से लंबित मेडिकल बिलों के निस्तारण की मांग उठाई गई। कार्यक्रम में कुल 126 पेंशनरों ने भाग लिया। प्रमुख उपस्थितियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपू राम, सयामू राम, मदन बुशहरी, जगदेव शर्मा, शकुंतला देवी, शक्ति देवी, सैंजराम तथा ब्लॉक के सभी 14 जोनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वित्तीय सहायता बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा: नंदलाल



बचत भवन शिमला में जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नंद लाल।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राज्य सातवां वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक रामपुर नंद लाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को बचत भवन शिमला में जिला कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। नंद लाल ने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से पात्र लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे और जिन योजनाओं में बजट की कमी है, उनके लिए सरकार से अनुरोध भेजा जाए।

उन्होंने कहा कि अनुवर्ती कार्यक्रम के तहत सिलाई मशीन के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता 1800 रुपए बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा, ताकि महिलाओं को अधिक लाभ मिल सके। साथ ही परिवार की वार्षिक आय सीमा को 50 हजार रुपये से बढ़ाने का सुझाव भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए योजनाओं को धरातल पर अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने विभागों से कहा कि योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दें और पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक लाभ सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि जिले में चल रही स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना, कंप्यूटर एप्लीकेशन दक्षता योजना, अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, कुष्ठ रोगी पुनर्वास भत्ता तथा ट्रांसजेंडर पेंशन जैसी योजनाओं से हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

## पीरन मेले में साधु का स्वांग बना आकर्षण, नाटियों पर थिरके युवा



भैयादूज मेले पर पहाड़ी कलाकार रोशनी शर्मा अपनी प्रस्तुति देती हुई।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जुन्गा तहसील के पीरन में भैयादूज के अवसर पर आयोजित पारंपरिक मेला रंगारंग करियाला मंचन के साथ संपन्न हुआ। बिजेश्वर लोक नाट्य करियाला कला मंच के कलाकारों ने साधु का स्वांग प्रस्तुत कर दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया, जबकि रोशनी शर्मा ने 'रोइयो रातड़ी काटी नेहरी' जैसे लोकप्रिय गीतों से युवाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। बीनू गंधर्व, प्रेमलता ठाकुर और रक्षा द्वारा प्रस्तुत दीप नृत्य ने कार्यक्रम में विशेष रंग भरे।

मेले के दिन देवता कवाली और जुन्गा की शोभायात्रा निकाली गई जो ढोल-नगाड़ों और शहनाई की मधुर धुनों पर ठौड़ मंदिर तक पहुंची। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के शिवरंजनी सांस्कृतिक दल ने भी लोक नाटियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। मेला समिति के प्रधान अतर सिंह ठाकुर ने बताया कि यह मेला देवता जुन्गा, कवाली और विजयेश्वरी माता ठौड़ के नाम पर हर वर्ष भैयादूज के दिन मनाया जाता है।

## पर्यटन

## एचपीटीडीसी के होटलों में 50 फीसदी बुकिंग, पड़ोसी राज्यों से बढ़ी भीड़

# वीकेंड पर हिल्स क्वीन में लगी सैलानियों की रौनक

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



वीकेंड पर सैलानियों की भीड़ से गुलजार हुआ शिमला।

**शिमला।** पहाड़ों की रानी शिमला वीकेंड पर सैलानियों से सराबोर हो उठी है। जैसे ही सुबह की धूप रिज और माल रोड की छतों पर उतरी, वैसी ही हल्की ठंड के बीच दिल्ली, पंजाब और चंडीगढ़ से आए पर्यटकों ने शहर की फिजा में नई रौनक घोल दी। छुट्टियों के इस मौसम में हर गली-कूचे से कैमरों की क्लिक और हंसी की गूंज सुनाई दे रही है। हिल क्वीन की सड़कों पर ट्रैफिक भले बढ़ गया हो, लेकिन हर चेहरे पर पहाड़ों की ठंडक और सुकून साफ झलक रहा है।

जानकारी के अनुसार इस वीकेंड पर एचपीटीडीसी के होटलों में 50 फीसदी ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई है। मैदानी इलाकों में स्कूलों की अल्प छुट्टियों के चलते बड़ी संख्या में परिवार शिमला पहुंचे हैं। कालका-शिमला रेल लाइन पर सभी ट्रेनें खचाखच भरी रहीं। दोनों तरफ से करीब 2200 यात्रियों ने सफर किया। इस बढ़ती आवाजाही से होटल, रेस्टोरेंट और स्थानीय दुकानदारों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई है।

हाल ही में हुई बर्फबारी ने सैलानियों के कदम और तेज कर दिए हैं। रोहतांग, अटल टनल, सिस्सू, जलोड़ी दर्रा और किन्नौर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फ के दीदार के लिए पर्यटकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। मनाली, धर्मशाला, चायल, नारकंडा और कुफरी में भी सैलानियों का तांता लगा है। हालांकि धर्मशाला-मैक्लोडगंज क्षेत्र में टूटी सड़कों के कारण यात्रियों को कुछ परेशानी जरूर झेलनी पड़ रही है, लेकिन

### लौट आया उम्मीदों का मौसम

**हिल्स** क्वीन शिमला की ठंडी हवाओं के साथ इस बार उम्मीदों का मौसम भी लौट आया है। गर्मियों की भीड़ के बाद अक्तूबर के अंतिम हफ्ते में फिर से सैलानियों की आवाजाही से पर्यटन कारोबार में नई जान फूंक दी है। स्थानीय लोगों को भरोसा है कि यह सीजन लंबे समय तक चलेगा और पहाड़ों की रानी एक बार फिर अपनी पूरी शान में खिल उठेगी।

बर्फ की चमक और पहाड़ों की हवा सब गम भुला देती है। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बाद सभी प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। इस वीकेंड पर शिमला, कुफरी और मशोबरा जैसे स्थानों पर बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे हैं। स्थानीय पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यह रौनक और बढ़ेगी और नवंबर माह तक होटल पूरे पैक हो जाएंगे।

## राजनीति में व्यक्तिगत टिप्पणी करना अनुचित: विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को कार्टून बताने वाली टिप्पणी पर हिमाचल की सियासत गरमा गई है। भाजपा विधायक सुधीर शर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसे राजनीतिक मर्यादा से परे बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को मुद्दों पर सरकार की आलोचना करनी चाहिए, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी करना अनुचित है। मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, पर जब आलोचना व्यक्तिगत स्तर पर उतर जाए तो यह राजनीति के स्तर को गिरा देती है। उन्होंने भाजपा नेताओं से संयमित भाषा अपनाने की अपील की।

विक्रमादित्य ने भाजपा सांसद कंगना रनौत पर बिना नाम लिए तंज कसा और कहा कि प्रदेश में कुछ नेता बेलगाम हो चुके हैं। एक मोहतरमा कभी भी कुछ भी कह देती हैं, जो इस देवभूमि की परंपराओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल संस्कृति और मर्यादा का प्रदेश है, जहां व्यक्तिगत कटाक्ष की कोई जगह नहीं है। ऐसे बयान प्रदेश की राजनीति की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं और जनसेवा के मूल उद्देश्य से ध्यान भटकाते हैं। ठियोग क्षेत्र में सड़कों की मेटलिंग की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद उन्होंने तुरंत जांच के आदेश जारी किए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के बाद स्थानीय लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को मौके पर जाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के चलते सड़कों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन जहां भी कार्य में लापरवाही पाई जाएगी, वहां जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

# आरएस बाली ने 27 करोड़ के पार्किंग व शॉपिंग परिसर का किया भूमि पूजन

## कहा–नगरोटा बगवां को पर्यटन और व्यापारिक दृष्टि से मिलेगी नई पहचान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं स्थानीय विधायक आरएस बाली ने आज नगरोटा बगवां के मां नारदा शारदा मंदिर के समीप लगभग 27 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली पार्किंग एवं शॉपिंग परिसर के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया।


आरएस बाली नगरोटा बगवां में पार्किंग एवं शॉपिंग परिसर का भूमि पूजन करते हुए।

उन्होंने कहा कि इस शॉपिंग परिसर में दो बड़े सिनेमा हॉल, पार्किंग, शोरूम जैसी सुविधाएं होंगी और हिमाचल प्रदेश का यह सबसे पहला सरकारी शॉपिंग मॉल होगा। उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां को पर्यटन एवं व्यापारिक दृष्टि से नई पहचान मिल रही है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के निर्माण से नगरोटा बगवां बाजार में पार्किंग की समस्या समाप्त होगी तथा स्थानीय युवाओं को स्व–रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार आम जनमानस को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर आरएस बाली ने लोगों की विभिन्न समस्याओं को भी सुना और अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया। शेष समस्याओं पर त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी किए।

### रढ चौक में वीर हैप्पी चौधरी द्वार का शुभारंभ

**इसके** उपरांत आरएस बाली ने नगरोटा बगवां के रढ चौक में निर्मित वीर हैप्पी चौधरी द्वार का विधिवत शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का सम्मान करना हमारा सर्वोच्च दायित्व है। शहीद हैप्पी चौधरी जैसे वीरों के त्याग को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत को याद रखना और उनके परिवारों का सम्मान करना हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। यह द्वार न केवल शहीद हैप्पी चौधरी के बलिदान की याद दिलाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

## रोटरी क्लब ने टीबी मुक्त भारत अभियान में बढ़ाया योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर टीबीमुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. विवेक करोल ने की, जबकि संचालन जिलास्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने किया। जिला कांगड़ा के रोटरी क्लबों के रोटेरियनों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यशाला के दौरान टीबीमुक्त भारत अभियान और निक्षय मित्र योजना की जिला में चल रही गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. करोल ने कहा कि रोटरी क्लब के रोटेरियनज ने टीबी और पल्स पोलियो अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अब वे तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 और टीबीमुक्त भारत अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। निक्षय मित्र बनकर टीबी से प्रभावित लोगों को साइको–सोशल समर्थन देना और उन्हें रोग से लड़ने के लिए सशक्त बनाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। रोटेरियनज ने स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों को आगे बढ़ाने और प्रदेश को टीबीमुक्त और तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया।

# बदेहड़ पंचायत भवन निर्माण में खर्च होगी 1.14 करोड़ की धनराशि: आशीष बुटेल

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत बदेहड़ में नए पंचायत भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे जिसकी टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वे शुक्रवार को ग्राम पंचायत बदेहड़ की हरिजन बस्ती में लगभग 4 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे।


विधायक आशीष बुटेल को सम्मानित करते महापौर गोपाल नाग व अन्य।

विधायक ने कहा कि इस सामुदायिक भवन के निर्माण से श्री साई महिला मंडल सहित स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र पालमपुर के प्रत्येक घर तक सड़क, बिजली और पेयजल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्य निरंतर गतिशील है। उन्होंने विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि नाबार्ड योजना के तहत लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से पट्टी–बदेहड़–गोरठ सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस सडक़ के निर्माण से विशेषकर गोरठ और आसपास के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी। विधायक ने पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमि दान करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंचायत में 25 लाख रुपए की लागत से पशु औषधालय का निर्माण भी प्रगति पर है।

स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक ने सामुदायिक भवन परिसर में डंगा निर्माण, मीटिंग हॉल और रविदास मंदिर निर्माण के लिए चरणबद्ध तरीके से आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत आशीष बुटेल ने नगर निगम पालमपुर परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना

**4 लाख से निर्मित सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण**

(शहरी) 2.0 के अंतर्गत 76 लाभार्थियों को घर निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र वितरित किए। यह लाभार्थी योजना के तहत 2 लाख 50 हजार की संविदा सहायता प्राप्त करेंगे।

इस दौरान महापौर नगर निगम गोपाल नाग, उप महापौर राजकुमार, पार्षदगण, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम विकास शर्मा, बदेहड़ पंचायत प्रधान बलवंत सिंह, उप प्रधान अनुवर शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सार्थक सूद, जल शक्ति विभाग के नितेश, राजेश सूद, गुलशन शर्मा, मीरा देवी सहित कई मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के सदर पुलिस थाना में गर्ल्स स्कूल की छात्राओं के लिए कानूनी पढ़ाई की पाठशाला आयोजित की गई। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्रा पाठशाला धर्मशाला की छात्राओं ने पुलिस वेलफेयर वीक के तहत अपने कक्षा शिक्षकों के साथ पुलिस थाना धर्मशाला का दौरा किया। छात्रों को पुलिस की कार्यप्रणाली, साईबर अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और यातायात नियमों, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, साइबर सुरक्षा, छेड़छाड़ और सडक़ सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर एसएचओ धर्मशाला की ओर से छात्राओं को विभिन्न विषय के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण से छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने और बेहतर समन्वय बनाने में मदद मिली।

### बच्चों ने पुलिस स्टेशन बैजनाथ का किया दौरा



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बिनवा पब्लिक स्कूल बैजनाथ के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को पुलिस स्टेशन बैजनाथ का दौरा किया और पुलिस की कार्य प्रणाली की जानकारी ली। इस मौके पर थाना प्रभारी यदेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली, शिकायत और मामला दर्ज करने की जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के निदेशक सात्विक शर्मा भी मौजूद रहे।

### एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू




**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** देओल स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने किया। यह शिवर 30 अक्टूबर तक चलेगा । इस शिविर में 16 लड़कियां और 12 लडक़ों सहित कुल 28 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान स्वयंसेवी विद्यालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों का सौंदर्यकरण तथा जल स्रोतों कि सफाई करेंगे। साथ ही गांव में विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को मिटने हेतु जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकों ने बच्चों का मार्गदर्शन किया उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी अजय पाल (प्रवक्ता केमिस्ट्री) तथा सरला ठाकुर (प्रवक्ता कामर्स) ने दी।

### वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद ने शांता कुमार से की भेंट



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को परिवार सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने जनवरी माह में शुरू होने वाले शारदीय माघ नवरात्रों में माता स्वस्थानी धाम रक्कड़ में आने का न्योता भी दिया।

## प्रदेश युवा महोत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने 13 से 15 अक्तूबर तक राजकीय महाविद्यालय नाहन में आयोजित प्रदेश युवा महोत्सव ग्रुप प्रथम में भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में गुलशन और कोलाज मेकिंग में हेमंत किशोर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने विजेता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत और लगन की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रोफेसर कल्पना ऋषि, डॉ. अनीता सरोच, डॉ. अनुराधा, प्रोफेसर सुनीता कटोच, प्रोफेसर मनीष शर्मा, डॉ. निशा चंदेल और प्रोफेसर आरती डोहु उपस्थित रहे। इसके बाद 16 अक्तूबर को शाहपुर कॉलेज में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिखनु प्रतियोगिता में हेमंत किशोर के प्रथम स्थान और लुकरी प्रतियोगिता में सोनाक्षी और नीलम के द्वितीय स्थान से सफलता प्राप्त की। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने सांस्कृतिक समिति को बधाई दी और सभी विजेताओं को भविष्य में इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मां बगलामुखी में हवन कर सांसद की दीर्घायु और सफलता की कामना

## देहरा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के जन्मदिवस पर धूम


भाजपा कार्यकर्ता मां बगलामुखी में सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर दीर्घायु और सफलता की कामना करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के लोकप्रिय सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर देहरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे क्षेत्र में सेवा और संस्कार से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश मीडिया सह संयोजक संजीव शर्मा ने बताया कि देहरा भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां बगलामुखी धाम में हवन आयोजित किया, जिसमें सांसद अनुराग ठाकुर की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर सफलता की कामना की गई। मां बगलामुखी के दरबार में आहुतियां समर्पित करते हुए कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र, समाज और संगठन की समृद्धि का भी संकल्प लिया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ सुकृत सागर ने बताया कि पूरे देहरा में अनुराग ठाकुर के जन्मोत्सव को भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूम धाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान देहरा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में पौधारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, तथा खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांसद अनुराग ठाकुर के जन्मदिवस को कार्यकर्ताओं ने जनसेवा दिवस के रूप में मनाते हुए कहा कि वे उनके नेतृत्व में निरंतर समाजहित और विकास के कार्यों में जुटे रहेंगे। बगलामुखी में हवन के दौरान जिला उपाध्यक्ष व पूर्व मंडल अध्यक्ष निर्मल जसवाल, भाजपा जिला प्रवक्ता राहुल डोगरा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एचपीसीए व जिला क्रिकेट संघ ने मनाया पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग का जन्मदिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोक सभा क्षेत्र के सांसद व हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर का जन्मदिन एचपीसीए व जिला क्रिकेट संघ ने अलग अलग स्थानों पर विभिन्न गतिविधियों के द्वारा मनाया और क्रिकेट व खेलों के प्रति उनका लगाव युवाओं के साथ साझा किया। युवा वर्ग को नशों से दूर रहने का संकल्प करवाया और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। एचपीसीए के निदेशक संजय शर्मा व संयुक्त सचिव विशाल शर्मा एवं अन्य सदस्यों के साथ धर्मशाला स्थित श्री सत्य साई शैक्षणिक प्रतिष्ठान में बच्चों को कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया और बच्चों ने जन्मदिवस के अवसर पर साई बाबा के भजन गाकर समां बांधा। धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भी अनुराग ठाकुर के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया गया है। क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों व स्टाफ़ ने केक काटकर जन्मदिन मनाया । कांगड़ा क्रिकेट मैदान में जिला कि विभिन्न एकेडमी के बच्चों ने संघ के पदाधिकारियों के साथ केक काट कर जन्मदिन मनाया और अनुराग ठाकुर के क्रिकेट के प्रति योगदान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



एचपीसीए व जिला क्रिकेट संघ ने सांसद अनुराग ठाकुर का जन्मदिन मनाया।

# एक लाख की तांबे की तारों को चोरी करने वाले 4 आरोपी किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस थाना धर्मशाला की टीम ने एक लाख से अधिक कीमत की तांबे की तारों की चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई तारों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में शामिल चार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के धर्मशाला डिविजन के एक्सईएन विकास ठाकुर द्वारा पुलिस थाना धर्मशाला में बुधवार को बिजली बोर्ड धर्मशाला की ओर से हाल ही में खनियारा, कंड, चीलगाड़ी, रक्कड़ व झियोल में नए कांपेक्ट सबस्टेशन में तांबे की तारें चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। धर्मशाला में अलग–अलग बिजली सब–स्टेशनों से तांबा चोरी के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसमें पुलिस की ओर से एक आरोपी देश राज निवासी मंदल तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा उम्र 63 साल को नोटिस दिया गया। इससे पहले गुरूवार को चार आरोपियों जिनमें प्रियांशु गुलेरिया निवासी

**चोरी की तांबे की तार भी बरामद, 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे आरोपी**

बनवाला (गदंब) डाकघर चैतड़ू तहसील धर्मशाला आयु 25 साल, शुभम शर्मा निवासी सराह तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा उम्र 30 साल, अंकुश थापा निवासी सिद्धबाड़ी तहसील धर्मशाला उम्र 26 साल और सुदेन पठानिया निवासी टिक्का चटेहड़ योल कैंट तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा उम्र 23 साल को हिरसत में लिया गया। उक्त आरोपियों को न्यायालय धर्मशाला में न्यायधीश के सामने पेश किया गया और कोर्ट ने सभी चारों आरोपियों को 27 अक्तूबर तक पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। जांच के दौरान उक्त आरोपियों की पहचान पर चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी हुए सामान को भी रिकवर कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## भवन निर्माण कार्य में आपदा सुरक्षा को प्राथमिकता देने का किया आह्वान

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ संबद्ध सरस्वती कला मंच के कलाकारों ने ग्राम पंचायत कलुण्ड और झिकली डाढ में नुक्कड़ नाटक एवं गीत–संगीत प्रस्तुत कर लोगों को आपदा न्यूनीकरण के प्रति जागरूक किया। कलाकारों ने नाटकों के माध्यम से संदेश दिया कि भवन निर्माण हो या कोई भी निर्माण कार्य, सभी कार्य आपदा सुरक्षा को ध्यान में रखकर किए जाने चाहिए ताकि भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं से जान–माल की हानि से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कलाकारों ने यह भी बताया कि ऐसे भवनों का निर्माण किया जाना चाहिए जो आपदा के समय सुरक्षित रहें और संभावित नुकसान को न्यून करने में सक्षम हों। उन्होंने लोगों से अपने आस–पास के खतरों की पहचान करने और उनके प्रभाव को कम करने के लिए सतर्क एवं जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर कलाकारों ने समर्थ–2025 अभियान को आपदा जागरूकता की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को एक आपातकालीन किट तैयार रखनी चाहिए, जिसमें सूखा भोजन, दवाएं, टॉर्च, पीने का पानी जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल हों, ताकि आपदा की स्थिति में न्यूनतम तैयारी बनी रहे।

## संजय चौहान ने सुलह विस क्षेत्र में विकास की समीक्षा की

# अधिकारियों को दिए जनता की समस्याओं को हल करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, डरोह**

प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने सभी विभागों के आला अधिकारियों से समीक्षा बैठक की, जिसमें सुलह विधानसभा में हो रहे विकास के ऊपर वार्ता की। संजय सिंह चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग के द्वारा सुलह विस में किए गए विकास की रिपोर्ट मांगी तथा अभी तक और पूर्व में कितना विकास हुआ उसके ऊपर तुलनात्मक चर्चा की।


सुलह विधानसभा में विकास की समीक्षा करते संजय चौहान।

संजय सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह संतोषजनक बात है कि जब से प्रदेश में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार आई है प्रदेश के साथ–साथ सुलह में भी विकास हुआ है। चाहे सड़क मार्ग हो, स्वास्थ्य सेवाएं या जल आपूर्ति सेवाएं हों, हर क्षेत्र में चौमुखा विकास हुआ है और सबसे संतोषजनक बात यह है कि जनता इस विकास से खुश है। चौहान ने कहा विकास की गति को बनाए रखने के लिए वह स्वयं बूथ स्तरीय बैठकें कर रहे हैं और जनता की समस्याओं को सुन उनका निवारण कर रहे हैं। उनका मानना है कि भारी बारिश के कारण हुए भयंकर नुकसान को जितना जल्दी सुलह विस झेलकर अपने पैरों पर खड़ी हो गई है कोई भी क्षेत्र इतना जल्दी पुनर्विस्थापित नहीं हो पाया।

चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दे दिए गए हैं कि जनता की समस्याओं को सुलझाना हर अधिकारी का परम कर्तव्य है, इसलिए उनके कार्यालय से कोई भी व्यक्ति निराश नहीं जाना चाहिए। यदि कोई ऐसी समस्या है जिसका हल करने में उनका विभाग असमर्थ है, वह चौहान से मामला सांझा कर सकते हैं। ताकि हर एक की समस्या हल की जा सके।

# नगरोटा सूरियां से लंज सड़क की हालत जर्जर

## गड्ढों और धूल–मिट्टी से दैनिक आवागमन जोखिम भरा, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां**

नगरोटा सूरियां बस स्टैंड से लेकर लंज की ओर आने–जाने वाले मुख्य मार्ग की हालत लगातार खराब होती जा रही है। नगरोटा सूरियां से लेकर बासा स्पेल, पीर बिंदली तक की निर्माणाधीन सडक़ जगह–जगह से उखड़ चुकी है, बड़े–बड़े गड्ढे खुले पड़े हैं, जिससे दैनिक आवागमन जोखिम भरा बन गया है। प्रतिदिन कामकाज के लिए जाने वाले कर्मचारी, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी, रोगियों और आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालांकि इस सडक़ के निर्माण कार्य की शुरुआत को काफी समय बीत चुका है, मगर अभी भी कई हिस्सों में कोई सुधार दिखाई नहीं देता। निर्माण के लिए उखाड़ी सड़क से उठने वाली धूल आसपास के घरों में भर रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी समस्याएं बढ़ने लगी हैं।



वाहन चालक दिनभर जान हथेली पर रखकर सफर करने को मजबूर हैं। राहगीरों का कहना है कि यह मार्ग अब एक्सीडेंटल ज़ोन बन चुका है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जब कोई मंत्री या बड़ा नेता आता है, तो स्थानीय जनप्रतिनिधि भी अपने प्रिय नेता से मुस्कुराते हुए सेल्फी तो ले लेते हैं और सोशल मीडिया पर चमकते नजर आते हैं, लेकिन जनता की इस गहरी समस्या को उठाने की हिम्मत किसी में नहीं दिखती। सिर्फ़ तस्वीरों में विकास दिखाना आसान है, जमीन पर जिम्मेदारी निभाना

**स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण में सुधार और जल्द पूरा होने की मांग की**

कठिन। जनता की मांग है कि प्रशासन और विभाग जल्द से जल्द निर्माण को पूर्ण करवाए, ताकि जीवन और संपत्ति को बढ़ते खतरे से बचाया जा सके। लोगों का कहना है कि अब वादों से नहीं, केवल काम से ही भरोसा बचेगा।

**अनदेखी** कांगड़ा–चंबा जिले में बरसात से 5 हजार किलोमीटर सड़कें हुई थी क्षतिग्रस्त

# 19 सड़क मार्ग अभी तक नहीं हुए बहाल

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** प्रदेश के दो जिलों में 19 सड़क मार्ग अभी तक बहाल नहीं हो पाए हैं, जबकि बरसात थमे काफी समय बीत चुका है। ऐसे में संबंधित क्षेत्रों के लोगों को 5 से 10 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है। यह सडक़ मार्ग गांवों को जोड़ने वाले हैं और इनमें से कई वैकल्पिक मार्ग हैं। हालांकि लोक निर्माण विभाग प्रयासरत है कि इन सड़कों को जल्द बहाल किया जाए, इसको लेकर विभागीय स्टाफ को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।



> **जिला** कांगड़ा और चंबा में बरसात से बंद सभी मुख्य मार्गों को रिस्टोर कर दिया है, जबकि जो 19 सड़क मार्ग अभी नहीं खुल पाए हैं, वो दुर्गम क्षेत्रों में हैं। यह ऐसे सड़क मार्ग हैं जो कि गांवों को जोड़ते हैं, साथ ही इन सड़कों पर आश्रित लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी हैं, जहां लोगों को 5 से 10 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। हमारा प्रयास है कि इन 19 मार्गों को भी जल्द खोल दिया जाए।
>
> 
>
> **-विकास सूद, चीफ इंजीनियर, लोक निर्माण विभाग जोन कांगड़ा-चंबा**

गौरतलब है कि बरसात में प्रदेश भर में काफी नुकसान हुआ था, ऐसे में जिला कांगड़ा और चंबा में काफी सड़कें क्षतिग्रस्त हुई। इनमें से मुख्य सड़क मार्गों को तो लोक निर्माण विभाग रिस्टोर कर चुका है, जबकि 19 सड़क मार्ग अभी तक रिस्टोर नहीं हो पाए हैं। जिसका मुख्य कारण है कि यह 19 सड़क मार्ग जिला कांगड़ा और चंबा के दुर्गम क्षेत्रों में हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार बरसात में लोक निर्माण विभाग को बरसात में कांगड़ा और चंबा में 700 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जिसकी रिपोर्ट तैयार करके प्रदेश सरकार को भेजी जा चुकी है।

लोक निर्माण विभाग के कांगड़ा–चंबा जोन में 9 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें हैं, जिनमें से 5 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें बरसात से क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिनमें से विभाग ने काफी सड़कों को दुरुस्त कर दिया है। अभी भी 19 सड़कें ऐसी हैं, जिन्हें अभी नहीं खोला जा सका है, यह ऐसी सड़कें हैं, जो कि या तो बैठ गई हैं या फिर उन्हें भारी क्षति पहुंची हैं। इन सड़कों को खोलने के लिए रिटेनिंग वॉल सहित अन्य कार्य चल रहे हैं। बरसात में बंद हुई सड़कों को रिस्टोर करने के लिए 127 के लगभग मशीनों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें सरकारी व निजी जेसीबी व टिप्पर शामिल थे।

## उत्कृष्ट योगदान करने वालों को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा के मटौर में आयोजित जिला स्तरीय समर्थ मेला–2025 में मुख्यातिथि एडीएम शिल्पी बेक्टा ने कांगड़ा जिला में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं राहत कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी–कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एसडीआरएफ, होम गार्ड्स एवं फायर सर्विसेज, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा मित्र टीमों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए। समर्थ अभियान के तहत आपदा–रोधी निर्माण एवं भवन मॉडल प्रदर्शनी वाद–विवाद प्रश्नोत्तरी पोस्टर–निर्माण एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि एडीएम शिल्पी बेक्टा ने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की सक्रिय भागीदारी तथा विभिन्न एजेंसियों के उत्कृष्ट समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि समर्थ मेला जिला–स्तर पर आपदा प्रबंधन, शिक्षा संस्थानों और समुदाय के बीच एक सशक्त समन्वय का उदाहरण है।

# डीआईएफएफ: 800 में से 88 फिल्मों का चयन

## चयनित फिल्मों में 40 महिला निर्माताओं ने की निर्मित, ऑस्कर नामांकित होमबाउंड से होगा आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (डीआईएफएफ) के 30 अक्तूबर से शुरू हो रहे 14वें संस्करण के लिए 800 फिल्मों से से 88 फिल्मों का चयन किया गया है। चयनित 88 फिल्मों में 40 फिल्में महिला निर्माताओं द्वारा बनाई गई हैं। डीआईएफएफ का आगाज आस्कर नामांकित नीरज घेवान द्वारा निर्देशिक होमबाउंड फिल्म से होगी।

फेस्टिवल के लिए पहले सरकार की ओर से मदद मिलती थी, जबकि कोविड के बाद से मदद नहीं मिल पा रही है, जबकि जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद की जा रही है। डीआईएफएफ के निदेशक रितु सरीन और तेंजिंग सोनम ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल की शुरूआती फिल्म होमबाउंड महत्वाकांक्षाओं, वफादारी और ग्रामीण भारत की जटिलताओं की मार्मिक कहानी पेश करती है। पिछले साल की सफल साझेदारियों को देखते हुए डीआईएफएफ ने इस साल भी सिडनी फिल्म महोत्सव के साथ साझेदारी की है। इतना ही नहीं, इस साल डीआईएफएफ में दो चर्चित ऑस्ट्रेलियाई फिल्में और उनके फिल्मकार भी शिरकत करेंगे। इस बार एम्मा ह्यूग हॉब्स और लीला वर्गीस द्वारा निर्देशित समलिंगी परिवेश में रची-बसी साइंस-फिक्शन फिल्म लेस्बियन स्पेस प्रिंसेस को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा, ग्रेबियाल बैंडी द्वारा बनाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म द वोल्व्स ऑलवेज कम ऐट नाइट भी यहां दिखाई जाएगी जो मंगोलिया में विस्थापन और अस्तित्व की लड़ाई की कहानी को बयां करती है। इस साझेदारी से न सिर्फ भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध और मजबूत होंगे बल्कि इससे सरहदों से परे कला के आदान-प्रदान में डीआईएफएफ की अहम भूमिका और गहरी दिलचस्पी भी रेखांकित होती है।

इस अवसर पर एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से फेस्टिवल आयोजन को लेकर हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के साथ पहले ही बैठक की जा चुकी है।



### प्रसिद्ध फिल्मकार किरण राव भी आएंगी

**डीआईएफएफ** में जानी-मानी फिल्मकार किरण राव अपने सिनेमाई सफर, इंडिपेंडेंट सिनेमा की बदलती तस्वीर और बोल्ड व अर्थपूर्ण किस्म की कहानियों को पेश करने को लेकर अपनी बात रखेंगी। इसके अलावा, जाने-माने अभिनेता आदिल हुसैन के साथ एक मास्टर क्लास का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें वे विविध सांस्कृतिक परिदृश्य में प्रामाणिक तरह से विभिन्न तरह के चरित्रों को निभाने को लेकर चर्चा करेंगे। महान रूसी निर्देशक आंद्रे तारकोवस्की के बेटे आंद्रे ए तारकोवस्की भी अपने पिता की सिनेमाई विरासत पर चर्चा करने के लिए यहां विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

**कोविड के बाद सरकार से नहीं मिल रही मदद**

# पौंग विस्थापितों के पुनर्वास की लड़ाई को नई ताकत

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पौंग बांध विस्थापितों की अधूरी पुनर्वास यात्रा और किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर किसान सभा रियासत डाडा सीबा ने शुक्रवार को सियूल खड्ड में विशाल बैठक आयोजित कर निर्णायक मोर्चा खोल दिया। बैठक में प्रदेश और क्षेत्र स्तर के किसान नेताओं ने हिस्सा लिया और किसानों की भूमि, आजीविका और पुनर्वास से जुड़ी जमीनी समस्याओं को लेकर सरकारों के सामने नई रणनीति तैयार करने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता किसान सभा रियासत डाडा सीवा के अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया ने की। हिमाचल प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंनवर मुख्य अतिथि रहे, जबकि पूर्व विधायक ठियोग और प्रदेश महासचिव राकेश सिंगा विशेष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। किसानों ने इस बैठक में पौंग बांध विस्थापितों के समुचित पुनर्वास, भूमि उपलब्ध कराना और आजीविका से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए सरकार के सामने ठोस मांगों और रणनीति पेश की। बैठक में यह तय किया गया कि आवश्यकतानुसार किसानों के हित में समानांतर आंदोलन और अभियान चलाए जाएंगे। इस मौके पर किसान सभा के पदाधिकारी और सदस्य जैसे ठाकुर कश्मीर सिंह, सतपाल, शकुनी कपूर, सुरजीत राणा, वीरेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार मोनू और सुरेंद्र जसरोटिया उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अब किसानों की आवाज़ को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और सरकार को तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे।

**सियूल खड्ड में किसान नेताओं ने खोला निर्णायक मोर्चा**

# 10 ग्राम चिट्टे सहित एक दबोचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने जालंधर के युवक को दस ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय शुभम शर्मा निवासी मकान नंबर बी2-365/2 गांधी कैंप जालंधर-1, जिला जालन्धर पंजाब के रूप में हुई है। जिस पर उक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना कांगड़ा में अभियोग संख्या 179/25 के तहत धारा 21,25 एनडीपीएस एक्ट दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

उपरोक्त अभियोग में आगामी पुलिस कार्रवाई नियमानुसार प्रगति पर है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी काफी समय से नशे के अवैध धंधे में सक्रिय था तथा लगातार पुलिस के निशाने पर था। वीरवार को जब आरोपी चिट्टा/हैरोइन की खेप लेकर बाहरी राज्य से बेचने के उद्देश्य से रानीताल से कांगड़ा की ओर जाने वाली सडक़ नजदीक चतरा (तकीपुर) के पास जानकारी के अनुसार कांगड़ा पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर स्विफ्ट कार नंबर पीबी-08एफएस-0826 में मौजूद था तो पुलिस की विशेष टीम ने तत्परता से नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी द्वारा कार के डैशवोर्ड में छिपाकर रखे 10 ग्राम चिट्टे को बरामद करते हुए आरोपी को धर दबोचा। साथ ही कार को भी कब्जे में ले लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### विदेशों में नौकरी के इच्छुक समय से बनवाएं अपना पासपोर्ट : अक्षय कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला अक्षय कुमार ने बताया कि विदेशों में नौकरी करने के इच्छुक आवेदकों की सुविधा हेतु श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग व हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम शिमला के द्वारा मिल-जुल कर युवाओं को विदेशों में नौकरी देने हेतु साक्षात्कारों के आयोजन समय-समय पर किए जा रहे हैं तथा उन्होंने आवेदकों को यह सुझाव भी दिया है कि विदेशों में नौकरी पाने हेतु सबसे पहली जरूरत पासपोर्ट की होती है। परंतु यह देखने में आ रहा है कि आवेदकों के पास वैध पासपोर्ट न होने के कारण वे, इन मौकों से वंचित रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में नौकरी पाने के इच्छुक आवेदक अपना पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज तैयार रखें ताकि साक्षात्कार में भाग ले कर वे अपना विदेश में नौकरी करने का सपना पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि अभी तक यह साक्षात्कार संयुक्त अरब अमीरात में नौकरी हेतु किये जा रहे हैं।

### अमन कौशल को प्रदेश विकलांगता कल्याण बोर्ड का गैर सरकारी सदस्य किया नियुक्त

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अमन कौशल को प्रदेश विकलांगता कल्याण बोर्ड का गैर सरकारी सदस्य नियुक्त किया गया है। अमन कौशल जिला कांगड़ा के बैजनाथ के विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले हैं। अमन कौशल ने अपनी इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्थानीय विधायक किशोरी लाल कांग्रेसी युवा नेता एवं देहरा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रविंदर बिट्टू का आभार व्यक्त किया है। अमन ने कहा कि आज प्रदेश तथा केंद्र सरकार द्वारा समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत विकलांग लोगों के लिए कई प्रकार की जनहित की योजनाएं चलाई है। कुछ विशेष करणो के चलते उनका लाभ कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे कुछ लोगों को नहीं मिल पाता है या उन्हें इसके बारे में पता ही नहीं चलता है। उनका यह उद्देश्य रहेगा कि इन जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ पात्र व्यक्तियों तक अवश्य पहुंच सके।



### रणजीत कुमार, प्रताप चंद को बनाया सदस्य

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर में कबीर पंथी समाज सुधार सभा हिमाचल प्रदेश का गठन करने के बाद कार्यकारणी का विस्तार किया गया गया। जिसमें पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रणजीत कुमार, प्रताप चंद सेवानिवृत्त बीपीईओ, रमेश मांगी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ठेकेदार, लेखराज पूर्व प्रधान मौलीचक, डॉ. धनीराम पालमपुरी कबीर सभा मुख्य सलाहकार को कबीरपंथी समाज सुधार सभा के कल्याण बोर्ड द्वारा सदस्य चुना गया। चुने गए सभी सदस्यों ने कबीर पंथी समाज सुधार सभा के गठन में सहयोग देने के लिए पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल का धन्यवाद किया।

### स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक तंबाकू : सीएमओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वास्थ्य विभाग धर्मशाला द्वारा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभागार में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अभियान एवम टीबीमुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल ने की। इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान एवं तंबाकू मुक्त युवा अभियान को सफल बनाने में योगदान देने के प्रति उच्चशिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिबद्धता जताई। जिला टीबी अधिकारी डॉ. आरके सूद ने बताया कि कार्यशाला में जिला कांगड़ा के 35 शिक्षण संस्थानों से रेड रिबन क्लबों से जुड़े 105 प्रतिभागियों ( छात्रों व नोडल अधिकारियो) ने भाग लिया। सीएमओ डॉ विवेक करोल ने कहा कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए किसी भी रूप में नुकसानदायक है। डॉ करोल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जिला के शिक्षण सन्तानों को तंबाकू मुक्त संस्थान बनाने के लिए प्रयासरत है।




# अंतर महाविद्यालयीय शूटिंग स्पर्धा में पालमपुर कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन



शूटिंग प्रतियोगिता में पालमपुर महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 पदक जीते।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय, सीमा (रोहडू) में 14 से 16 अक्टूबर, 2025 तक हुई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय शूटिंग प्रतियोगिता में शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 पदक (1 व्यक्तिगत, 3 टीम व 1 ओवरऑल) जीते और महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

कृष राणा ने व्यक्तिगत पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक, जबकि आयुष कुमार, वीरेंद्र सिंह और सूर्यांश पाटियाल ने पुरुष राइफल टीम में स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला राइफल टीम कशिश कटोच, अर्पिता, पारस और पुरुष पिस्टल टीम कृष राणा, आयुष कुमार तथा अमन ने कांस्य पदक हासिल किए किए। टीम की अगुवाई कंटिंजेंट इंचार्ज डॉ. मयंक राणा ने की, जबकि शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. खुशीराम भगत ने खिलाडियों की तैयारी और अनुशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस सफलता में खेल समिति की संयोजिका लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा का सहयोग भी सराहनीय रहा। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विजेता खिलाड़ियों, टीम प्रभारी एवं सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

# मैक्लोडगंज में चुगलाखंग बौद्ध मार्ग पर दो घंटे लगा जाम, पर्यटक रहे परेशान

## बिना अनुमति बड़े वाहनों की आमद बनी परेशानी, ट्रैफिक पुलिस की कमी से बिगड़ी यातायात व्यवस्था

**राज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में इन दिनों पर्यटकों व स्थानीय लोगों को जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण बड़े वाहनों का बिना अनुमति मैक्लोडगंज का रुख करना है। यही वजह है कि शुक्रवार सुबह मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मार्ग पर वाहन चालकों, पर्यटकों व स्थानीय लोगों को करीब दो घंटे तक जाम का सामना करना पड़ा। सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर जाम लगा था, जो कि 12 बजकर 45 मिनट तक यथावत रहा। पुलिस टीम को यातायात सुचारु करने में खूब मशक्कत करनी पड़ी।

सूत्रों के अनुसार मैक्लोडगंज पुलिस के पास ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में स्टाफ की कमी आड़े आ रही है, शुक्रवार सुबह भी कुछ ऐसा ही हुआ, ट्रैफिक पुलिस की कमी के चलते जाम की स्थिति पैदा हुई, जिसकी वजह से जनता को परेशानी झेलनी पड़ी।

गौरतलब है कि धर्मगुरु दलाईलामा इन दिनों मैक्लोडगंज में हैं, जिनसे मिलने देश-विदेश के बौद्ध अनुयायी, बौद्ध भिक्षु धर्मगुरु के दर्शनों को आते हैं, जिन्हें शुक्रवार को जाम के कारण खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मैक्लोडगंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्टाफ की कमी के चलते यातायात व्यवस्था बनाए रखने में दिक्कतें पेश आ रही हैं, इस संबंध में आला अधिकारियों को अवगत करवाया गया है।

उधर, व्यापार मंडल मैक्लोडगंज के अध्यक्ष नरेंद्र पठानिया का कहना है कि खराब सडक़ का हवाला देते हुए मैक्लोडगंज के लिए बसों का संचालन नहीं किया जा रहा है, जबकि बड़े वाहन बेरोकटोक मैक्लोडगंज पहुंच रहे हैं, जिनकी वजह से जाम की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को मैक्लोडगंज आने वाले बड़े वाहनों की समयसारिणी तय करनी चाहिए, जिससे कि जाम की स्थिति से बचा जा सके।



मैक्लोडगंज में चुगलाखंग बौद्ध मार्ग पर लगे जाम से वाहन चालक व पर्यटक परेशान रहे।

**व्यापार मंडल की मांग, बड़े वाहनों का समय हो निर्धारित**

# कलाकारों ने प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों की दी जानकारी



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सम्बद्ध कांगड़ा लोक कला मंच, सकोह के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आज ग्राम पंचायत इंदौरा तथा काठगढ़ में आपदा प्रबंधन विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत-संगीत और नाटक के माध्यम से भूकंप, बाढ़, सूखा, जंगल में आग जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य में कुछ वर्षों से बरसात के मौसम में भूस्खलन और बाढ़ से जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है, इसलिए गृह निर्माण के समय भू-संरचना और स्थायित्व का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कलाकारों ने लोगों को सलाह दी कि मकान हमेशा सुरक्षित और स्थिर भू-भाग पर ही बनाए जाएं, ढलान वाले क्षेत्रों में निर्माण से पूर्व तकनीकी विशेषज्ञों की राय अवश्य ली जाए तथा नालों और नदी किनारे निर्माण कार्यों से परहेज किया जाए।

कलाकारों ने यह संदेश भी दिया गया कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता बरतना और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करना ही सुरक्षा का सबसे प्रभावी तरीका है। इस मौके पर ग्राम पंचायत इंदौरा के प्रधान भूपाल कटोच,उपप्रधान सुभाष कटोच, काठगढ़ पंचायत प्रधान जगमोहन सिंह,उपप्रधान चेतन सिंह सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# हल्दरा में एकदिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट कल

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** हर साल की तरह इस बार भी उपमंडल भवारना के अंतर्गत गांव हल्दरा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला के मैदान में यूएम एंटरप्राइजेज जालंधर के सौजन्य से मौल घाटी युवक मंडल पंचायत सांबा द्वारा चौथा स्वर्गीय नरेश कुमार मेमोरियल एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन 26 अक्तूबर को करवाया जा रहा है। युवक मंडल मौल घाटी के सचिव गौरव गुलेरिया ने कहा कि इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्वर्गीय नरेश कुमार के बड़े भाई राजिंद्र कुमार होंगे, जो कि सेना से सेवानिवृत्त हैं। इस टूर्नामेंट में रैफरी की भूमिका राजीव लगवाल व ब्रिजेन्द्र सिंह निभाएंगे। खिलाड़ियों को बता दें कि रैफरी द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम माना जाएगा। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 15000 रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 7100 रुपए व ट्रॉफी एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 2100 रुपए व ट्रॉफी इनाम के रूप में दिए जाएंगे। इसके साथ-साथ विजेता खिलाडियों को व्यक्तिगत स्मृति चिन्ह भी दिए जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कमेटी द्वारा प्रवेश शुल्क 700 रुपए रखा गया है। खिलाड़ी 26 तारीख को सुबह 10 बजे से पहले एंट्री जमा करवा सकते हैं। इस टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे, अन्य नहीं।

# शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



गगलू गांव में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ सप्ताहभर चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** धर्म, भक्ति और आस्था के सुरों से गूंज उठा गांव गगलू खप्परनाला, जहां शुक्रवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ सप्ताहभर चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। समस्त गांववासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस आयोजन में श्रद्धा और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीतों और भजन कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली। पूरा गांव जय श्री हरि के जयकारों से गूंज उठा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी भक्त महिलाएं जब कलश लेकर मंदिर प्रांगण से कथा स्थल तक पहुंचीं, तो वातावरण पूरी तरह भक्ति रस में डूब गया। इस पावन कथा का वाचन जिला कांगड़ा के ग्राम पाईसा के परम श्रद्धेय आचार्य भवानी शंकर द्वारा किया जा रहा है, जो अपने ओजस्वी व भावपूर्ण प्रवचनों के लिए प्रसिद्ध हैं। आचार्य जी ने कथा के प्रथम दिवस में श्रीमद्भागवत महात्म्य, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति तत्व, तथा आत्मदेव, धुंधुकारी और गोकर्ण जन्म कथा का अत्यंत प्रेरणादायक वर्णन किया। गांव के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने एकजुट होकर इस आयोजन की सफलता के लिए तन-मन-धन से योगदान दिया है। कथा प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगी, जबकि सायं समय भजन संध्या और आरती से पूरा क्षेत्र गूंज उठेगा। 30 अक्तूबर को पूर्णाहुति के साथ यह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा संपन्न होगी।

# लॉरेट ग्लोबल स्कूल कथोग के अक्षज व डोयल अंडर-14 राज्यस्तरीय चेस प्रतियोगिता में चयनित



लॉरेट ग्लोबल स्कूल कथोग के बच्चों को जिलास्तरीय चेस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

लॉरेट स्कूल के अक्षज आरुष बडियाल ने जीएसएस सलियाणा में आयोजित जिला लेवल चेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल को गौरवान्वित किया दोनों ही बच्चों ने जिला लेवल चेस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया व अक्षज का चयन स्टेट लेवल में हुआ। वही स्कूल की गर्ल्स टीम ने भी अंडर-14 शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर डिस्ट्रिक्ट लेवल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पर स्कूल की छात्रा डोयल का चयन स्टेट लेवल के लिए हुआ। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक डॉक्टर रण सिंह कैंपस डायरेक्टर डॉक्टर एमएस आशाबत व स्कूल प्रिंसिपल डॉक्टर अंकिता शर्मा ने बच्चों को अभिभावकों को बधाई दी है।

# श्री सत्य साई यूनिटी की रन एंड राइड कल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** श्री सत्य साई सेवा संगठन हिमाचल प्रदेश एवं फिट इंडिया मूवमेंट के संयुक्त तत्वावधान में श्री सत्य साई यूनिटी रन एंड राइड का आयोजन 26 अक्तूबर 2025 (रविवार) को प्रगति मैदान, पालमपुर में प्रात: 9 बजे किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं नागरिकों में एकता, स्वास्थ्य एवं सेवा भावना को प्रोत्साहित करना है। जानकारी देते हुए साई यूनिटी रन एंड राइड के प्रभारी सुनील देव ने बताया कि दौड़ और साइक्लिंग में 15 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और महिलाएं भाग ले सकते हैं। इसका नि:शुल्क पंजीकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसमें 3 से 5 किलोमीटर की मैराथन आयोजित की जायेगी तथा रेस किट का वितरण 25 अक्तूबर को प्रात: 11 बजे से सायं 6 बजे होली कला मंच कैप्टन विक्रम बत्रा स्टेडियम पालमपुर में किया जायेगा। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस आयोजन के माध्यम से श्री सत्य साई सेवा संगठन का लक्ष्य है कि समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन, एकता और सेवा की भावना को सशक्त बनाया जाए व फिट इंडिया अभियान को गति दी जाए।

**रामलीला** साई (आलमपुर) में जय महावीर युवा क्लब के 13 दिवसीय कार्यक्रम का समापन

# श्रीराम राज्याभिषेक के साथ गूंजा पूरा परिसर

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

आलमपुर क्षेत्र के साई गांव में जय महावीर युवा क्लब की ओर से आयोजित 13 दिवसीय रामलीला का समापन वीरवार रात रावण वध और श्रीराम राज्याभिषेक के साथ बड़े ही धार्मिक और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। रावण वध के साथ ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्ति भाव से भर गया।

गांव साई में लगातार तेरह दिनों तक मंचित की गई इस रामलीला में कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान श्रीराम की भूमिका राजीव शर्मा ने निभाई, जबकि सुखदेव मैहरा ने लक्ष्मण, ऋतिक राणा ने सीता, प्रवीन राणा ने रावण, और प्रिंस ने हनुमान की भूमिका में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक दृश्य के साथ दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। रामलीला के दौरान राम वनवास, सीता हरण, हनुमान लंका दहन, मेघनाद वध, और अंत में रावण वध जैसे प्रसंगों का मंचन किया गया। इन दृश्यों के माध्यम से कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन आदर्शों और धर्म की विजय का संदेश दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्लब के पदाधिकारियों और स्थानीय युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस मौके पर राजेश राणा, अरुण राणा, विनोद राणा, संजीव राणा, संतोष शर्मा, कुलदीप खरवाल, सुभाष खरवाल, प्रदीप राणा, अनीष शर्मा, बांकी, आशीष मेहरा, शुभम शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने रामलीला के सफल आयोजन की सराहना की। रामलीला के आरंभ में स्टेज डायरेक्टर कुलदीप राणा (बबलू) के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई।

आयोजकों ने कहा कि बबलू राणा इस क्लब के प्रेरणास्रोत थे और उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर जिला हमीरपुर के बडा रामलीला क्लब में राम व सीता की भूमिका निभाने वाले कलाकारों ने विशेष अतिथि के तौर पर राजतिलक के दौरान शिरकत की। जय महावीर युवा क्लब के सदस्यों ने कहा कि रामलीला जैसे सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल युवाओं में संस्कारों का विकास होता है बल्कि समाज में एकता और भक्ति की भावना भी प्रबल होती है।



**कलाकारों ने शानदार अभिनय से जीता दर्शकों का दिल**

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग ठाकुर के जन्मदिवस पर बांटे फल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर आज बिलासपुर में भक्ति, सेवा और जनकल्याण की भावना के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर फल वितरण तथा महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्थानीय कार्यकर्ताओं और युवाओं ने अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर फलों का वितरण किया। इस दौरान उपस्थित जनों ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इसी क्रम में शिव मंदिर लुहणु में श्रद्धा और भक्ति के साथ महामृत्युंजय पाठ एवं यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान शिव से अनुराग ठाकुर के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सफल जीवन की कामना की गई। महामृत्युंजय मंत्रों की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा और आयोजन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने अपने विकास कार्यों, युवाओं के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना से न केवल हिमाचल बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है।

### एम्स बिलासपुर में विष विज्ञान सम्मेलन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के मेडिसिन, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी और फॉरेंसिक मेडिसिन विभागों ने भारतीय नैदानिक विष विज्ञान सोसायटी (आईएससीटी) के तत्वावधान में पांचवें राष्ट्रीय विष विज्ञान सम्मेलन (इनटॉक्स 2025) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) दलजीत सिंह एवीएसएम, वीएसएम (सेनि) मुख्यातिथि रहे। यह कार्यक्रम डॉ. नरेंद्र नाथ जेना के नेतृत्व में आयोजित किया गया है। सम्मेलन के पहले दिन विष विज्ञान से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इनमें विषहरण (डीकंटामिनेशन), विष विज्ञान में ईसीजी और आर्टेरियल ब्लड गैस (एबीजी) की भूमिका, एनाफिलैक्सिस और प्रयोगशाला विष विज्ञान पर सत्र शामिल रहे। इसके अलावा, उत्तर भारत में पहली बार जहर (ओपिओइड, कीटनाशक, सांप के काटने) के मामलों के प्रबंधन पर एक सिमुलेशन वर्कशॉप भी आयोजित की गई, जिसने प्रतिभागियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। यह सम्मेलन विष विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम शोध और प्रथाओं पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है।

### सरगल चौक पर बाइक और कार में टक्कर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे ने स्थानीय लोगों को हिलाकर रख दिया। बरठीं क्षेत्र के सरगल चौक पर करीब 6 बजे एक बाइक और कार के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। यह पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जो हादसे की भयावहता को दर्शाती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय सड़क पर हल्का ट्रैफिक होने के बावजूद कार और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार व्यक्ति सड़क पर गिर गया। हादसे में बाइक सवार को चोटें आई हैं।

### बेरोजगार प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की बैठक 27 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ग्रामीण बेरोजगार प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की आपातकालीन बैठक 27 अक्तूबर को बिलासपुर शहर के डियारा सैक्टर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रांगण में सुबह 10 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष हीरा पाल चौहान करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 4 नवंबर को माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली में विचाराधीन गुरिल्लाओं के केस की सुनवाई तथा सुनवाई से पहले अपनी त्रुटियों को दूर करने पर चर्चा करना है। संगठन के सचिव श्याम सिंह नेवार ने बताया कि इसके साथ ही कई अन्य पहलुओं पर भी बहुत ही गहनता और गंभीरता के साथ आपस में विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने जिला के सभी ग्रामीण बेरोजगार प्रशिक्षित गुरिल्लों से आह्वान किया कि वे निर्धारित तिथि को सुबह ठीक 10 बजे बैठक स्थल पर पहुंच जाएं। उन्होंने कहा कि सभी साथी यह ध्यान रखें कि यह बैठक एक आम बैठक न होकर एक महत्वपूर्ण बैठक है। अतः संबंधित सभी साथीजन अपनी अन्य व्यस्तताओं को दरकिनार कर अपने इस बैठक में अवश्य आएं व सूची में अपने-अपने नाम की जांच भी इस बैठक में कर लें। भविष्य में किसी भी त्रुटि के लिए संगठन कतई जिम्मेवार नहीं होगा।

# बिलासपुर में चिट्टे पर कड़ा प्रहार, युवाओं ने थामा नशा मुक्ति का झंडा

## जिलेभर की सड़कों, स्कूलों और पंचायतों में गूंज रही एक ही आवाज 'नशे से चाहिए आजादी'

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला अब खामोश नहीं रहा। कभी शांत समझे जाने वाले इस पहाड़ी जिले में अब युवाओं का गुस्सा और संकल्प दोनों उभर आए हैं। घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा और संस्कार सोसायटी जैसी संस्थाओं ने नशे के खिलाफ जो दीप जलाया था, अब वह आंदोलन की लौ बन चुका है। यहां की सड़कों, स्कूलों और पंचायतों में एक ही आवाज गूंज रही है 'नशे से चाहिए आजादी।' हर कोई नशे के खिलाफ लड़ने को तैयार दिख रहा है।

### युवा बोले- अब डरेंगे नहीं नशे के खिलाफ लड़ेंगे लड़ाई

**घुमारवीं** के युवा आकाश ठाकुर कहते हैं, 'हमारे दोस्तों को नशे ने निगल लिया, अब हम चुप नहीं रहेंगे। जब तक बिलासपुर से चिट्टा खत्म नहीं होता, यह आंदोलन नहीं रुकेगा। कॉलेजों में नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया पर 'नो ड्रग्स यस लाइफ' ट्रेंड और पंचायतों में शपथ कार्यक्रमों ने इस मुहिम को जनजागरण से जनक्रांति में बदल दिया है।

### पुलिस ही नहीं, जनता की जिम्मेदारी भी जरूरी

**सिर्फ** पुलिस पर निर्भर रहकर यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती। पुलिस के पास कोई ऐसा यंत्र नहीं है कि उसे हर गली, हर सौदे और हर तस्कर का पता चल जाए। अब तक लोग खुद आगे नहीं आएंगे, सूचना नहीं देंगे और अपने आसपास नशे की गतिविधियों के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक चिट्टा का खात्मा पूरी तरह नहीं होगा। यह समाज की भी जिम्मेदारी है कि वह नशा बेचने वालों को पहचानकर प्रशासन तक सूचना पहुंचाए और इस जहर के खिलाफ एकजुटता दिखाए।



### पुलिस ने वलोह नाके पर दो बार पकड़ी नशे की बड़ी खेप

**पुलिस** भी अब पूरी ताकत से मैदान में उतर चुकी है। बीते दिनों वलोह नाके पर पुलिस ने दो अलग-अलग छापों में 518.4 ग्राम तथा 657 ग्राम चिट्टा बरामद किया, जिसने जिलेभर में सनसनी फैला दी। दोनों ही मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और सूत्रों के अनुसार, इनके तार बाहरी राज्यों तक जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि यह कार्रवाई नशा माफिया के नेटवर्क पर अब तक का सबसे बड़ा प्रहार है। हालांकि, पुलिस की कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि इतनी बड़ी खेपें बार-बार जिले में पहुंच कैसे रही हैं? स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त निगरानी और रात्रि नाकों की संख्या बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

# घुमारवीं में 3 करोड़ 60 लाख रुपए से होगा सीवरेज में सुधार

## नगर नियोजन मंत्री धर्माणी ने किया सीवरेज सुधार योजना का शिलान्यास

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को घुमारवीं नगर परिषद के बजोहा वार्ड में 3 करोड़ 60 लाख रुपए की सीवरेज सुधार योजना का शिलान्यास किया। इस योजना के पूर्ण होने पर नगर परिषद में सीवरेज से जुड़ी दीर्घकालीन समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि यह परियोजना निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण हो सके।

इस अवसर पर मंत्री धर्माणी ने 27 लाख रुपए की लागत से निर्मित दो पार्किंगों का विधिवत उद्घाटन भी किया। इन पार्किंगों में लगभग 50 वाहनों के खड़े होने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जिससे नगर के भीतर यातायात दबाव को कम करने और व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पार्किंग निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि व्यय की जा रही है। इनमें सिविल अस्पताल के समीप 2 करोड़ रूपए की लागत से एक बहुमंजिला पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव भी शामिल है। इस परियोजना के पूरा होने पर अस्पताल क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम बनेगी।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल, उपाध्यक्ष श्याम शर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष सतपाल वर्धन, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग जीत सिंह ठाकुर, अधीक्षण अभियंता राहुल दुबे, स्थानीय पार्षदगण और अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



3 करोड़ 60 लाख रुपए की सीवरेज सुधार योजना का शिलान्यास करते मंत्री धर्माणी।

### बजोहा वार्ड में 27 लाख रुपए से निर्मित दो पार्किंगों का किया उद्घाटन

### मैंहरी काथला में हॉल व कमरे का लोकार्पण

**मंत्री** राजेश धर्माणी ने शुक्रवार को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में नाबार्ड योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 91 लाख की लागत से अपग्रेड की गई ढिंगू से सुकड़ी सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने मैंहरी काथला पंचायत में 34 लाख रुपए की लागत से पंचायत भवन के प्रथम तल पर निर्मित हॉल और कमरों का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह भवन पंचायत बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों तथा स्थानीय जनकल्याण से संबंधित गतिविधियों के संचालन में उपयोगी रहेगा। उन्होंने बताया कि पनोल से सुन्हानी सड़क के उन्नयन पर 6 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को भविष्य में और बेहतर परिवहन सुविधा प्राप्त होगी। मंत्री धर्माणी ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हटवाड़ में डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर भी मौजूद रहे।

# बरठीं बाजार में सड़क पर बनाए डिवाइडर बने परेशानी का सबब



प्रशासन से डिवाइडर उठाने की मांग करते बरठीं बाजार के व्यापारी।

अनंत ज्ञान, बरठीं

बरठीं के बीच बाजार में पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान बनाए गए सड़क डिवाइडर अब स्थानीय व्यापारियों और आमजन के लिए भारी परेशानी का सबब बन गए हैं। प्रेस वार्ता में दर्जनों व्यापारियों ने बताया कि सुविधा के नाम पर बनाए गए ये डिवाइडर अब व्यापारिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं तथा आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री के कलोल दौरे के दौरान भी बरठीं व्यापार मंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर डिवाइडर हटाने की मांग की थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने समाधान का आश्वासन भी दिया था। इसके अलावा कांग्रेस नेता विवेक कुमार को भी कई बार इस समस्या से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक न तो शासन और न ही प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई अमल में लाई गई है। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि डिवाइडर के किनारों पर अक्सर आवारा पशु बैठे रहते हैं, जिससे कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। यहां तक कि अब तक दो लोगों की जान भी जा चुकी है। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र डिवाइडर नहीं हटाए गए तो वे संघर्ष का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। प्रेस वार्ता में व्यापार मंडल प्रधान अनिल गौतम, पंचायत उपप्रधान राकेश मेहता, व्यापार मंडल संयोजक राजकुमार कौशल, वरिष्ठ व्यापारी हरदेव डोगरा, सचिव नरेश धीमान, दिनेश कौशल, पंकज खुल्लर, चंद्रशेखर सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

### डिवाइडर हटाने की मांग को लेकर स्थानीय व्यापारी हुए लामबंद

# मुनीर बने फिशरीज फेडरेशन के वाइस चेयरमैन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



जिला मुख्यालय में एसडीम बिलासपुर डॉ. राजदीप सिंह की अध्यक्षता में फिशरीज फेडरेशन के चुनाव हुए। इसमें सर्वसम्मति से फिशरीज फेडरेशन हिमाचल प्रदेश का गठन किया गया। इसमें विजयपाल अध्यक्ष चुने गए, जबकि प्रदेश के फिशरमैन नेता मुनीर अख्तर लाली को फिशरीज फेडरेशन हिमाचल प्रदेश का वाइस चेयरमैन चुना गया।

इसके अलावा कर्म चंद, अजीव कुमार, चेतराम, छोफींराम, नंदलाल, लक्ष्मण दास को डायरेक्टर चुना गया। फिशरीज फेडरेशन के अध्यक्ष विजय पाल एवं वाइस चेयरमैन मुनीर अख्तर लाली ने कहा कि फिशरमैन के हकों के लिए फेडरेशन हमेशा कटिबध रहेगी एवं उन्हें मछली का उचित मूल्य दिलाया जाएगा। प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा मत्स्य से संबंधित योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतरा जाएगा। इस मौके पर मत्स्य विभाग बिलासपुर के एडिशनल डायरेक्टर पंकज एवं को-ऑपरेटिव सोसायटी के सहायक रजिस्ट्रार विशेष रूप से मौजूद रहे।

# राजनीति में अभद्र भाषा का प्रयोग लोकतंत्र के लिए खतरा : हीरा पाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सह संयोजक एवं हरियाणा प्रभारी ठाकुर हीरापाल सिंह ने राजनीति में बढ़ रही अभद्र भाषा पर चिंता जताते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए यह सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक बहस का स्तर गिरना दुर्भाग्यपूर्ण है। हीरापाल सिंह ने कहा कि चाहे कोई बड़ा नेता हो या छोटा, अगर वह सोशल मीडिया पर गलत या अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है, तो सरकार को साइबर सेल के माध्यम से ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आजादी का मतलब यह नहीं है कि किसी को गाली देने, किसी के निजी जीवन में अनाधिकार घुसपैठ करने या आरोप-प्रत्यारोप लगाने की छूट मिल जाए। संविधान किसी को यह आजादी नहीं देता। उन्होंने पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ इस्तेमाल की गई भाषा की निंदा की, लेकिन साथ ही इसके बाद चल रही प्रतिक्रिया को भी गलत बताया।

## हिमाचल की बेटियां अब हर मैदान में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार

# बिलासपुर कॉलेज की चार खिलाड़ी खेलेंगी नॉर्थ जोन इंटर-यूनिवर्सिटी कबड्डी स्पर्धा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर









राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के लिए एक और गौरव का क्षण आया है। महाविद्यालय की महिला कबड्डी टीम की चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों श्रुति, दिया, खुशी और अक्षरा का चयन प्रतिष्ठित नॉर्थ जोन इंटर-यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 27 अक्तूबर तक यूनिवर्सिटी ऑफ लद्दाख में आयोजित की जा रही है, जहां देशभर की नामी यूनिवर्सिटियों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। चारों छात्राएं बिलासपुर कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम से खेलेंगी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने इस उपलब्धि पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि हमारी बेटियां अब न सिर्फ शिक्षा में बल्कि खेल के मैदान में भी बिलासपुर का नाम ऊंचा कर रही हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है और आने वाली छात्राओं के लिए प्रेरणा भी। कॉलेज प्रशासन, एनसीसी और खेल विभाग के शिक्षकों ने भी चारों छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय में छात्राओं की इस उपलब्धि पर उत्साह का माहौल है। साथी खिलाड़ियों और शिक्षकों ने कहा कि यह सफलता उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और टीम भावना का परिणाम है। बिलासपुर कॉलेज ने हाल के वर्षों में खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अब कबड्डी की ये चार बेटियां इस परंपरा को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। इन चारों खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि हिमाचल की बेटियां अब हर मैदान में अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं।

### कैडेट कैप्टन नीलाक्षी को सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल, तनिका ने मॉडलिंग में दिखाई प्रतिभा

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की दो एनसीसी नेवल विंग कैडेट्स ने पूरे हिमाचल का नाम रोशन कर दिया है। कैडेट कैप्टन नीलाक्षी और कैडेट तनिका का चयन प्रतिष्ठित ऑल इंडिया नौ सैनिक कैंप के लिए हुआ, जो हाल ही में आईएनएस शिवाजी, लोनावला (मुंबई) में आयोजित किया गया। कैंप में नीलाक्षी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फायरिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल और सीमैनशिप (सीमानशिप) में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, कैडेट तनिका ने शिप मॉडलिंग प्रतियोगिता में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दोनों कैडेट्स को महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. पीएस कटवाल और एडवाइजरी कमेटी ने सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि पूरे बिलासपुर जिले के लिए प्रेरणा का प्रतीक है। ये दो बेटियां अब अन्य विद्यार्थियों के लिए अनुशासन और समर्पण का जीवंत उदाहरण बन चुकी हैं। प्रो. सुरेश जम्वाल, प्रो. रंजीत कौशल, प्रो. सुरजीत चंदेल, डॉ. रितु शर्मा और डॉ. नम्रता पठानिया सहित कॉलेज के अन्य प्राध्यापक भी मौजूद रहे।

# विनोद ठाकुर और अमन भड़ोल को बनाया महामंत्री

## भाजपा युवा मोर्चा बिलासपुर जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने घोषित की नई कार्यकारिणी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भाजपा युवा मोर्चा बिलासपुर के जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, शीर्ष नेतृत्व, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, विधायकों व प्रत्याशी तथा सभी मंडल अध्यक्षों से चर्चा करने के उपरांत जिला कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों व मंडलाध्यक्षों की नियुक्तियों की घोषणा कर दी है। जिसमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, पांच सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव, मुख्य प्रवक्ता, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी सोशल मीडिया संयोजक, आईटी संयोजक व आठ मंडलाध्यक्षों की तैनाती की गई है। घुमारवीं मंडल से नवीन भारद्वाज, बिलासपुर से सौरभ गौतम, श्री नयनादेवी अप्पर से सोनू कुमार व झंडूता मंडल से नागेंद्र चंदेल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि बिलासपुर मंडल से विनोद ठाकुर व तलाई मंडल से अमन भड़ोल को महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा तलाई मंडल से नीरज कतना, श्री नयनादेवी लोअर मंडल से प्रेम ठाकुर, घुमारवीं से सुभाष चंद व सचिन अग्रिहोत्री तथा सदर मंडल से सतीश शर्मा को सचिव चुना गया है। श्री नयनादेवी अप्पर मंडल से अमन गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सदर से परमिंद्र सिंह को कार्यालय सचिव, सदर से अनुवेश को मुख्य प्रवक्ता, श्री नयना देवी लोअर मंडल से अभिषेक शर्मा को प्रवक्ता, श्री नयना देवी लोअर मंडल से भरत गौतम को मीडिया प्रभारी, भराड़ी मंडल से ऋतिक शर्मा को सह मीडिया प्रभारी, बिलासपुर मंडल से अनिरुद्ध शर्मा को सोशल मीडिया संयोजक, घुमारवीं मंडल से सौरभ को आईटी संयोजक नियुक्त किया गया है।

### ये चुने मंडलाध्यक्ष

**जिलाध्यक्ष** ने बताया कि तलाई मंडल से अजय शर्मा, झंडूता मंडल से हरीश कुमार, घुमारवीं मंडल से अंकुश शर्मा, भराड़ी मंडल से रोहित कुमार, सदर मंडल से अक्षय ठाकुर, बिलासपुर मंडल से साहिल मेहता, श्री नयनादेवी लोअर मंडल से परमजीत ठाकुर व श्री नयनादेवी अप्पर मंडल से रमन ठाकुर को मंडलाध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा है।

### इंसानियत संस्था का रक्तदान शिविर 2 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय इंसानियत संस्था अपना 18वां रक्तदान शिविर 2 नवंबर को शिवन्या सैनिक कैंटीन गांव डाहड में आयोजित कर रही है। संस्था के प्रधान पवन चंदेल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है, जिससे कई जिंदगियां बचाई जा सकें। उन्होंने कहा कि संस्था निरंतर ऐसे सेवा कार्य करती आ रही है और समाज के सभी वर्गों से अपील करती है कि वे आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लें। इंसानियत संस्था सभी समाजसेवियों, युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों से इस रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील करती है।

# दिवाली पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने 'विशेष गिफ्ट बॉक्स' से कमाए तीन लाख

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

दीपावली के अवसर पर जिला प्रशासन बिलासपुर की अनूठी पहल ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के हौसलों को नई उड़ान दी है। जिला बिलासपुर की महिलाओं ने 'व्यास प्योर' ब्रांड के तहत विशेष गिफ्ट बॉक्स तैयार किए, जिनमें लोकल हल्दी, इंस्टेंट चटनी, इंस्टेंट खीर और हर्बल टी शामिल थे। उच्च गुणवत्ता और आकर्षक पैकेजिंग ने इन गिफ्ट बॉक्स को ग्राहकों के लिए बेहद आकर्षक बना दिया।

पांच सौ गिफ्ट बॉक्स बाजार में उतारे गए और इनकी बिक्री से तीन लाख रुपए की कमाई हुई, जिसका पूरा लाभ समूह से जुड़ी महिलाओं को मिला। इस पहल में महिलाओं की जोड़ी ने विशेष योगदान दिया, जिनकी मेहनत और समर्पण ने सफलता को संभव बनाया। इस अनुभव ने महिलाओं को आर्थिक लाभ के साथ-साथ व्यवसाय की बारीकियों, ब्रांडिंग और मार्केटिंग का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि इस पहल को सफल बनाने में लोगों का सहयोग और एसएचजी महिलाओं की मेहनत अहम रही। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में त्योहारों और विशेष अवसरों पर इसी तरह के गिफ्ट बॉक्स और अन्य उत्पाद बाजार में लाए जाएंगे, ताकि 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा को और मजबूती मिल सके। भविष्य में उत्पादों की रेंज बढ़ाने, पैकेजिंग डिजाइन सुधारने और बाजार से मजबूत लिंकेज बनाने के प्रयास किए जाएंगे। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को अधिक स्वरोजगार के अवसर मिलें और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो। यह पहल साबित करती है कि सही दिशा में मेहनत और लगन से हर प्रयास सफलता की ओर ले जाता है और हौसलों को पंख मिलते हैं।

### गिफ्ट बॉक्स में लोकल हल्दी, इंस्टेंट चटनी, इंस्टेंट खीर और हर्बल टी शामिल

**दिशा-निर्देश** बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार ने की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा, बोले-

# उपभोक्ताओं को दें उत्तम गुणवत्ता वाली सामग्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला बिलासपुर में शुक्रवार को जिला स्तर की जन वितरण समिति की एक बैठक उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में पूरी हुई। बैठक में भोजन, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विषय विभाग के अधिकारी, अलग-अलग विभागों के प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक का मुख्य लक्ष्य जिले में जन वितरण व्यवस्था की प्रगति की जांच करना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधान-2013 को अच्छे से लागू करने का आकलन करना और उपभोक्ताओं तक जरूरी वस्तुओं को समय पर और उत्तम गुणवत्ता के साथ पहुंचाना तय करना था। उपायुक्त ने बैठक में कहा कि सरकार की सबसे ऊंची प्राथमिकता यह पक्का करना है कि हर योग्य उपभोक्ता को तय मात्रा और समय पर अनाज, तेल तथा अन्य जरूरी वस्तुएं उचित दाम पर मिलें।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी, उत्तरदायित्व और योग्यता के साथ काम करने से ही उपभोक्ताओं का भरोसा मजबूत होगा और व्यवस्था और अधिक असरदार बनेगी। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने जुलाई 2025 से सितंबर 2025 की अवधि के आंकड़े सामने रखे। उपायुक्त ने बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधान-2013 को असरदार ढंग से लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि जनता को उत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुएं मिलनी चाहिए।

उन्होंने शिक्षा विभाग और आंगनबाड़ी अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में दोपहर के भोजन की योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों में बांटे गए अनाज की गुणवत्ता लगातार जांची जाए, ताकि बच्चों और माताओं को पौष्टिक आहार मिल सके। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि दुकानदारों को समय-समय पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिए जा रहे हैं, ताकि वे वितरण प्रक्रिया में ईमानदारी और निष्पक्षता बनाए रखें।

### स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में भोजन जांचने के निर्देश

### अब इलेक्ट्रॉनिक मशीनों से होगी बिक्री

**उपायुक्त** ने कहा कि अब सभी उचित मूल्य की दुकानों को अंकीय निगरानी व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है, जिससे वितरण में ईमानदारी और उत्तरदायित्व बढ़ेगा। आने वाले महीनों में जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों की देखरेख स्थान निर्धारण प्रणाली और बिक्री इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के माध्यम से की जाएगी। बैठक में बीपीसीएल के प्रतिनिधियों ने बताया कि रसोई गैस वितरण की प्रक्रिया अब और अधिक ईमानदार व सुरक्षित हो गई है। जिले के सभी उपभोक्ताओं को सीधी पाइपलाइन से आपूर्ति और अंकीय बिल बनाने की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर और बीपीसीएल के बीच तालमेल बनाकर गैस आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

# 554 करोड़ की परियोजनाओं को जल्द मिलेगी स्वीकृति : भारद्वाज

## सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन आज बचत भवन में किया गया। बैठक में उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के कार्यान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ज़िला प्रशासन एवं सभी कार्यालय अध्यक्षों के समन्वित प्रयासों की भी सराहना की।



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज।

बैठक में विधायक नीरज नैय्यर, डॉ. जनक राज, डीएस ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे । डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-4 के अंतर्गत 65 बस्तियों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए 554 करोड़ रुपए की डीपीआर मंत्रालय को स्वीकृति के लिए प्रेषित की गई है जिसे शीघ्र स्वीकृत करवाया जाएगा।

लोकसभा सांसद ने केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के संदर्भ में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर केंद्रीय सरकार द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया ।

बैठक में विधायक नीरज नैय्यर ने लोकसभा सांसद के समक्ष चंबा में पासपोर्ट कार्यालय खोलने, आपदा प्रभावित लोगों को भूमि उपलब्ध करवाने के लिए वन अधिकार अधिनियम के तहत नियमों में संशोधन तथा केंद्र सरकार द्वारा आपदा के लिए घोषित विशेष राहत पैकज को जल्द उपलब्ध करवाने को कहा।

विधायक डॉ. जनक राज ने जनजातीय क्षेत्रों के दूरदराज गांव में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की बात रखी। विधायक डीएस ठाकुर ने डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का आग्रह किया।

बैठक में पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए, विद्युत बोर्ड द्वारा क्रियान्वित आरडीएसएस योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय हेल्थ मिशन, समग्र शिक्षा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम सहित अन्य विकास योजनाओं की प्रगति एवं प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर चर्चा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं के तहत प्रगति से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। इससे पहले लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज का उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बैठक में स्वागत किया।

बैठक में गैर सरकारी सदस्य कृष्णा महाजन, मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी चंबा अमित मैहरा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा, उप मंडल अधिकारी चम्बा प्रियांशु खाती, भटियात पारस अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राकेश मोंगरा, लोक निर्माण दिवाकर पठानिया, विद्युत बोर्ड राजीव ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद राजीव भारद्वाज व विधायक नीरज नैय्यर ने सरोल के पंचायत भवन का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान, चंबा

लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज एवं विधायक नीरज नैय्यर ने आज ग्राम पंचायत सरोल में 40 लाख की राशि से नवनिर्मित पंचायत भवन के धरातल तल का संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक डॉ. जनकराज, डीएस ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. राजीव भारद्वाज ने इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की दृष्टि से यह आयोजन राजनीति और जनसेवा के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। लोकसभा सांसद ने पंचायत द्वारा निर्मित भवन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग का यह शानदार उदाहरण है।



उन्होंने ग्राम पंचायत को भवन निर्माण के लिए 10 लाख की धनराशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने पहले भी भवन निर्माण के लिए 7 लाख की धनराशि उपलब्ध करवाई है। उन्होंने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सरोल भविष्य में एक रोल मॉडल के रूप में उभरेगी। विधायक नीरज नैय्यर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार नए पंचायत भवनों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 4 लाख की धनराशि उपलब्ध करवा रही है। जिसके लिए 5 बीघा भूमि का होना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत सरोल, राजपुर और हरिपुर में लोगों की सुविधा के लिए मल निकासी योजना के तहत 20 करोड़ 22 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने पंचायत के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सरोल ने विकास का एक नया मानक स्थापित किया है। विधायक ने नवनिर्मित पंचायत भवन के लिए स्थानीय पंचायत वासियों को शुभकामनाएं भी दी तथा लोगों को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला विकास अधिकारी तिवेंद्र चिनोरिया, खंड विकास अधिकारी महेश चंद ठाकुर, सहायक अभियंता विद्युत अजय कुमार, जिला परिषद सदस्य सीमा नारियल, मनोज कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत सरोल विजय कुमारी, उप प्रधान धीरज नरयाल सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 23 वर्षीय युवती के लापता मामले में हिरासत में लिया शिक्षक, शिक्षा विभाग ने किया निलंबित

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा जिले के बालू क्षेत्र से 23 वर्षीय युवती बीना के लापता होने का मामला अब एक बड़े मोड़ पर पहुंच गया है। बीना 28 सितंबर की रात से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता है। बताया जा रहा है कि वह चंबा में किराये पर रहकर पढ़ाई और कंप्यूटर कोर्स कर रही थी।

परिजनों के अनुसार, लापता होने से पहले बीना को एक शिक्षक की पत्नी के लगातार फोन कॉल आ रहे थे, जिससे घर में तनाव की स्थिति बन गई थी। इसके बाद से ही वह अचानक लापता हो गई। परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई और मंगलवार को एडीएम अमित मेहरा से मुलाकात कर जांच तेज करने तथा युवती की शीघ्र बरामदगी की मांग की। दिनेश के नेतृत्व में परिजनों और ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल एडीएम से मिला और बद्दी क्षेत्र में सामने आए संभावित लोकेशन वीडियो की गहन जांच की मांग की। एडीएम ने पुलिस अधिकारियों को वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि करने और सभी संदिग्धों से कड़ी पूछताछ करने के निर्देश जारी किए। जांच के दौरान पुलिस ने एक सरकारी स्कूल में कार्यरत शिक्षक को संदिग्ध भूमिका के चलते हिरासत में लिया है।

- सोशल मीडिया पर लोगों ने सुरक्षित वापसी की प्रार्थना की
- प्रशासन ने दोषी को नहीं बख्शने का आश्वासन दिया

सूत्रों के अनुसार, शिक्षक की भूमिका पर कई गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। शिक्षक की गिरफ्तारी के बाद शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से उसे निलंबित कर दिया है। विभाग ने यह कार्रवाई शिक्षक के न्यायिक हिरासत में रहने और जांच की गंभीरता को देखते हुए की है।

निदेशक, शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश ने कहा कि विभाग किसी भी परिस्थिति में इस तरह के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाएगा। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक बलवीर सिंह ने बताया कि संबंधित शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। सूचना जिला कार्यालय के माध्यम से स्कूल के प्रधानाचार्य को भेज दी गई है। आगामी विभागीय कार्रवाई जारी है। उधर, चम्बा सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अब तक युवती का पता नहीं चल पाया है। युवती की तलाश जारी है।

बीना की गुमशुदगी से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। सोशल मीडिया पर लोग लगातार उसकी सुरक्षित वापसी की दुआएं कर रहे हैं और पुलिस से पारदर्शी एवं त्वरित जांच की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ एक परिवार की नहीं बल्कि समाज की चिंता का विषय है। प्रशासन ने भी आश्वासन दिया है कि दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और हर सुराग की बारीकी से जांच की जाएगी।

## नया बस स्टैंड बना सिरदर्द : चंबा की जनता व व्यापारी झेल रहे दोहरी मार : शिशु गुप्ता

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा शहर में नए बस स्टैंड का निर्माण जहाँ एक ओर विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा था, वहीं अब यही परियोजना आम जनता और व्यापारियों के लिए मुसीबत का कारण बन गई है। राजनीतिक दल भले ही इसके निर्माण का श्रेय लेने की होड़ में हों, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यह निर्णय बिना पर्याप्त योजना और जनसुविधा के लिया गया, जिसके परिणाम अब साफ दिखाई दे रहे हैं। नए बस स्टैंड से शहर तक आने-जाने के लिए कोई भी उचित परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस से उतरने के बाद लोगों को लंबी और खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। बुजुर्गों, महिलाओं और बीमार व्यक्तियों के लिए यह सफर बेहद कठिन साबित हो रहा है। कई लोग तो शहर जाने से ही कतराने लगे हैं। व्यापारिक वर्ग की परेशानियाँ भी कम नहीं हैं। भरमौर, तीसा, बनीखेत और चुवाड़ी जैसे क्षेत्रों से आने वाले व्यापारी अब चंबा का रुख करने से बचने लगे हैं, जिससे स्थानीय बाजारों की रौनक फीकी पड़ने लगी है। कारोबार में गिरावट आने लगी है और व्यापारी वर्ग ने प्रशासन से तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग की है।



स्थानीय समाजसेवी शिशु गुप्ता ने कहा कि जब तक बस स्टैंड से शहर तक सुगम परिवहन और अन्य बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तब तक यह तथाकथित 'विकास परियोजना' जनता के लिए अभिशाप बनी रहेगी। प्रशासन को चाहिए कि वह शीघ्र हस्तक्षेप करे और बस स्टैंड से शहर तक शटल सेवा या लिफ्ट-सुविधा जैसी स्थायी व्यवस्था लागू करे, ताकि चंबा की जनता और व्यापारिक जीवन को राहत मिल सके।

## एनसीसी कैडेट्स को दिए 'ए' प्रमाण पत्र

### प्रधानाचार्य ने बढ़ाया हौसला, एनसीसी को बताया जीवन का प्रेरक पाठ

अनंत ज्ञान, चंबा

पीएम श्री राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा में आज राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स को 'ए' प्रमाण पत्र और 10-दिवसीय शिविर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सम्मान भारतीय सेना की 9 एचपी बटालियन एनसीसी, डलहौजी द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कैडेट्स को प्रदान किया गया।

प्रधानाचार्य दीपक कुमार ने कहा कि एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने वाला सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी कैडेट्स को भविष्य में देशसेवा की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी एवं भूगोल प्रवक्ता धीरज सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया और आयोजन की पूरी जिम्मेदारी निभाई। वरिष्ठ अध्यापक मनीष चौना ने भी अपने प्रेरक शब्दों से कैडेट्स का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश सहगल, केवल शर्मा, विनय महाजन, मुकेश शर्मा, नवनीत जसरोटिया, नीरज हांडा, सुशील शम्मी, पवन ठाकुर, संदीप, भगत राम सहित कई अध्यापक उपस्थित रहे। सभी ने कैडेट्स को हार्दिक बधाई दी।



### 21 को 'ए'और 19 को मिले शिविर प्रमाण पत्र

'ए' प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले 21 कैडेट्स में आदित्य कुमार, आकाश कौशल, अक्षत मेहरा, अक्षित मेहरा, अक्षित ठाकुर, दिव्यांश, दिव्यांश शर्मा, हरमन भारद्वाज, मुकुंद सूर्यवंशी, नैतिक, पियूष, प्रिंस, राहुल कुमार, रवि, समीर अली, शिवम महाजन, सुजल, तरुण कुमार, यशपाल, हर्ष ठाकुर और राहुल शामिल रहे। वहीं 10 दिवसीय एनसीसी शिविर में भाग लेने वाले 19 कैडेट्स अभिषेक, आदित्य, अनुज ठाकुर, अरनव बड़ोतरा, अशरफ अली खान, ईशांत, कमलेश कुमार, कार्तिक, मयंक, मोहित कुमार, नैतिक शर्मा, नरेंद्र सिंह, निखिल महाजन, रवि, सद्दाम हुसैन, सुजल ठाकुर, ठाकुर सिंह, वैदिक ठाकुर और आदित्य को भी सम्मानित किया गया।

## बकाण पंचायत में जंगली रीछ के हमला से बैल घायल

अनंत ज्ञान, धरवाला

जिला चंबा की ग्राम पंचायत बकाण में शुक्रवार सुबह जंगली रीछ ने एक बैल पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। स्थानीय निवासी लवलेश कुमार ने बताया कि वे वीरवार शाम अपने मवेशियों को बालू नामक स्थान पर चारा डालने के बाद लौट आए थे। लेकिन शुक्रवार सुबह जब वे दोबारा गए, तो देखा कि उनका बैल खून से लथपथ पड़ा है।



लवलेश कुमार के अनुसार, रीछ ने पहले लकड़ी की बनी छत को तोड़ दिया और फिर नीचे बंधे मवेशियों पर हमला बोल दिया। इस घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया।

- ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग से सुरक्षा की मांग
- पूर्व में भी दर्ज हो चुके हैं रीछ के हमले

ग्रामीणों ने वन विभाग से रीछ को पकड़ने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि बीते कुछ समय से इलाके में जंगली जानवरों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे वे हर वक्त डर के साए में जी रहे हैं। इससे पहले भी गांव धिमला में एक रीछ ने महिला पर हमला किया था। ग्रामीण प्रशासन से तुरंत सुरक्षा उपाय करने और मुआवजा देने की अपील कर रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसे खतरनाक हमले रोके जा सकें।

## राजनगर के प्रबल का राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में चयन



**अनंत ज्ञान, राजनगर।** संस्कार पब्लिक स्कूल राजनगर के सातवीं कक्षा के मेधावी छात्र प्रबल ठाकुर ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय अंडर-14 शतरंज प्रतियोगिता में स्थान हासिल किया है। प्रबल की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्या कल्पना राठौर ने उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी प्रबल को बधाई देते हुए गर्व व्यक्त किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि प्रबल की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और विद्यालय को उन पर गर्व है। वहीं, विद्यालय परिवार ने प्रबल के माता-पिता को भी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं, जिन्होंने उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने आशा जताई कि प्रबल आने वाले समय में राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## सनवाल में थमी विकास की रफ्तार, मक्खन और चाचूल सड़क अधूरी, ग्रामीणों में उबाल

हाशू शेख, अनंत ज्ञान

**चुराह।** जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र मक्खन-चाचूल की सड़क निर्माण परियोजना अधर में लटक गई है। कुछ समय पहले तक युद्ध स्तर पर चल रहा निर्माण कार्य अब सनवाल में ही थम गया, जहां जेसीबी मशीन महीनों से खड़ी धूल खा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का अधूरा रह जाना उनके लिए जीवनरेखा कटने जैसा है, क्योंकि इसी मार्ग से गांवों तक जरूरी सामान और एंबुलेंस की आवाजाही होती थी। लेकिन अब हालात यह हैं कि बारिश और आपदा के बाद सड़क कार्य पूरी तरह रुक गया है और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।



ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मक्खन-चाचूल तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ, तो वे आगामी पंचायती राज चुनावों का बहिष्कार करेंगे। उनका कहना है कि जब विकास ही नहीं, तो वोट क्यों दें। इससे पहले भी संसदीय चुनावों में ग्रामीणों ने इसी तरह मतदान से दूरी बनाई थी, और अब वे विधानसभा चुनाव में भी यही रुख अपनाने की बात कह रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और विभाग से जल्द से जल्द मशीनरी बहाल कर सड़क कार्य को पूर्ण करने की सख्त मांग की है, ताकि लंबे समय से सड़क सुविधा से वंचित इलाका फिर से विकास की मुख्यधारा में जुड़ सके।

## ग्रामीणों को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** वित्तीय साक्षरता केंद्र तीसा के सौजन्य से सेवा संस्थाद्वारा ग्राम पंचायत सुंडला के पंचायत परिसर एवं गांव बिहाली में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को बैंक से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं, केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) लोन, और बढ़ते हुए साइबर ठगी के मामलों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना, डिजिटल बैंकिंग के प्रति विश्वास पैदा करना और सुरक्षित लेन-देन के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता केंद्र की ओर से हेमराज ने सहभागियों को सरल शब्दों में वित्तीय प्रबंधन, बैंकिंग सेवाओं का सही उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचने के व्यावहारिक उपाय समझाए। वहीं पंचायत सचिव सुंडला केवल राम ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और बैंकिंग प्रणाली से अधिकाधिक जुड़ने का आह्वान किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत झीडी**
**विकास खण्ड वालीचौकी, जिला मण्डी, हि. प्र. 7018349494 85806 84510**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत झीडी विकास खण्ड वालीचौकी जिला मण्डी हि. प्र. द्वारा लोग हट झीडी की लीज वार्षिक किराये पर देने हेतू निविदाएं प्रणाली के आधार पर दिनांक 10.11.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। 12.00 बजे के वाद कोई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदायें उसी दिन सायं 3.00 बजे पंचायत कार्याल्य में निविदादाताओं या उनके प्रधिकृत प्रतिनिधियों के सामने कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा बंद लिफाफे में ही स्वीकार की जायेगी। निविदा 5 वर्ष के लिये मान्य होगी।

**शर्तें**- 1. घरोहर राशी 50000/- पास हजार रु. एफडीआर के रुप में ही स्वीकार होगी। जो कि ग्राम पंचायत झीडी के नाम से वंधित होगी। 2. निविदा धारक का पैन कार्ड व आधार कार्ड निविदा प्रपत्र के साथ जरुरी होगा। निविदा प्रपत्र 1 पर भर कर ही स्वीकार की जायेगी प्रपत्र 1 ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा जारी किया ही मान्य होगा। जो कि किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है। 3. निविदा खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी। 4. साल निविदाधारक को 6 माह का किराया अग्रीम आवंटन के 10 दिनो में जमा करना होगा। अन्यथा धरौहर राशी जब्त की जायेगी। तथा निविदा द्वितया निविदा धारक को आवंटित कि जायेगी । 5. अधोहस्ताक्षरी को निविदा विना कारण वताये रदद करने का पूरा अधिकार होगा। 6. निविदा धारक को विजली व पानी के विलो की अदायगी स्वंय करनी होगी। 7. निविदा धारक को फर्नीचर व किचन की सामाग्री स्वंय उपल्बध करनी होगी। 8. अन्य शर्तें आवन्टन के समय जारी प्रपत्र में वताई जायेगी।

**सचिव / प्रधान ग्राम पंचायत झीडी विकास खण्ड वालीचौकी जिला मण्डी हि. प्र. ।**

## सुंदरनगर में प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ

# स्थानीय बीजों का संरक्षण और आत्मनिर्भरता भविष्य की टिकाऊ खेती की नींव : डॉ. अतुल



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आज सुंदरनगर स्थित राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय के सभागार में दो दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) मंडी द्वारा किया गया है। इस कार्यशाला में मंडी, कुल्लू, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति जिलों के कुल 405 किसान प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यकारी निदेशक, राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना डॉ अतुल डोगरा ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों को सुदृढ़ करना और किसानों को टिकाऊ, लाभकारी तथा पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल उत्पादन की तकनीक नहीं, बल्कि जीवनशैली का विज्ञान है, जो मिट्टी, किसान और उपभोक्ता तीनों के स्वास्थ्य की सुरक्षा करती है। पद्मश्री नेक राम शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती का सार जल, जंगल, जमीन और देशी गाय की रक्षा में निहित है। इस अवसर पर प्रसिद्ध प्रगतिशील किसान एवं प्राकृतिक खेती के अग्रदूत व पूर्व परियोजना निदेशक (आत्मा) डॉ देश राज शर्मा, डॉ मोहिंदर भवानी उपनिदेशक कृषि, परियोजना निदेशक आत्मा मंडी डॉ राकेश कुमार, उप परियोजना निदेशक डॉ हितेंद्र ठाकुर तथा डॉ संजय कुमार ठाकुर सहित आत्मा मंडी के सभी ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर और असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी ने बच्चों को बताई पुलिस की भूमिका और अपराध नियंत्रण प्रक्रिया



थाना प्रभारी बच्चों को पुलिस की भूमिका और अपराध नियंत्रण प्रक्रिया बताते हुए।

अनंत ज्ञान, भरमौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर के कक्षा 10+2 के प्राइवेट सिक्योरिटी के छात्रों ने पुलिस थाना भरमौर का दौरा किया। इस दौरान थाना प्रभारी बाबू राम और,स्ठ्ठ संदीप कुमार ने छात्रों को बताया कि पुलिस किस तरह प्राथमिकी दर्ज करती है और अपराधियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत कारागार में रखा जाता है। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि पुलिस हमेशा जनता की मित्र होती है और लोग बेझिझक अपनी समस्याओं और शिकायतें पुलिस के सामने रख सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात के महत्व के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों ने पुलिस की भूमिका, जनता की सुरक्षा और कानून पालन के महत्व को समझा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता विवेक शर्मा और कुलभूषण चौहान भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान किया।

- सड़क सुरक्षा व पुलिस-पब्लिक सहयोग पर छात्रों को दी जानकारी

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, पूनम शर्मा**, पत्नी वेद प्रकाश, निवासी गांव नेरी, डाकघर दोघरी, तहसील निहरी, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, घोषणा करती हूं कि मेरे आधार कार्ड (725765012627) में मेरा नाम 'प्रभा देवी' दर्ज है, जबकि ग्राम पंचायत धन्यारा के रिकॉर्ड में मेरा नाम 'पूनम शर्मा' दर्ज है। ये दोनों नाम मेरे हैं, और मुझे दोनों नामों से जाना और संबोधित किया जाता है।

**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केन्द्र संघोल**
**विकासखंड लंबागांव, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) 176091**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत संघोल में पार्क कार्य हेतू हेतू प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामाग्री वर्ष 2025-26 के लिए सीलबंद लिफाफे में निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदाएँ पंचायत सामुदायिक केन्द्र संघोल में पंजीकृत डाक या स्वयं पंचायत सचिव संघोल के कार्यालय में दिनाँक 2 नवम्बर 2025 शाम 5 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। उसके बाद प्राप्त कोई भी निविदा स्वीकृत नहीं होगी।

**निर्माण सामाग्री का विवरण निम्न है :-**

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | दर (FOR) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | पार्क हेतू सामग्री इत्यादि | | |

**नियम व शर्तें :-** 1. आपूर्तीकर्ता के पास GST/TAN नंबर होना अनिवार्य है। 2. बिना GST/TAN नंबर की निविदा को बिना कोई सूचना दिए रदद करने का अधिकार पंचायत को होगा। 3. निविदाएँ बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं पंचायत सचिव संघोल के कार्यालय में दिनाँक 02/11/2025 तक शाम 5 बजे तक प्राप्त ही मान्य मानी जायेंगी। 4. निविदाएँ बंद लिफाफे में व लिफाफे के ऊपर निविदा 2025-26 शब्द लिखा होना अनिवार्य है व लिफाफे पर पता प्रधान/सचिव, पंचायत सामुदायिक केन्द्र संघोल भी लिखा होना अनिवार्य है व लिफाफे के पिछली ओर आपूर्तिकर्ता का पूरा नाम व पता मोबाइल नंबर सहित लिखा होना अनिवार्य है। न लिखा होने की दशा में निविदा रदद कर दी जायेगी। 5. निविदाएँ 07/11/2025 को पंचायत सामुदायिक केन्द्र संघोल के सभागार में प्रातः 11 बजे तकनीकी बिंग / पंचायत व विकास खण्ड लंबागांव से आए पर्यवेक्षक की उपस्थिति व आपूर्तिकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी । 6. गुणवत्ता, दरों व फर्म की तकनीकी जांच के बाद, बाद दोपहर आपूर्तिकर्ता की घोषणा व स्वीकृत निविदा की घोषणा पर्यवेक्षक की उपस्थिति में कर दी जायेगी। 7. निर्माण सामाग्री की आपूर्ति दिन के समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही मान्य होगी, ताकि बस्तु की मात्रा व गुणवत्ता की जांच हो सके । 8. स्वीकृत निविदा धारक को एक सप्ताह के भीतर भीतर पंचायत के द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए आपूर्ति आदेश प्रेषित कर दिया जायेगा। 9. आपूर्तिकर्ता को पंचायत के द्वारा निर्माण सामाग्री मंगबाने के तीन दिन के भीतर भीतर पंचायत को आपूर्ती करनी होगी। समय सीमा के अंदर आपूर्ती न करने की स्थिति में पंचायत द्वारा स्वीकृत निविदा को रदद करने का अधिकार होगा व दूसरे नंबर बाले आपूर्तिकर्ता से आपूर्ति लेने का अधिकार होगा। 10. निविदा धारकों को निविदा खुलने की अलग से कोई सूचना पंचायत कार्यालय के द्वारा नहीं भेजी जायेगी।

**प्रधान / संचिव**
**पंचायत सामुदायिक केन्द्र संघोल विकासखंड लंबागांव जिला कांगड़ा हि.प्र.**

' मैं अगर असफल हो गया तो मुझे कोई अफसोस नहीं। यदि मैंने प्रयास नहीं किया तो मुझे जरूर अफसोस होगा। -जेफ बेजोस

## संपादकीय

# हिमाचल में बढ़ती गो तस्करी

हिमाचल प्रदेश में पिछले कई वर्षों से गो तस्करी का काला धंधा लगातार बढ़ता जा रहा है। यह केवल गायों की हत्या तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे आर्थिक लालच, स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और कानून के क्रियान्वयन में कमी इसे और जटिल बना देती है। इस साल गो तस्करी के मामलों में अचानक तेजी देखी गई है, जिसने न केवल प्रशासन बल्कि समाज को भी झकझोर कर रख दिया है। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है और उसकी पूजा भी की जाती है। ऐसे में जब किसी की माता की ही हत्या की जाती है, तो समाज में असंतोष और आक्रोश स्वाभाविक है। गो तस्करी से जुड़े मामलों ने प्रदेश का सामाजिक और धार्मिक माहौल तनावपूर्ण बना दिया है। आमतौर पर हिंदू समुदाय गाय को मारने से बचता है, इसलिए सवाल उठता है कि आखिर इन गायों को तस्करी के लिए कौन मार रहा है?

इसका उत्तर सीधे तौर पर आर्थिक लालच में ढूंढा जा सकता है। कई लोग अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए कानून और नैतिकता दोनों को ताक पर रख देते हैं। उनके लिए पैसे की भूख इतनी बढ़ गई है कि वे निर्जीव और कमजोर जीवों की जान लेने में भी संकोच नहीं करते। इस काले धंधे का असर केवल गायों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने के साथ-साथ कानूनी और आर्थिक समस्याएं भी पैदा करता है।

भारत में गो संरक्षण से जुड़े कई कानून बने हुए हैं और राज्य स्तर पर भी गो संरक्षण अधिनियम लागू है। यह कानून गाय की हत्या और तस्करी को अपराध मानता है। इसके बावजूद कई मामलों में तस्करी और हत्या की घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं। इसका मुख्य कारण कानून का सही तरीके से पालन न होना, प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार है। कई बार तस्करी के मामलों में स्थानीय अधिकारियों की अनदेखी या लंबित कार्यवाही इसे और बढ़ावा देती है। सामाजिक दृष्टिकोण से देखें तो गो तस्करी का असर केवल गायों तक सीमित नहीं है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि और स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर को भी प्रभावित करती है। गाय केवल धार्मिक प्रतीक नहीं है, बल्कि किसान के लिए दूध, दूध से बने उत्पाद और गोबर के रूप में खाद का भी स्रोत है। जब गायें तस्करी के लिए मारी जाती हैं, तो इससे किसानों को सीधे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसके अलावा, गो तस्करी का व्यापक नेटवर्क इसे और खतरनाक बनाता है। तस्करी में शामिल लोग केवल स्थानीय नहीं होते, बल्कि कई बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लिंक भी होते हैं। इससे प्रशासन के लिए इसे रोकना और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। तस्करी में शामिल गिरोह बड़े पैमाने पर गायों को दूसरे राज्यों में भेजते हैं और कुछ मामलों में सीमा पार निर्यात तक की घटनाएं सामने आती हैं। इस स्थिति में सवाल उठता है कि हिमाचल प्रदेश में गो तस्करी पर नियंत्रण कैसे पाया जा सकता है। कानून पर्याप्त हैं, लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना आवश्यक है। तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ तेज और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही समाज में यह चेतना पैदा करना जरूरी है कि गाय को मारना और तस्करी करना समाज और धर्म दोनों के खिलाफ है। ऐसे लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से तस्करी के कारण प्रभावित हैं, वैकल्पिक आय के स्रोत उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योग, डेयरी उत्पादन और हस्तशिल्प के माध्यम से उन्हें रोजगार के अवसर दिए जा सकते हैं। स्थानीय और ग्रामीण लोगों को गो तस्करी की जानकारी देने और इसे रोकने में शामिल करना भी जरूरी है। एनजीओ और पशु सुरक्षा संगठनों के माध्यम से गायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। हिमाचल प्रदेश की प्रशासनिक और कानूनी प्रणाली को यह समझना होगा कि गो तस्करी केवल अपराध नहीं है, बल्कि समाज की नैतिकता और सांस्कृतिक पहचान के खिलाफ भी है। यदि इसे गंभीरता से न रोका गया, तो इसका प्रभाव केवल गायों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे समाज पर पड़ेगा। गो तस्करी रोकने का प्रयास केवल प्रशासन का काम नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब समाज में जागरूकता बढ़ेगी और लोग कानून के पालन में सहयोग करेंगे, तभी इस काले धंधे को समाप्त किया जा सकेगा। साथ ही, शिक्षा और मीडिया के माध्यम से जनमानस को इस विषय में संवेदनशील बनाने की जरूरत है। स्कूल और कॉलेजों में गो संरक्षण और पशु अधिकारों पर जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से लोगों को गो तस्करी के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी देना आवश्यक है।

हिमाचल प्रदेश में गो तस्करी रोकना न केवल धर्म और संस्कृति की रक्षा है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने का भी एक जरिया है। गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, धार्मिक आस्था और समाज की नैतिकता का प्रतीक है। गो तस्करी पर लगाम लगाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए कड़े कानून, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से ही इस समस्या को जड़ से खत्म किया जा सकता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती


### चुटीले हास्य के महारथी

**भारतीय** हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध हास्य कलाकार, अभिनेता और व्यंग्यकार जसपाल भट्टी का जन्म 3 मार्च 1955 को पंजाब के अमृतसर में हुआ था। उन्होंने समाज में फैले भ्रष्टाचार, महंगाई और राजनीतिक पाखंड पर अपनी अनोखी हास्य शैली से गहरा व्यंग्य किया। 80 और 90 के दशक में दूरदर्शन पर प्रसारित उनके टीवी कार्यक्रम 'उल्टा पुल्टा' और 'फ्लॉप शो' ने उन्हें आम लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया।



जसपाल भट्टी
जन्म : 3 मार्च 1955
मृत्यु : 25 अक्तूबर 2012

उन्होंने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री ली। कॉलेज के दिनों में उन्होंने 'नॉनसेंस क्लब' नामक नुक्कड़ नाटक मंडली बनाई, जो सामाजिक मुद्दों पर व्यंग्य प्रस्तुत करती थी। टेलीविजन में आने से पहले वे 'द ट्रिब्यून' अखबार में कार्टूनिस्ट थे। उनका पहला निर्देशन 'माहौल ठीक है' था, जो पंजाब पुलिस पर आधारित व्यंग्य फिल्म थी। उनकी पत्नी सविता भट्टी ने उनके साथ मिलकर 'फ्लॉप शो' में अभिनय और निर्माण दोनों किया। इस धारावाहिक ने मध्यम वर्ग की परेशानियों को बेहद मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद भट्टी ने कई हिंदी और पंजाबी फिल्मों में काम किया, जैसे 'जानम समझा करो' (1999), 'फना' (2006), 'कुछ मीठा हो जाए', 'शक्ति' और 'पॉवर कट' (2012)। उन्होंने मोहाली में 'जोक फैक्टरी' और 'मैड आर्ट्स' नामक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए, जहां हास्य और एनीमेशन सिखाया जाता था। उनकी अंतिम फिल्म 'पॉवर कट' पंजाब की बिजली कटौती की समस्या पर व्यंग्य थी। 25 अक्तूबर 2012 को जालंधर के पास सड़क दुर्घटना में जसपाल भट्टी का निधन हो गया। ■



कविता

### स्नेहपाश

डॉ.राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़ (कांगड़ा)

आओ तुमको अपनी कहानी का पात्र बनाऊं
करे लोग सजदा तुमको भी मेरे नाम से ऐसा मुकाम बनाऊं।
कहते हैं लोग कि मोहब्बत में बड़ी गहराई होती है
आओ तुम्हें दोस्ती के समुद्र में डूबाकर भी तैरना सिखाऊं।
सुना है तुमको लोगों पर ऐतबार नहीं है
आओ तुमको स्नेहपाश में बांधकर
अपनेपान का जरा एहसास करवाऊं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

# क्लस्टर प्रणाली- सहयोग और समानता पर आधारित शिक्षा का नया अध्याय

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' के तहत 'क्लस्टर प्रणाली' एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आई है। यह प्रणाली विद्यालयों के बीच संसाधनों के साझाकरण और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हुए ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रही है। राज्य सरकार ने इसे प्राथमिक से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक लागू किया है, जिससे शिक्षा के प्रशासनिक और शैक्षणिक दोनों पहलू अधिक संगठित और परिणामोन्मुख बने हैं।



रजनीश रांगड़ा
सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टौणी देवी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

क्लस्टर प्रणाली का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में सहयोग, समानता और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत एक निश्चित क्षेत्र के विद्यालयों को एक शैक्षणिक इकाई के रूप में जोड़ा जाता है ताकि संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो सके, शिक्षकों की विशेषज्ञता का लाभ सभी छात्रों को मिले और विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त हों। इससे छोटे और सीमित संसाधनों वाले विद्यालय भी मुख्यधारा की शिक्षा प्रणाली से जुड़ गए हैं। पहले जहां कई विद्यालय बहुत कम छात्र संख्या और अपर्याप्त स्टाफ के साथ काम करते थे, अब वे एक सशक्त इकाई बनकर कार्य कर रहे हैं। हिमाचल का भौगोलिक परिदृश्य ऊंचे और दुर्गम रास्तों की वजह से सदैव चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन क्लस्टर प्रणाली ने इन चुनौतियों को अवसर में बदल दिया है। अब किसी विद्यालय में यदि किसी विषय का शिक्षक उपलब्ध नहीं है, तो क्लस्टर में शामिल दूसरे विद्यालय का शिक्षक निर्धारित समय पर वहां जाकर शिक्षण कार्य कर सकता है। इससे गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और कंप्यूटर जैसे विषय, जो पहले ग्रामीण छात्रों के लिए कठिनाई का कारण थे, अब सुलभ और गुणवत्तापूर्ण रूप में उपलब्ध हैं। इस व्यवस्था ने शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को भी नया आयाम दिया है। क्लस्टर स्तर पर नियमित बैठकें, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिनमें नई शिक्षण तकनीकों, मूल्यांकन विधियों और नवीन नवाचारों पर चर्चा होती है। इससे शिक्षकों में आपसी सहयोग और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित हुई है। अब शिक्षक अपने विद्यालयों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि एक-दूसरे से सीखकर शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार ला रहे हैं।

क्लस्टर प्रणाली का प्रभाव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी स्पष्ट रूप से दिख रहा है। पहले छोटे विद्यालयों में खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम या विज्ञान मेले



आयोजित करने में कठिनाई होती थी। अब ये गतिविधियां क्लस्टर स्तर पर आयोजित होती हैं, जिससे अनेक विद्यालयों के छात्र एक साथ भाग लेते हैं। इससे उनमें टीम भावना, प्रतिस्पर्धा, नेतृत्व और अनुशासन के गुण विकसित हो रहे हैं। यह प्रणाली ग्रामीण छात्रों को अपने कौशल और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रही है।

राज्य सरकार ने इस पहल को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए क्लस्टर स्कूलों को डिजिटल संसाधनों से भी सशक्त किया है। स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, इंटरनेट कनेक्टिविटी और ई-लर्निंग सामग्री ने ग्रामीण शिक्षा को आधुनिक दिशा दी है। विद्यार्थी अब ऑनलाइन माध्यम से कठिन विषयों को समझ पा रहे हैं और शिक्षकों के मार्गदर्शन में डिजिटल लर्निंग की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

प्रशासनिक दृष्टि से भी क्लस्टर प्रणाली अत्यंत सुव्यवस्थित है। प्रत्येक क्लस्टर का संचालन एक वरिष्ठ विद्यालय के प्राचार्य के नेतृत्व में होता है, जो क्षेत्र के सभी विद्यालयों के शिक्षण, निरीक्षण, मूल्यांकन और संसाधन-साझाकरण की निगरानी करते हैं इससे शिक्षा प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ी है। विद्यालयों के बीच समन्वय मजबूत हुआ है और योजनाओं का ि, यान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से होने लगा है। क्लस्टर प्रणाली ने शिक्षा से जुड़ी सहायक योजनाओं के संचालन को भी सरल बना दिया है। मध्यान्ह भोजन योजना, छात्रवृत्तियां, पाठ्य पुस्तक वितरण और स्वच्छता अभियान अब क्लस्टर स्तर पर समेकित रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इससे संसाधनों की बर्बादी कम हुई है और पारदर्शिता बढ़ी है।

यदि सरकार प्रत्येक क्लस्टर को पर्याप्त वित्तीय सहायता, बेहतर परिवहन सुविधा और डिजिटल संसाधन प्रदान करे, तो यह मॉडल और भी प्रभावी बन सकता है। यह न केवल शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाएगा, बल्कि ग्रामीण शिक्षा को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाएगा।

क्लस्टर प्रणाली केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि यह समाज में शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन का प्रतीक है। अब ग्रामीण क्षेत्र के लोग शिक्षा को प्रमाणपत्र प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का साधन मानने लगे हैं। अभिभावकों की सहभागिता बढ़ी है और शिक्षक अब केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि नवाचार के प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की यह पहल शिक्षा में सहयोग, समावेशन और नवाचार की नई सोच को जन्म दे रही है। इसने शिक्षकों, विद्यार्थियों और समुदाय को एक साझा उद्देश्य से जोड़ा है-गुणवत्तापूर्ण, समान और प्रेरणादायक शिक्षा की स्थापना। यह प्रयास न केवल हिमाचल, बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंसा और इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी आर्मी

बांग्लादेश में हाल के वर्षों में हिंसा और अस्थिरता का एक नया रूप उभरकर सामने आया है, जिसकी सबसे स्पष्ट पहचान इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी आर्मी (आईआरए) से होती है। यह संगठन केवल कट्टरवादी समूह नहीं है, बल्कि अब राजनीतिक सत्ता और सामाजिक नियंत्रण का उपकरण बन चुका है।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यूनुस प्रशासन के इशारे पर इसका गठन और प्रशिक्षण किया जा रहा है। वरिष्ठ सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुयान ने स्वीकार किया है कि लगभग 8,850 युवाओं को सात शिविरों में हथियार, ताइक्वांडो और सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, इसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और जमात-ए-इस्लामी का समर्थन प्राप्त है। इसका उद्देश्य केवल मजहबी जागरूकता नहीं, बल्कि हिंसा, भय और गैर-मुस्लिमों पर राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित करना है। आईआरए के उदय से स्पष्ट होता है कि बांग्लादेश दक्षिण एशिया में इस्लामिक कट्टरता और आतंकवाद का संभावित केंद्र बनता जा रहा है। इसका निशाना विशेषकर हिंदू, बौद्ध और ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय हैं। हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद की जुलाई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 11 महीनों में लगभग 2,442 सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं हुईं, जिनमें मंदिरों को जलाना, घरों को लूटना और महिलाओं पर यौन हिंसा शामिल है। अगस्त 2024 के पहले दो हफ्तों में सत्ता परिवर्तन के दौरान पुलिस निष्ि, य रही और भीड़ बेखौफ हुई, जिससे हमलों की संख्या चरम पर पहुंच गई।

मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि हिंसा का सबसे बड़ा शिकार महिलाएं और बच्चे हैं। बांग्लादेश अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस के



अनुसार 2025 की पहली तिमाही में यौन हिंसा के 342 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 87 प्रतिशत पीड़ित 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां थीं। यह सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि संगठित प्रयास है, जो गैर-मुस्लिम समुदायों में भय पैदा कर उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी स्वीकार किया है कि हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं, मंदिरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और धार्मिक स्वतंत्रता का गला घोंटा जा रहा है। यह तथ्य भी ध्यान देने योग्य है कि 1951 में बांग्लादेश में हिंदू आबादी लगभग 22 प्रतिशत थी, जो अब घटकर केवल 7.95 प्रतिशत रह गई है। बौद्ध और ईसाई क्रमशः 0.6 और 0.3 प्रतिशत पर सिमट गए हैं। इसके विपरीत, भारत में मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ी और उन्हें समान नागरिक अधिकार और सामाजिक-आर्थिक अवसर प्राप्त हुए। यह स्पष्ट करता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को व्यवस्थित रूप से दबाया गया है और आईआरए जैसी कट्टरवादी संरचनाएं इसका नेतृत्व कर रही हैं। आईआरए का फोकस केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं है। भारतीय एजेंसियों के अनुसार, उनका असली निशाना भारत है। जमात-ए-इस्लामी के नेताओं ने घोषणा की है कि उनके पास 50 लाख युवा हैं जो गजवा-ए-हिंद के तहत भारत के खिलाफ संघर्ष के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान और यूनुस प्रशासन के बीच समुद्री संपर्क ने हथियारों की सप्लाई आसान कर दी है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए नई सुरक्षा चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। यदि यह सिलसिला जारी रहा, तो बांग्लादेश जल्दी ही एक फेल्ड स्टेट बन सकता है और दक्षिण एशिया में आतंकवाद का नया अड्डा बन सकता है।

यह हिंसा वैचारिक त्रासदी की ओर भी इशारा करती है। यदि इस्लाम शांति का धर्म है, तो बार-बार इसके नाम पर हिंसा, नफरत और दमन क्यों बढ़ रहे हैं? यह धर्म की आलोचना नहीं, बल्कि उस सोच की पड़ताल है जिसने धर्म को सत्ता का औजार बना दिया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिवस : रचनात्मकता और संस्कृति का उत्सव

हर साल 25 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिवस मनाया जाता है। यह दिन कलाकारों और उनके रचनात्मक योगदान का सम्मान करने के लिए समर्पित है। इस अवसर का उद्देश्य उन सभी कलाकारों को श्रद्धांजलि देना है जो अपनी कल्पनाशीलता, मेहनत और भावनाओं के माध्यम से हमारी दुनिया को सुंदरता से भरते हैं।



संजय गोस्वामी
अनुशक्तिनगर, मुंबई

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस दिन को मनाने के पीछे एक विशेष कारण है-यह दिन प्रसिद्ध स्पेनिश चित्रकार पाब्लो पिकासो के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। पिकासो का जन्म 25 अक्तूबर, 1881 को हुआ था। वे एक बहुमुखी कलाकार थे जिन्होंने चित्रकला, मूर्तिकला, सिरेमिक कला, मुद्रण, रंगमंचीय डिजाइन और साहित्य जैसे अनेक क्षेत्रों में योगदान दिया।

कलाकार अपनी कृतियों के माध्यम से समाज में जीवन, रंग और भावनाएं भरते हैं। वे अपने विचारों, अनुभवों और संवेदनाओं को कला के विभिन्न रूपों में प्रस्तुत करते हैं। कला केवल सुंदरता की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, परंपरा और मानवीय भावनाओं का प्रतिबिंब भी है। कलाकार अपने कार्यों के माध्यम से न केवल सौंदर्य रचते हैं, बल्कि समाज को सोचने और महसूस करने की प्रेरणा भी देते हैं।

कला के कई रूप होते हैं -जैसे चित्रकला, मूर्तिकला, साहित्य, संगीत, नृत्य, अभिनय, फोटोग्राफी और हस्तकला। इन सभी रूपों में कलाकार अपनी रचनात्मकता और कौशल का परिचय देते हैं। कला के सात मुख्य तत्व माने जाते हैं-रेखा, आकार, स्थान, मूल्य, रूप, बनावट और रंग। ये तत्व किसी भी कलाकृति को अभिव्यक्ति और गहराई प्रदान करते हैं। कला का इतिहास मानव सभ्यता जितना पुराना है। गुफा चित्रों से लेकर आधुनिक डिजिटल आर्ट तक, कला मानव जीवन की यात्रा और विकास की गवाह रही है।




कलाकार अपने कार्यों के माध्यम से समाज, इतिहास और संस्कृति को जीवित रखते हैं। वे अपनी कल्पनाशीलता के माध्यम से हमें अतीत से जोड़ते हैं और भविष्य के लिए प्रेरणा देते हैं।

कला हमारे जीवन में मानसिक शांति, संतुलन और आनंद लाने का माध्यम है। यह भावनाओं को व्यक्त करने और तनाव को कम करने में मदद करती है। किसी भी संस्कृति की आत्मा उसकी कला में बसती है। इसलिए कलाकारों का सम्मान करना, संस्कृति और सभ्यता दोनों को सम्मान देने के समान हैञ अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिवस को दुनियाभर में कई संस्थान और संगठन मनाते हैं। मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट, आर्ट गैलरी ऑफ ओंटारियो, नेशनल गैलरी ऑफ स्कॉटलैंड और जेरूसलम फाउंडेशन जैसे प्रमुख संस्थान इस दिन विशेष प्रदर्शनियों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। कई शहर जैसे व्हाइट रॉक (कनाडा) और सैन मिगुएल (स्पेन),स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए कला उत्सवों का आयोजन करते हैं। कला दीर्घाएं ओपन हाउस रखती हैं, जहां आम जनता को कलाकृतियां देखने का अवसर मिलता है। इस दिन को मनाने के कई तरीके हैं-आप किसी कला गैलरी में जा सकते हैं, किसी कलाकार को सम्मानित कर सकते हैं, उनके कार्यों को खरीदकर समर्थन दे सकते हैं या कोई नई कला सीख सकते हैं। यदि आप संगीत प्रेमी हैं तो सिम्फनी सुन सकते हैं, किताबें लिखना पसंद करते हैं तो लेखन शुरू कर सकते हैं या फिर किसी बच्चे को प्रेरित कर सकते हैं जिसमें रचनात्मकता का उपहार हो।

वास्तव में, हर व्यक्ति अपने तरीके से कला से जुड़ा होता है। यहां तक कि अपने मोबाइल से ली गई एक तस्वीर भी कला का एक रूप है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि कला हमारे जीवन की आत्मा है। कलाकारों का सम्मान और समर्थन करके हम न केवल उनकी रचनात्मकता को सलाम करते हैं, बल्कि समाज में सांस्कृतिक समृद्धि, भावनात्मक जुड़ाव और मानवीय संवेदनाओं को भी सशक्त बनाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय लोकतंत्र की जड़ें खोखली करता जातिवाद का 'विष'

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी भाषाई, सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विविधता है। यही विविधता हमारी पहचान और गौरव का आधार रही है, लेकिन जब यही विविधता संकीर्णता और विभाजन में बदल जाती है, तो यह समाज की एकता को भीतर से खोखला कर देती है। आज देश जिन बड़ी चुनौतियों से जूझ रहा है, उनमें से एक सबसे गंभीर चुनौती जातिवाद का फैलता हुआ जहर है।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भ्रष्टाचार व्यवस्था को कमजोर करता है, पर जातिवाद तो समाज की आत्मा को ही विभाजित कर देता है। जातिवाद का सबसे बड़ा खतरा यह है कि यह व्यक्ति की योग्यता और कर्म की जगह उसकी जाति को पहचान बना देता है। जहां किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी जाति के आधार पर किया जाता है, वहां मेरिट और नैतिकता का कोई महत्व नहीं रह जाता। यह सोच केवल समाज तक सीमित नहीं, बल्कि राजनीति, प्रशासन और शिक्षा तंत्र तक गहराई से फैली हुई है। चुनावी राजनीति में जब जातिगत समीकरण प्राथमिक आधार बन जाते हैं, तब लोकतंत्र की आत्मा समानता और नागरिकता का भाव जाति के खांचों में कैद हो जाता है।

आज जातिवाद के दुष्परिणाम हर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। शिक्षा संस्थानों में आरक्षण और भेदभाव को लेकर तनाव, नौकरियों में जातिगत वरीयताएं और सामाजिक जीवन मे ऊंच-नीच की मानसिकता-ये सब इस विष के लक्षण हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि युवा वर्ग, जो देश का भविष्य है, वह भी इस सोच से अछूता नहीं रहा। सोशल मीडिया और स्थानीय राजनीति के माध्यम से जातिगत नफरत फैलाने का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है, जिससे आपसी विश्वास, भाईचारे और सामाजिक सामंजस्य की भावना कमजोर होती जा रही है। भ्रष्टाचार किसी




व्यवस्था को तोड़ता है, पर जातिवाद मानवता की चेतना को भ्रष्ट कर देता है। यह व्यक्ति को व्यक्ति से, समुदाय को समुदाय से और अंततः राष्ट्र को अपने ही नागरिकों से अलग कर देता है। जब समाज में इंसान की पहचान उसकी जाति से जुड़ जाती है, तब विकास, समानता और न्याय जैसे शब्द केवल भाषणों तक सीमित रह जाते हैं। जातिवाद की मानसिकता न केवल पिछड़ेपन को जन्म देती है, बल्कि राष्ट्र की एकता और प्रगति की राह में सबसे बड़ी बाधा बनती है। इसलिए आवश्यक है कि हम एक समाज के रूप में आत्ममंथन करें। क्या हम वास्तव में आधुनिक और प्रगतिशील राष्ट्र की ओर बढ़ रहे हैं या फिर अब भी उन दीवारों में कैद हैं जो सदियों पहले हमारे पूर्वजों ने खड़ी की थीं? जातिवाद को समाप्त करने की शुरुआत घर, विद्यालय और समुदाय से करनी होगी। बच्चों को यह सिखाना होगा कि इंसान की पहचान उसकी जाति नहीं, बल्कि उसके कर्म, विचार और चरित्र से होती है। सरकार और समाज दोनों को मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। शिक्षा और मीडिया के माध्यम से समानता और मानवता के मूल्य फैलाने होंगे। जब तक समाज के हर व्यक्ति के मन से जाति का अहंकार और भेदभाव का भाव समाप्त नहीं होगा, तब तक सच्चा लोकतंत्र स्थापित नहीं हो सकेगा।

अतः यदि भारत को सशक्त, समृद्ध और एकजुट बनाना है, तो हमें जातिवाद के इस विष को पहचानकर उसका उपचार करना होगा, क्योंकि आज के युग में भ्रष्टाचार से भी अधिक घातक, समाज की आत्मा को मारने वाला यह जहर जातिवाद ही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बैजनाथ–कांडापतन सड़क मार्ग कोठी के समीप बना जानलेवा

## लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से खफा स्थानीय युवाओं ने संभाला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल तहसील क्षेत्र के बैजनाथ–कांडापतन सड़क मार्ग पर कोठी के पास बेरू नाले के समीप सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में है। सड़क पर बने विशाल गड्ढों के कारण हादसों का खतरा बना हुआ है। पिछले 3-4 महीनों से लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से नाराज स्थानीय युवाओं ने खुद ही मोर्चा संभालते हुए गड्ढों को पत्थरों से भर दिया है। सराहनीय पहल करने वाले युवाओं ने बताया कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन विभाग ने इसकी कोई सुध नहीं ली। गड्ढों का आकार इतना बड़ा है कि यहां किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है।



स्थानीय युवाओं ने बैजनाथ–कांडापतन मार्ग पर पड़े गड्ढों को पत्थरों से भरकर अस्थायी तौर पर सुरक्षित बनाया।

उन्होंने बताया कि यह मार्ग बैजनाथ, नेरी, कांडापतन और धर्मपुर को जोड़ता है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों वाहन और पैदल यात्री गुजरते हैं। युवाओं के अनुसार बारिश के बाद सड़क पर पानी भरने से गड्ढे और भी गहरे और खतरनाक हो जाते हैं। इससे दोपहिया वाहनों सहित भारी वाहनों को भी संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। विभाग की ओर से कोई कार्रवाई न होते देख, उन्होंने खुद ही पत्थर इकट्ठा कर गड्ढे भरे।

स्थानीय युवाओं ने लोक निर्माण विभाग से लडभड़ोल से लेकर कांडापतन तक सड़क की तुरंत मरम्मत करने की मांग की है। इस बारे में लोक निर्माण विभाग उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने बताया कि मामला उनके ध्यान में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक-दो दिनों में पैच वर्क का कार्य शुरू किया जा रहा है और जल्द ही विभाग इन गड्ढों को भर देगा।

## कार सवार 3 युवक 12.1 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना पुलिस के दल ने वीरवार रात नाके के दौरान कार सवार तीन युवकों को 12.1 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए युवकों में से एक भारतीय सेना में कार्यरत बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना पुलिस के दल ने देहवी में फोरलेन पर एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में आरक्षी कुलदीप व एचएचसी बलीभद्र ने नाका लगाया था। इस दौरान बिलासपुर की ओर से आई एक कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन कार सवार नाका तोड़कर कार को लेकर आगे बढ़ गए। पुलिस ने कार का पीछा किया और बोबर कैंची मोड के निकट उन्हें रोकने में सफल हो गए। जब उनकी तलाशी ली गई को कार के पीछे वाली सीट के नीचे से 12.1 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। जिस पर पुलिस ने कार सवार सेजल ठाकुर निवासी गांव पलोहटा डाकघर अपर बैहली तहसील सुंदरनगर, अक्षत शर्मा निवासी गांव सकराह डाकघर चांबी तहसील सुंदरनगर और गौरव निवासी बाड़ी डाकघर चतरोखड़ी तहसील सुंदरनगर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में से सेजल ठाकुर भारतीय सेना में कार्यरत है। डीएसपी भारत भूषण ने चिट्टा बरामद करने की पुष्टि की है।

# शिकारी माता मंदिर से लौटते समय लापता हुआ परिवार सकुशल मिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जंजहैली के शिकारी माता मंदिर से लौटते समय मार्ग भटक गया 8 सदस्यीय परिवार शुक्रवार सुबह टंग्राल नाला के पास सुरक्षित मिला। यह परिवार डडौर क्षेत्र का निवासी है और कल शाम 23 अक्तूबर को करीब 7:30 बजे घने जंगल व धुंध के कारण रास्ता भटक गया था। जैसे ही घटना की जानकारी मिली प्रशासन सक्रिय हो गया। रात 11 बजे एसडीआरएफ की टीम जंजहैली के लिए रवाना की गई और रात 2 बजे रुहाड़ा क्षेत्र में पहुंचकर खोज-बचाव अभियान शुरू किया। लगभग सुबह 6:30 बजे सभी परिवारजन सकुशल ढूंढ लिए गए। एसडीएम थुनाग मनु वर्मा पूरी रात स्थल पर मौजूद रहीं और बचाव कार्य की निगरानी करती रहीं। पुलिस, राजस्व विभाग, होम गार्ड, दमकल और स्थानीय स्वयंसेवकों की टीमों ने समन्वय से कार्य करते हुए कठिन परिस्थितियों में यह अभियान पूरा किया। इस परिवार में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार सहित कुल 8 सदस्य शामिल थे, जो मंदिर से लौटते समय मुख्य मार्ग से भटक गए थे। राजेंद्र कुमार के साथ इनकी विद्यार्थी रही जंजैहली की रहने वाली आरती भी उनके साथ मौजूद थीं।



सुरक्षित निकाले गए परिवार के साथ खोजी दस्ता।

उपप्रधान भीम सिंह ने जंजहैली पुलिस स्टेशन को इसकी सूचना दी, जिसके बाद तीन अलग-अलग खोज दल तैनात किए गए, पहला दल बूढ़ाकेदार की दिशा में, दूसरा रायगढ़ क्षेत्र से मुख्य सड़क मार्ग पर और तीसरा देज्जी से पखथियार की ओर रवाना किया गया। प्रारंभिक खोज में सफलता न मिलने पर जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, मंडी के माध्यम से एसडीआरएफ को तैनात किया गया। प्रशासन व पुलिस के संयुक्त प्रयासों से यह अभियान पूरी तरह सफल रहा और सभी सदस्य सुरक्षित अपने परिवार के साथ लौट आए हैं।

- प्रशासन, एसडीआरएफ व पुलिस के संयुक्त अभियान से सुबह मिली सफलता

# पंचायत चुनावों में आरक्षण रोस्टर पर उठे सवाल–राही बोले अधिकारियों की मनमानी से बिगड़ रहा सामाजिक संतुलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



- पंचायतों में त्रि-स्तरीय चुनाव की तैयारियां तेज
- आपदा और परिसीमन विवाद बना चुनौती
- मुख्यमंत्री व पंचायती राज मंत्री से करेंगे शिकायत निष्पक्ष रोस्टर की मांग

प्रदेश की 3577 पंचायतों में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं, लेकिन अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता चमन राही ने आरक्षण रोस्टर और प्रशासनिक मनमानी को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। राही ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत चुनावों की तैयारियां पूरी कर ली थीं, मगर डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत बदलाव तब किया गया जब मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर और शिमला के उपायुक्तों ने आपदा के चलते अतिरिक्त समय मांगा।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जिला परिषद व ब्लॉक समितियों के परिसीमन को लेकर उपायुक्तों को विशेष शक्तियां दी थीं, परंतु परिसीमन को लेकर असंतोष बना हुआ है। चमन राही ने कहा कि कुछ प्रशासनिक अधिकारी आरक्षण रोस्टर में अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। जिन सीटों पर सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण होना चाहिए, उन्हें जानबूझकर आरक्षित किया जा रहा है, जिससे समाज का संतुलन बिगड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी सत्तापक्ष की कम और विपक्ष की ज्यादा सुन रहे हैं, जबकि पंचायती चुनाव गैर राजनीतिक होते हैं। राही ने कहा कि महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना था कि पंचायत चुनाव राजनीति से ऊपर रहें, लेकिन आज संविधान की भावना के विपरीत राजनीति की जा रही है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे पार्टी के बजाय काम करने वाले और स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को वोट दें, ताकि ईमानदार नेतृत्व उभर सके। राही ने कहा कि राजनीति में मेहनती लोग पीछे और लुटेरे आगे हो रहे हैं, यह रुझान चिंताजनक है।

उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री सुक्खू और ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री से मिलकर शिकायत दर्ज करवाई जाएगी, ताकि फाइनल रोस्टर जारी होने से पहले कठोर कार्रवाई हो सके।

# राजा सिंह मल्होत्रा ने बाल आश्रम में बांटा राशन और बच्चों को स्पोर्ट्स किट देने की घोषणा की

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** हॉकी हिमाचल के उपाध्यक्ष एवं मंडी जिला हॉकी के अध्यक्ष राजा सिंह मल्होत्रा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर बाल आश्रम में राशन आवंटित किया। इस अवसर पर राजा सिंह मल्होत्रा ने कहा कि अनुराग ठाकुर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर बाल आश्रम के बच्चों को राशन आवंटित किया और स्पोर्ट्स किट प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुराग ठाकुर के जन्म दिवस पर उन्हें यह बड़ा सौभाग्य प्राप्त हुआ कि वह बाल आश्रम में सेवा करने का मौका मिला। राजा सिंह मल्होत्रा ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए हॉकी संघ निरंतर प्रयासरत है।

- पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के जन्मदिन पर विशेष कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि बाल आश्रम के बच्चों को स्पोर्ट्स किट प्रदान करने से उन्हें अपने खेल कौशल को विकसित करने में मदद मिलेगी। राजा सिंह मल्होत्रा ने 25 बच्चों को स्पोर्ट्स ट्रैक सूट और जूते देने का वादा किया है। बाल आश्रम के बच्चों ने राजा सिंह मल्होत्रा का आभार जताया और कहा कि उनके इस प्रयास से उन्हें अपने खेल कौशल को विकसित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर बाल आश्रम के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। राजा सिंह मल्होत्रा की इस पहल से बाल आश्रम के बच्चों को बड़ा लाभ होगा। इससे उन्हें अपने खेल कौशल को विकसित करने में मदद मिलेगी और वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकेंगे। राजा सिंह मल्होत्रा की इस पहल की सराहना करते हुए लोगों ने कहा कि इससे बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।



राजा सिंह मल्होत्रा व सांसद अनुराग ठाकुर। फाइल फोटो

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सन्नी ने की सराहना

## बोले– जब से भाजपा सत्ता में आई तब से अल्पसंख्यकों पर दर्ज किए जा रहे झूठे मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सह-संयोजक सन्नी ईपन ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश के गैरकानूनी धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत दर्ज कई झूठे एफआईआर रद्द करने के फैसले की सराहना की है। मामले में इसाई मिशनरियों पर जबरन धर्मांतरण के आरोप लगाए गए थे।



सन्नी ईपन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण कानून के दुरुपयोग पर कड़ा प्रहार करते हुए स्पष्ट किया है कि केवल पीड़ित व्यक्ति या उसके करीबी रिश्तेदार ही शिकायत दर्ज करा सकते हैं, कोई तीसरा या बाहरी व्यक्ति नहीं। उन्होंने कहा कि जस्टिस पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सही रूप से चेताया है कि अपराधी कानून निर्दोषों को तंग करने का उपकरण नहीं बन सकता। अदालत ने 2022 से 2023 के बीच कथित सामूहिक धर्मांतरण से जुड़ी कई झूठी एफआईआर को रद्द करते हुए यह माना कि तीसरे पक्ष द्वारा की गई शिकायतें कानून के खिलाफ हैं। सन्नी ईपन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे निर्दोष लोगों के खिलाफ झूठे मुकदमों पर रोक लगेगी और कानून का दुरुपयोग थमेगा। सन्नी ईपन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश की सरकारों व पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा है कि इस तरह के मामलों में ईमानदारी से काम लिया जाए।

सन्नी ईपन ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से अल्पसंख्यकों के खिलाफ इस प्रकार के झूठे मामले दर्ज करवा कर देश के भाईचारे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कोर्ट ने कहा है कि धार्मिक सभा करना कोई गैर कानूनी नहीं है और जो व्यक्ति स्वेच्छा से धर्म बदलना चाहता है, तो यह उसका संवैधानिक अधिकार है और उसे अपराध नहीं कहा जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कैप्टन नारायण सिंह की मौत पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव चमयोल्का में रिटायर्ड कैप्टन नारायण सिंह बंधु की 21 अक्तूबर को शाम लगभग पांच बजे आटा चक्की से करंट लगने पर दुखद मौत हो गई। कपूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, हिमाचल किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा, करतार सिंह चौहान, राममचंद ठाकुर, बलदेव सिंह ठाकुर, इंद्र सिंह परदेसी, बीरी सिंह, टेकसिंह, धर्मचंद पठानिया, राजपाल बन्याल, इंद्र पाल, शमशेर बन्याल, विजय कुमार, राकेश ठाकुर, बौना राम, गांधी राम, हरजीत सिंह, कृष्ण चंद राठौर, प्रेम सिंह, इंद्र सिंह बंधु, बाला राम पंचायत प्रधान मेहर चंद गारला, उप प्रधान विजय बन्याल, बीडीसी विजय कुमार और काकू राम सर्वोदय जनकल्याण समिति के परजीत ठाकुर, ओंकार सिंह, राजीव आर्य, रिखी राम इत्यादि ने उनके आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। भपेंद्र सिंह ने बताया कि कैप्टन नारायण सिंह बंधु बहुत ही मिलनसार, हंसमुख और मेहनती व्यक्ति थे।

### कलाकारों ने दिया आपदा जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आपदा के समय घबराना नहीं, तैयार रहना ही सबसे बड़ा बचाव है – यही संदेश लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने 'समर्थ-2025' जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आज बाल स्कूल जोगिंद्रनगर व कुठेड़ा मकरीड़ी पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप बरोटी के लोक कलाकारों ने गीत, संगीत व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण का सशक्त संदेश दिया।

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी नवीन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण मंडी की बैठक, जो 28 अक्तूबर को परिवहन कार्यालय मंडी में आयोजित की जानी थी, उसे प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक की नई तिथि शीघ्र ही निर्धारित कर वाहन मालिकों को इसकी सूचना प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी वाहन मालिकों से सहयोग का आग्रह किया है।

### भराड़ी में एनएसएस शिविर आज होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भराड़ी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का सात दिवसीय शिविर 25 से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है यह शिवर में गोद लिए गांव गदोहल में लगाया जाएगा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराड़ी के प्रिंसिपल भोलानाथ कश्यप ने कहा कि इस शिवर में विद्यार्थियों के सर्वागिण विकास हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### रिवालसर में लगी एक दिवसीय कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विकास परियोजना रिवालसर के सौजन्य से अंबेडकर भवन रिवालसर में शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए पोषण ट्रैकर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व अन्य विभागीय योजनाओं बारे जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यशैली को और अधिक सुदृढ़ करने तथा उनकी कार्य क्षमता को बढ़ाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी मंडी के कार्यालय से जिला समन्वयक पोषण अभियान रजनीश शर्मा ने पोषण ट्रैकर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जानकारी साझा की। इस अवसर पर पर्यवेक्षक कुसुम शर्मा रिवालसर, लता देवी कोट, निर्मला ठाकुर, सुमित्रा देवी सहित रिवालसर परियोजना की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### प्रसिद्ध चित्रकार कमल ने किया घाटी का दौरा

**अनंत ज्ञान, बरोट।** जिला कांगड़ा के बैजनाथ क्षेत्र के पपरोला गांव से संबंध रखने प्रसिद्ध चित्रकार व एसक्यूएन कमांडर एनएसजी दिल्ली कमल कुमार ने जिला कांगड़ा की दुर्गम छोटाभंगाल घाटी में वीरवार व शुक्रवार के दिन दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घाटी के राजगुंधा, सब्जी मंडी धरमान, मुल्थान, लोहारडी, पोलिंग तथा स्वाड़ आदि स्थानों में जाकर स्थानीय लोगों के साथ शिष्टाचार मुलाक़ात की। कमल ठाकुर ने कहा कि यह समूची घाटी पर्यटन की दृष्टि से कम नहीं है वहीं इस घाटी में रहने वाले सभी लोग मृदु भाषी होने के साथ-साथ अतिथि देवो भवः जैसी परम्परा को भी आज भी पूरी तरह से कायम रखे हुए उन्होंने कहा कि सच में यह मनमोहक घाटी स्विटज़र लेंट से कम नहीं है। इसलिए इस घाटी में बार-बार ही आने के लिए स्थानीय लोगों से वादा कर शुक्रवार को वापिस लौट गए।

# करसोग में फिर सक्रिय हुए नशेड़ी गिरोह

## मोक्षधाम जगोथी के पास मिले नशे के इंजेक्शन और शराब की खाली बोतलें



शराब की खाली बोतलों के साथ नशे के इंजेक्शन मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मचा।

**अनंत ज्ञान, करसोग**

एक बार फिर करसोग क्षेत्र में नशे का जाल फैलता दिखाई दे रहा है। मोक्षधाम जगोथी करसोग के पास शराब की खाली बोतलों के साथ नशे के इंजेक्शन (सीरिंज) बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यह स्थान नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है, जहां प्रतिदिन 4 से 5 युवा चिट्टे का सेवन करते हैं।

शुक्रवार दोपहर 2 बजे सोशल मीडिया पर जीवन कपूर द्वारा साझा की गई तस्वीरों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जगह-जगह बोतलें, ईंटें और सीरिंज बिखरी पड़ी हैं। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में देर शाम कुछ संदिग्ध युवकों की आवाजाही रहती है, जिससे आस-पास के लोग भयभीत हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस क्षेत्र में सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि नशे के इस जाल को जल्द से जल्द तोड़ा जा सके।

# आपात स्थितियों से निपटने का किया अभ्यास

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल प्रोजेक्ट, देहर पावर हाउस स्लापड में सीआईएसएफ द्वारा बहु-एजेंसी मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास प्रोजेक्ट की सुरक्षा व्यवस्था, संभावित प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारी तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल की जांच के लिए आयोजित किया गया। इस ड्रिल में सीआईएसएफ, बीबीएमबी फायर विंग, हॉस्पिटल स्टाफ तथा एनडीआरएफ टीम ने भाग लिया। मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप एवं भूस्खलन जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया गया, जिसमें राहत, बचाव एवं चिकित्सा सहायता की प्रक्रियाओं का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। अभ्यास का नेतृत्व दीपक जोशी, सहायक कमांडेंट (सीआईएसएफ) द्वारा किया गया। सभी सहभागी एजेंसियों ने उत्साह एवं समन्वय के साथ अपनी भूमिका निभाई। इस अवसर पर बीबीएमबी प्रबंधन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# दीपावली होने के बावजूद कर्मचारियों का नहीं जल पाया 3 प्रतिशत 'डीए का दीपक'

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

- राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने दी जानकारी

हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सरकार से लंबित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान शीघ्र करने की मांग की है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों को इस वर्ष एक अप्रैल से 30 सितंबर की अवधि के लिए 3 प्रतिशत डीए एरियर देने की घोषणा की थी और इसका भुगतान दीवाली से पहले किया जाना था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि दीवाली बीत जाने के बावजूद प्रदेश के अनेक विभागों के कर्मचारियों को यह एरियर अब तक प्राप्त नहीं हुआ है।

नरेश ठाकुर ने बताया कि हिमाचल पथ परिवहन निगम, बागबानी विश्वविद्यालय नौणी, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड, वन निगम, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, हिमफेड, जोगेंद्रा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक, जिला परिषद कर्मचारी, हिमुडा, कोऑपरेटिव बैंक, एचपीएमसी, एचपीटीसीएल तथा एचपीपीसीएल जैसे विभागों के कर्मचारी अभी भी इस एरियर से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अत्यंत निराशाजनक है, क्योंकि इन विभागों के कर्मचारी भी राज्य सरकार के अधीन कार्यरत हैं और प्रदेश के विकास में समान रूप से योगदान दे रहे हैं। समान कार्य करने वालों को समान लाभ मिलना संवैधानिक अधिकार है, जिसे सरकार को तुरंत सुनिश्चित करना चाहिए। महासंघ ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि वे शीघ्र हस्तक्षेप कर आदेश जारी करें, जिससे सभी वंचित विभागों के कर्मचारियों को लंबित 3 प्रतिशत डीए एरियर का भुगतान तत्काल किया जा सके। साथ ही, पहले के लंबित महंगाई भत्तों के एरियर का भी निपटारा किया जाए, जिससे कर्मचारियों को वास्तविक राहत मिल सके। नरेश ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों के धैर्य की अब परीक्षा न ली जाए। दीवाली बीत चुकी है, लेकिन कर्मचारी अब भी अपने अधिकार के इंतजार में हैं।

# सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र के हराबाग में सड़क पार कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, राहुल पुत्र शिव कुमार शर्मा निवासी लखनपुर, जिला बिलासपुर, शाम करीब छह बजे सामान की डिलीवरी करने के बाद अपने हराबाग स्थित स्टोर पर पहुंचा था। जब वह फोरलेन सड़क पार कर रहा था, तभी किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल राहुल को स्थानीय लोगों ने बेहोशी की हालत में सुंदरनगर अस्पताल पहुंचाया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- चालक वाहन सहित मौके से फरार, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

# पटड़ीघाट में सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनेड़ पटड़ीघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर आज विधिवत रूप से आरंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या उर्मिला चंदेल ने मुख्यातिथि के रूप में किया। यह शिविर विद्यालय परिसर तथा गोद लिए गांव पटड़ीघाट में आयोजित किया जा रहा है। शिविर अवधि के दौरान स्वयंसेवी विद्यालय परिसर में ही ठहरकर प्रभातफेरी, शारीरिक अभ्यास, परियोजना कार्य, स्वच्छता अभियान, बौद्धिक सत्र, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज सेवा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। कार्यक्रम अधिकारी चमन लाल ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवियों में अनुशासन, नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और व्यक्तित्व विकास की भावना को सुदृढ़ करना है। यह शिविर 30 अक्तूबर तक चलेगा।

# विधायक अनिल शर्मा ने निर्माणाधीन शिवधाम परियोजना का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सदर विधायक अनिल शर्मा ने निर्माणाधीन शिवधाम परियोजना का निरीक्षण किया। और चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की और कुछ सुझाव पर्यटन निगम और निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों को दिए, उन्होंने पानी की निकासी को लेकर गंभीरता पूर्वक कार्य करने को कहा ताकि भविष्य में बारिश या पानी की वजह से इस परियोजना को कोई नुकसान न पहुंचे। निर्माण कर रही कम्पनी के इंजीनियर्स ने विस्तार पूर्वक चल रहे निर्माण की जानकारी दी।

सनद रहे काफी समय से इस महत्वकांक्षी परियोजना का कार्य बंद था लेकिन अब इसको सुचारु करने के लिए विधायक द्वारा प्रयास करने के बाद प्रदेश सरकार ने इसके निर्माण में दिलचस्पी दिखाई और इसको पूर्ण करने के लिए फिर से निर्माण कार्य शुरू किया गया है। लगभग 25 करोड़ की लागत से इसके मंदिरों के ढांचों का निर्माण पूर्ण किया जा रहा और शेष कार्य के लिए एशियन डिवालमेंट बैंक के माध्यम से इस परियोजना को पूर्ण किया जाना है, जिसके लिए टेंडर अलग से किए जाएंगे ।

उन्होंने बताया की शिवधाम अपने आप में पूरे भारत में अकेला ऐसा स्थल होगा जहां 12 ज्योतिर्लिंगों के एक साथ दर्शन हो सकेंगे। उम्मीद है जल्दी ही इसका निर्माण पूरा होगा व ये एक अनोखा, आलौकिक धार्मिक और दार्शनिक स्थल होगा और मंडी में पर्यटन का नया आयाम स्थापित होगा। इस मौके पर पर्यटन निगम के अधिकारी राकेश अरोड़ा, केडीएन कंस्ट्रक्शन कंपनी के इंजीनियर्स और कर्मचारी उपस्थित रहे।



विधायक अनिल शर्मा निर्माणाधीन शिवधाम परियोजना का निरीक्षण करते हुए।

# हिमाचल पुलिस में जोगिंद्रनगर के देशराज राणा बने सब इंस्पेक्टर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

- 29 वर्षों की सेवाओं के बाद मिली पदोन्नति, क्षेत्र में खुशी की लहर

जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत लांगणा के प्रेण गांव के निवासी देशराज राणा ने हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।देशराज राणा ने वर्ष 1996 में कांस्टेबल के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। 29 वर्षों की ईमानदार व समर्पित सेवा के बाद उन्हें 10 अक्तूबर 2025 को सब इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत किया गया। उन्होंने 2003 में विभागीय परीक्षा पास कर 2006 में हेड कांस्टेबल और 2021 में सहायक उप-निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त की थी।



अपने कार्यकाल के दौरान देशराज ने विभिन्न पुलिस स्टेशनों, जनजातीय क्षेत्रों तथा एसवी एंड एसीबी कुल्लू में उत्कृष्ट सेवाएं दीं। वर्ष 2009 से 2013 तक उन्होंने तीसरी आईआरबीएन पंडोह में सिम्युलेटर फायरिंग प्रशिक्षण में भी योगदान दिया। वर्ष 1998 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री की मनाली यात्रा के दौरान उनकी उत्कृष्ट ड्यूटी के लिए उन्हें सीसी क्लास-2 प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया था। अब तक उन्हें 32 प्रशंसा प्रमाणपत्र मिल चुके हैं। रक्तदान, वीवीआईपी ड्यूटी और समर्पित सेवा के लिए उनकी सराहना की जाती रही है।एसएसपी कांगड़ा के स्टेनो/पीए के रूप में भी उन्होंने वीआईपी दौरों के दौरान बेहतरीन समन्वय व योजना कौशल का प्रदर्शन किया। देशराज राणा की इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की है।

## न्यूज ब्रीफ

### 29 से आरंभ होगा श्रीराम कथा महोत्सव

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत टकारला के गांव नई आबादी स्थित शिव नगर में 29 अक्तूबर से लेकर 6 नवंबर 2025 तक श्रीराम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पावन कथा आचार्य निखिल जी महाराज के वचनों से सम्पन्न होगी। आयोजन का शुभारंभ 29 अक्तूबर सुबह 11 बजे कलश यात्रा के साथ होगा, जो बड़ूही-टकारला-गारनी खड्ड पुल से प्रारंभ होकर कथा पंडाल तक निकलेगी। कथा महोत्सव का आयोजन मधु शर्मा एवं वेद प्रकाश शर्मा द्वारा करवाया जा रहा है, जबकि इसकी समस्त व्यवस्थाएं वेद प्रकाश शर्मा, विशाल अग्निहोत्री एवं शुभम अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में की जा रही हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 4:30 बजे प्रभात फेरी, 11 बजे से 2 बजे तक कथा वाचन तथा सायं 7 बजे से संध्या आरती एवं भजन संध्या का आयोजन रहेगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन प्रसाद एवं भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। इस धार्मिक आयोजन के दौरान कई विशेष कार्यक्रम भी रखे गए हैं। 3 नवंबर को शाम 4 बजे राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का शुभागमन होगा, जिनके सान्निध्य में ज्ञान गंगा प्रवाह कार्यक्रम संपन्न होगा। इसके बाद 5 नवंबर को दोपहर 3 बजे पूर्णिमा व्रत उद्यापन एवं मानस पूजा आयोजित की जाएगी। 6 नवंबर को सुबह 7 बजे सुपुत्री प्रीति शर्मा एवं श्री विशाल अग्निहोत्री के सुपुत्र के नामकरण संस्कार के साथ हवन, पूर्णाहुति, कथा एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत यह श्रीराम कथा महोत्सव पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### कोमल ने भाषण प्रतियोगिता में झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा की उप-तहसील जोल के अंतर्गत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलौण के छात्रों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की आठवीं कक्षा की छात्रा कोमल ने जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता रायपुर सहोड़ा में आयोजित की गई थी, जिसमें जिलेभर से विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कोमल अब ऊना जिला का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेगी। इसी के साथ, विद्यालय के छात्र रजाक का भी चयन कबड्डी खेल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय में विजेता छात्रों के स्कूल लौटने पर प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, समस्त स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से ही यह सफलता संभव हो पाई है। विद्यालय परिवार ने कोमल और रजाक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला और स्कूल का नाम ऊंचा करेंगे।

### निषाद कुमार ने की खेल मंत्री के साथ मुलाकात



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऊंचीकूद में विश्व विजेता बने उपमंडल अंब के बदाऊं के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार में खेल मंत्री यादविंदर गोमा के साथ उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत को गौरवांवित करने वाले अपने स्वर्ण पदक को भी खेल मंत्री को दिखाया। खेल मंत्री ने निषाद कुमार की इस उपलब्धि की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि निषाद की यह उपलब्धि उनकी निजी उपलब्धि नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में ऊंचा हुआ है। पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद प्रदेश सरकार के किसी भी मंत्री के साथ यह उनकी पहली मुलाकात थी। इससे पहले भी निषाद कुमार पैरा ओलंपिक में दो बार कमाल करके प्रदेश का नाम ऊंचा कर चुके हैं। पैरा ओलंपिक में दो बार निषाद के नाम रजत पदक रहा है, जबकि स्वर्ण पदक जीतने की जो तमन्ना उनके मन में थी उसे तो उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पूरा किया ही बल्कि उन्होंने अमेरिका के एथलीट राइरिक टोंसेंट को हराकर अपना बदला भी पूरा किया। बताया जा रहा है कि खेल मंत्री यादवेंदर सिंह गोमा ने निषाद कुमार की जमकर तारीफ की।

## एमसी में पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित

# 117 लाभार्थियों को वितरित किए तीन करोड़ रुपए के स्वीकृति पत्र



एमसी में पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंगीकार के द्वितीय चरण के तहत नगर निगम ऊना में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज ने की। उन्होंने योजना के 117 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए।

संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के द्वितीय चरण में नगर निगम ऊना के 117 पात्र लाभार्थियों को कुल लगभग 3 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक लाभार्थी को 2.5 लाख की सहायता राशि चार किस्तों में प्रदान की जाएगी। पहली किस्त 70 हज़ार नींव तक कार्य पूर्ण होने पर, दूसरी किस्त 60 हज़ार छत तक कार्य पूर्ण होने पर, तीसरी और चौथी किस्त 60-60 हज़ार रूपये छत डालने और संपूर्ण निर्माण पूरा होने पर जारी की जाएगी। संयुक्त आयुक्त ने लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे योजना के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शीघ्रता से अपने मकानों का निर्माण कार्य आरंभ करें और एक वर्ष के भीतर इसे पूरा करें। उन्होंने बताया कि पात्र परिवार योजना का लाभ लेने के लिए यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सामाजिक विकास विशेषज्ञ मनोज कुमार ने बताया कि ऊना जिले के विभिन्न शहरी निकायों में कुल 256 आवासों को स्वीकृति दी गई है। इनमें एमसी में 117, नगर परिषद संतोखगढ़ में 30, नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा में 13, नगर पंचायत अंब में 36, नगर पंचायत बंगाणा में 40, नगर पंचायत दौलतपुर चौक में 9, नगर पंचायत गगरेट में 4 और नगर पंचायत टाहलीवाल में 7 आवास शामिल हैं। इन सभी लाभार्थियों को मिलाकर कुल 6.40 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अर्बन प्लानर अंजू सोनी और सिविल इंजीनियर आदित्य ने लाभार्थियों को भवन निर्माण से संबंधित तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने भूकंप-रोधी निर्माण तकनीक, फ्रेम्ड स्ट्रक्चर, तथा हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल निर्माण पद्धतियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी साझा की।

## कार और स्कूटी में टक्कर, पांच घायल

**अनंत ज्ञान, अंब।** शुक्रवार को दिलवां गांव में सुबह एक तेज रफ्तार कार व स्कूटी में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें स्कूटी पर सवार दो लोगों समेत पांच लोग घायल हुए हैं। हादसा उस समय हुआ जब परमजीत कुमार (30) पुत्र सुरिंद्र कुमार निवासी वार्ड नंबर 1, गांव कुरियाला, अपने ताया पूर्ण चंद पुत्र वेला राम निवासी गांव सुरजेहड़ा के साथ स्कूटी (नंबर एचपी 20एफ-8364) पर सवार होकर बडूही गांव से घर लौट रहे थे। दिलवां गांव पहुंचते ही ऊना की दिशा से आ रही कार एचआर51बीके 7706) से स्कूटी की जोरदार टक्कर टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ से जा टकराई। हादसे में स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में स्कूटी चालक परमजीत कुमार व उसके पीछे सवार पूरन सिंह वासी कुरियाला जिला ऊना कार में स्मृति देवी, हेमलता व सरोज वासी गांव वीज्वा (राजस्थान) घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस के जरिए ऊना अस्पताल पहुंचाया। परमजीत वह पूरन सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। डीएसपी अंब वासूदा सूद ने मामले की पुष्टि की है

# आपदा जोखिम न्यूनीकरण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक




कलाकारों ने लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के विभिन्न तौर तरीकों से अवगत करवाया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण ऊना द्वारा आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण और समर्थ कार्यक्रम 2025 के तहत शुक्रवार को अंब और नैहरियां में लोगों को भूकंप सुरक्षित भवन निर्माण करने को लेकर जागरूक किया गया।

इस दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध फोक मीडिया ग्रुप आरके कला मंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने लोगों को सुरक्षित भवन निर्माण के विभिन्न तौर तरीकों और मूलभूत ज्ञान से अवगत करवाया। कलाकारों ने बताया कि भवन चाहे अवासीय हों या गैर आवासीय उसका निर्माण भूकंपरोधी तरीके से किया जाना चाहिए ताकि किसी भी आपदा के समय जानमाल के नुकसान को रोका जा सके। भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें ताकि भूकम्प से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। कलाकारों ने लोगों को भूकंपरोधी भवन बनाने के लिए उत्तम सीमेंट मोर्टार, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंर्ड, इंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण, उद्धघाटनों के जांब्स में खड़ी सुदृढ़ीकरण और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे भी जागरूक किया।

इसी कड़ी में समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत 25 अक्तूबर को गगरेट और शिवबाड़ी तथा 26 अक्तूबर को कुनेरन और ओईल में आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को भूकपं सुरक्षित भवन निर्माण के साथ-साथ आपदा जोखिमों और उपायों बारे जागरूक किया जाएगा।

## सर्वजोत सिंह का कुरियाला स्कूल पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना के अंब में हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के एथलीट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुरियाला स्कूल के सर्वजोत सिंह पुत्र गुरवचन सिंह छात्र दस जमा एक ने अंडर 19 जिला स्तरीय एथलीट खेलकूद प्रतियोगिता में 800, 400 मीटर रेस तथा लांग जंप में तीन गोल्ड मेडल के साथ साथ वेस्ट ऐथलीट का खिताब जीत कर स्कूल माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

वहीं, शुक्रवार को स्कूल पहुंचने पर सर्वजोत सिंह का स्कूल के प्रधानाचार्य, स्कूल प्रबंधन कमेटी पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। प्रधानाचार्य सुदर्शन कौशल ने सभी विधार्थियों को नशे से दूर रहने तथा सर्वजोत सिंह की तरह मेहनत करने का आह्वान किया है। वहीं पर इस उपलब्धि पर सर्वजोत सिंह व उसके कोच मनोज शर्मा सहित अभिभावकों को इस जीत का श्रेय दिया। स्कूल के डीपीई व कोच मनोज शर्मा का कहना है कि सर्वजोत सिंह ने तीन गोल्ड मेडल सहित वेस्ट ऐथलीट का खिताब जीत कर स्कूल माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सर्वजोत ने इस किताब को जीतने के लिए दिन रात खुब मेहनत की थी, जिसका फल उसे मिला। वहीं विजेता सर्वजोत सिंह अब आने वाली राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, जो कि हमीरपुर में होगी। उसकी तैयारी कर रहा है। सर्वजोत सिंह ने इसका सारा श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य सुदर्शन कौशल, ऐथलीट कोच राकेश चौधरी, स्कूल डीपीई व ग्राउंड कोच मनोज शर्मा, पिता गुरवचन सिंह सहित स्कूल स्टाफ सदस्यों को दिया, जिन्होंने हर समय मदद की। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुदर्शन कौशल, कोच मनोज शर्मा, स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष रवि दास, पंचायत प्रधान जसविंद्र कौर आदि मौजूद रहे।

## समाज सेवा के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, हरोली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भदसाली में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में पूर्व ग्राम पंचायत प्रधान जशपाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि यह शिविर 24 से 30 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 30 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जिनमें 16 लड़के और 14 लड़कियां शामिल हैं। शिविर के उद्घाटन सत्र में प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवियों को एनएसएस के इतिहास और उद्देश्यों से अवगत करवाते हुए उन्हें पूर्ण समर्पण और उत्साह के साथ शिविर को सफल बनाने का आग्रह किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि जशपाल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा की भावना विकसित करना है।

## अनुराग के जन्मदिन पर कुष्ठ आश्रम कोटला खुर्द में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

# अनुराग के प्रयासों से बदली प्रदेश के विकास की तस्वीर: कंवर



कुष्ठ आश्रम कोटलाखुर्द में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कुष्ठ आश्रम कोटलाखुर्द में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कुटलैहड़ सेवा संगठन और डेरा बाबा रुद्रानंद सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

वीरेंद्र कंवर ने इस मौके पर अनुराग ठाकुर को प्रदेशवासियों की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुराग ठाकुर जन-जन के प्रिय नेता हैं, जिन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच और कर्मशील नेतृत्व के बल पर हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि खेल जगत में युवाओं को नई दिशा देने में अनुराग ठाकुर का योगदान अतुलनीय रहा है। उनके प्रयासों से देशभर में खेल सुविधाओं का विस्तार, हजारों खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, और हिमाचल का खेल मानचित्र पर उभरना संभव हुआ है। कंवर ने कहा कि विकास की दृष्टि से अनुराग ठाकुर ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। उनके अथक प्रयासों से पीजीआई सैटेलाइट सेंटर, एम्स बिलासपुर, स्वां चैनलाइजेशन प्रोजेक्ट, आईआईटी मंडी, और अनेक खेल मैदानों जैसे बड़े प्रोजेक्ट साकार हुए हैं। इसके अलावा उन्होंने जरूरतमंद लोगों के लिए सांसद मोबाइल सेवा, मेधावी छात्रों के लिए एक्सपोज़र टूर, सांसद खेल महाकुंभ, और ग्रामीण छात्रों के लिए ट्यूशन व्यवस्था जैसी जनकल्याणकारी पहलें शुरू कीं, जो उनकी संवेदनशील और दूरदर्शी सोच को दर्शाती हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि अनुराग ठाकुर की राजनीति का केंद्र बिंदु सदैव जनसेवा और युवा सशक्तिकरण रहा है। हिमाचल के विकास को राष्ट्रीय राजनीति से जोड़ने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर नागरिक उनके कार्यों पर गर्व महसूस करता है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने अनुराग ठाकुर के स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की तथा प्रदेश और देशहित में उनके निरंतर योगदान की सराहना की।

## छात्रों ने कहानी से प्रेरणा लेकर साझा की अभिव्यक्तियां

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के भाषा व संस्कृति विभाग ने कहानी वाचन शृंखला एक समय की बात है का शुभारंभ किया। इस शृंखला के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह वरिष्ठ कहानीकार विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों को प्रेरणादायक कहानियां सुनाएंगे, ताकि युवा पीढ़ी में सृजनात्मक लेखन, चिंतन और लोक संस्कृति के प्रति भावनात्मक जुड़ाव पैदा हो। इसी क्रम में लता मंगेशकर कलाकेंद्र समूरकलां में एक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा भारती बीएड कॉलेज के छात्र और शिक्षक उपस्थित थे। वरिष्ठ साहित्यकार अशोक कलिया ने कहानी लेखन और उसके तत्वों पर विचार व्यक्त किए। इसके बाद जिला ऊना की वरिष्ठ कहानीकार अलका चावला ने मां और मातृदिवस शीर्षक कहानी का वाचन किया। कहानी के माध्यम से छात्रों ने यह सीखा कि कथनी और करनी में समानता होनी चाहिए।

# सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा तंबाकू मुक्त युवा अभियान



**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला इन दिनों सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की राह पर अग्रसर है।

तंबाकू छोड़ो, जिंदगी चुनो के संदेश के साथ शुरू हुआ तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अब जिले में सिर्फ जन-जागरूकता मुहिम नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान की शुरुआत उपायुक्त जतिन लाल ने 9 अक्तूबर को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से की थी और यह अभियान 8 दिसंबर तक जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से यह तीसरा चरण है, जिसमें नई रणनीति, व्यापक जनभागीदारी और विभागीय समन्वय पर विशेष बल दिया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों में जागरूकता लाना, युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना और ऊना को पूर्णत: तंबाकू मुक्त जिला बनाना है। यह मुहिम तंबाकू मुक्त हिमाचल के राज्यव्यापी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में भी निर्णायक कदम साबित हो रही है। उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि अभियान की सफलता प्रत्येक नागरिक की भागीदारी पर निर्भर करती है।

उनका उद्देश्य केवल तंबाकू नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि ऊना को एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त जिला बनाना है। इसके लिए पंचायती राज संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों, स्वयंसेवी समूहों और युवाओं को अभियान में शामिल किया गया है। ग्रामीण स्तर पर नुक्कड़ नाटक, रैलियां, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही डिजिटल प्लेटफार्म और सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता का संदेश तेजी से फैलाया जा रहा है। उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस पहल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और तंबाकू मुक्त हिमाचल के संकल्प में योगदान दें। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश नहीं दे रहा, बल्कि समाज को स्वच्छ, सशक्त और सजग बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। अभियान का प्रमुख फोकस युवाओं पर है क्योंकि तंबाकू सेवन की शुरुआत अक्सर किशोरावस्था में होती है। उपायुक्त ने शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों और कॉलेजों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकने का प्रावधान सुनिश्चित किया जा रहा है। पंचायती स्तर पर तंबाकू मुक्त गांव अभियान को भी सक्रिय रूप से लागू किया जा रहा है। पुलिस विभाग की मदद से कानूनों का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है।

### विभागीय समन्वय और निरंतर प्रयास

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा के अनुसार, इस अभियान में सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए लगातार गतिविधियां चल रही हैं। यह अभियान केवल स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि ऊना में सकारात्मक सामाजिक बदलाव का प्रतीक बन चुका है।

## रबी की फसलों की बुआई से पहले अंबोटा के किसानों को मिला तोहफा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव में शुक्रवार को विधायक राकेश कालिया ने किसानों के लिए नायाब तोहफा दिया। बुरी हालत में पहुंच चुकी सिंचाई योजना के नलकूप के री-बोर के लिए विधायक ने भूमिपूजन किया, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि भले ही आलू की फसल को पहले पर्याप्त पानी नहीं मिल सका, लेकिन रबी की फसलों को बिना सिंचाई सुविधा के नहीं रहने दिया जाएगा।

अंबोटा गांव की यह योजना कई वर्षों से काम कर रही थी, लेकिन हाल ही में यह पूरी तरह जवाब दे चुकी थी। विधानसभा उपचुनाव के दौरान राकेश कालिया ने इस योजना के जीर्णोद्धार का वादा किया था। शुक्रवार को लगभग पच्चीस लाख रुपये की लागत से इस योजना के री-बोर का भूमिपूजन संपन्न हुआ। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश की कांग्रेस सरकार के साथ भेदभाव कर रही है, बावजूद इसके प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा में जिला ऊना सहित प्रदेश के कई हिस्सों को भारी नुकसान हुआ, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा घोषित 1,500 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की राशि अभी तक प्रदेश सरकार को नहीं मिली। उन्होंने यह भी कहा कि कई परिवारों के मकान बरसात में गिर गए, लेकिन उन्हें केंद्र से कोई सहायता नहीं मिली। भूमिपूजन कार्यक्रम में जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार, सहायक अभियंता रजत ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस के निवर्तमान प्रधान सुरेंद्र सिंह कंवर, नम्बरदार एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अश्विनी ठाकुर, राकेश ठाकुर, बाबू बनारसी दास, रमन जसवाल और मनीष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## कौशल विकास व आत्मविश्वास के महत्व पर दिया गया जोर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में कैरियर एवं काउंसलिंग सेल के तत्वावधान में अंग्रेजी संवाद-कौशल विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेज़ी भाषा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना और संवाद-कौशल के क्षेत्र में दक्षता विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. शगुन डोगरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेज़ी संवाद-कौशल केवल भाषा नहीं, बल्कि व्यवसाय, शिक्षा, तकनीक और सामाजिक जीवन में सफलता की कुंजी बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों को रोज़ाना अंग्रेज़ी बोलने, सुनने और लिखने का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे भविष्य की प्रतियोगी चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। डॉ. डोगरा ने संवाद के दौरान सकारात्मक सोच, स्पष्ट उच्चारण और सही शारीरिक भाषा (बॉडी लेंग्वेज) के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कार्यकारी प्राचार्या प्रो. कविता कौशल ने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल विकास और आत्मविश्वास व्यक्ति को भीड़ से अलग पहचान दिलाता है।

**तैयारियां** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने पीर बाबा दंगल कमेटी रायसरी को दिया आर्थिक सहायता का चेक

# ग्रामीण खेल परंपराओं के संरक्षण में जुटी दंगल कमेटी रायसरी



विधायक विवेक शर्मा पीर बाबा दंगल कमेटी रायसरी को आर्थिक सहायता का चेक देते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के रायसरी गांव में आयोजित होने जा रहे वार्षिक पीर बाबा दंगल को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

आगामी 26 अक्तूबर को होने वाले इस पारंपरिक दंगल में क्षेत्र भर से नामी पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसी सिलसिले में पीर बाबा दंगल कमेटी रायसरी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कार्यालय जोगी पंगा में विधायक विवेक शर्मा से मिले और उन्हें दंगल समारोह में बतौर मुख्यतिथि शामिल होने का निमंत्रण दिया। कमेटी के सदस्यों ने विधायक विवेक शर्मा को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया और बताया कि इस दंगल का आयोजन वर्षों से आपसी भाईचारे और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कमेटी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने दंगल कमेटी को अपनी निजी आए से आर्थिक सहायता का चेक प्रदान करते हुए आश्वासन दिया कि खेल और संस्कृति से जुड़ी परंपराओं को आगे बढ़ाने में उनकी पूरी सहायता रहेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। कमेटी के पदाधिकारियों ने विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा कि विवेक शर्मा का सहयोग ग्रामीण खेल संस्कृति को नई दिशा देगा। इस मौके पर कमेटी के प्रधान सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। गांव रायसरी में होने वाला यह दंगल न केवल खेल प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बनेगा। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका एवं अन्य मौजूद रहे।

## 90 वर्षीय बलासा राम शर्मा से की सौजन्य भेंट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विवेक शर्मा ने अपने क्षेत्र के एक अत्यंत सम्मानित व प्रेरणास्रोत बुजुर्ग आदरणीय बलासा राम शर्मा (आयु 90 वर्ष) से सौजन्य भेंट की। यह मुलाकात विधायक विवेक शर्मा के जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान हुई, जिसमें उन्होंने न केवल बलासा राम का हालचाल जाना, बल्कि उनके जीवन के प्रेरक अनुभव भी सुने।

धार्मिक और सांस्कृतिक प्रवृत्ति से ओतप्रोत बलासा राम शर्मा कुटलैहड़ क्षेत्र में एक जाना-पहचाना नाम हैं। वे पिछले लगातार 68 वर्षों से वैवाहिक समारोहों में कलांट (पीपनी) बजाने की अपनी लोक परंपरा को निभा रहे हैं। उनके हाथों की यह मधुर धुन अब कुटलैहड़ की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। उन्होंने विधायक विवेक शर्मा से बातचीत के दौरान अपने जीवन के कई रोचक प्रसंग साझा किए, कैसे उन्होंने युवा अवस्था से लेकर अब तक सैकड़ों शादियों में संगीत के माध्यम से लोकसंस्कृति को जीवंत रखा। विधायक विवेक शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार और परंपराएं ही नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करती हैं। उनसे मिलकर मन को जो सुकून मिलता है, वह किसी और चीज से नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि बलासा राम जैसे व्यक्तित्व हमारे समाज की नींव को मज़बूती प्रदान करते हैं और उनका आशीर्वाद हर जनप्रतिनिधि के लिए प्रेरणास्रोत होता है। विवेक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना और उनकी छोटी-छोटी समस्याओं को सुलझाना उनका कर्तव्य ही नहीं बल्कि एक नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने प्रशासन को भी निर्देश दिए कि वरिष्ठ नागरिकों की ज़रूरतों और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। मुलाकात के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने बलासा राम को फल-सामग्री और शॉल भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बलासा राम ने विधायक विवेक शर्मा को क्षेत्र के विकास के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि विवेक शर्मा का सादगीपूर्ण व्यवहार व जनता के प्रति समर्पण उन्हें अन्य नेताओं से अलग पहचान देता है। कुटलैहड़ में इस भावनात्मक मुलाकात ने क्षेत्रवासियों के दिलों को छू लिया।

# अजय ठाकुर के राजनीति में बढ़ते कदमों से बदल रहे कुटलैहड़ भाजपा के समीकरण



अजय ठाकुर के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ की राजनीति इन दिनों नए समीकरणों की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा की कार्यकारिणी में अजय ठाकुर की नियुक्ति ने क्षेत्रीय राजनीति में नई ऊर्जा और हलचल पैदा कर दी है। युवा नेता अजय ठाकुर के सक्रिय राजनीति में कदम रखने के साथ ही कुटलैहड़ भाजपा की आंतरिक स्थिति में अब एक नया अध्याय जुड़ गया है। उनकी नियुक्ति के बाद बंगाणा और आस-पास के क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। उनके स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं ने भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया, जहां युवाओं में नई उम्मीद की लहर दिखी। अजय ठाकुर लंबे समय से संगठन के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। कॉलेज जीवन से ही एबीवीपी से जुड़कर राजनीति की शुरुआत करने वाले अजय आज भाजपा के प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर चुके हैं। अखिल भारतीय बॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के समर्थक माने जाने वाले अजय ठाकुर को उनकी खुली सराहना और समर्थन भी प्राप्त हुआ है। कहा जा रहा है कि कंवर गुट के अधिकांश कार्यकर्ता अब अजय ठाकुर के साथ खड़े हैं, जिससे कुटलैहड़ भाजपा के भीतर शक्ति संतुलन एक नए स्वरूप में ढल रहा है। दूसरी ओर, पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो का गुट इस नई दिशा से दूरी बनाए हुए है। भुट्टो समर्थक अब तक अजय ठाकुर के समर्थन में सामने नहीं आए हैं, जिससे पार्टी के भीतर दो गुटों की स्थिति और स्पष्ट हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले यह गुटबाजी भाजपा के लिए चुनौती और अवसर दोनों साबित हो सकती है। अजय ठाकुर की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण युवाओं से उनका गहरा जुड़ाव है। वे खेल, सामाजिक कार्यों और जनहित अभियानों में लगातार सक्रिय रहे हैं। क्षेत्र के युवाओं को रोजगार, नशामुक्ति और खेलकूद के प्रति प्रेरित करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के भी करीबी माने जाने वाले अजय, संगठनात्मक दिशा और मार्गदर्शन के साथ अपनी राजनीतिक यात्रा को तेज़ी से आगे बढ़ा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अजय ठाकुर की बढ़ती लोकप्रियता और वीरेंद्र कंवर का समर्थन कुटलैहड़ भाजपा में नई ऊर्जा लेकर आया है। इस नियुक्ति से जहां कंवर गुट को संजीवनी मिली है, वहीं यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह नया समीकरण पार्टी को और मज़बूत करेगा या आंतरिक मतभेदों की नई कहानी लिखेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दो युवकों से 20.480 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली पुलिस ने हरियाणा और मनाली के दो युवकों को 20.480 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर छानवीन शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान योगेश राणा उम्र 25 साल आरओ हाउस नंबर 46/1 वार्ड न0 15 मुरथल रोड़ विकास नगर जिला सोनीपत हरियाणा तथा रोहित शर्मा उम्र 23 साल वार्ड न. 7 गोपां रोड मनाली तहसील मनाली जिला कुल्लू हिप्र के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर निजी रिजेंसी के कमरा नं. 0103 की नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवकों से 20.480 ग्राम चिट्टा बरामद किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### अनुराग के जन्मदिवस पर फल व कंबल दिए



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का जन्मदिन मनाया गया व फल वितरण व कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर युवाओं को अस्पतालों से दूर रहने और स्वस्थ रहने के लिए खेलों से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और जरूरतमंद परिवारों के बीच जाकर फलों का वितरण किया तथा अनुराग सिंह ठाकुर के स्वस्थ, दीर्घायु व सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने विकास कार्यों, युवाओं के प्रति समर्पण व जनसेवा की भावना से पूरे हिमाचल का नाम देश व विदेशों मे रोशन किया है।

# पर्यटकों के बिना वीरान पड़ी मनाली में लौटी रौनक

## बढ़ी पर्यटकों की चहलकदमी, पर्यटन कारोबार को पंख लगने की उम्मीद

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** आपदा की मार झेल रही पर्यटन नगरी मनाली में अब पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। पर्यटकों के बिना सुनसान पड़ी पर्यटन नगरी मनाली में अब पर्यटकों की संख्या बढ़ने से करीब दो माह बाद एक बार फिर से पर्यटकों की दस्तक से रौनक लौटने लगी है।

पर्यटकों ने एक बार फिर से कुल्लू-मनाली की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। लंबे अंतराल के बाद पर्यटकों की दस्तक से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे में उम्मीद की किरण दिखने लगी है। सनद रहे कि आपदा के कारण 25 व 26 अगस्त को ब्यास नदी में बाढ़ व आपदा आने के पश्चात राष्ट्रीय उच्च मार्ग व राज्य उच्च मार्ग काफी जगह पर क्षतिग्रस्त हो गए थे जिससे मनाली में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आ गई थी। लेकिन खुशी की बात है कि इस सप्ताह से मनाली में देश-विदेश से आ रहे पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ी है। अब पर्यटकों की संख्या बढ़ने से मनाली का कारोबार गति पकड़ेगा। होटल कारोबारी बुद्धि सिंह, मकरध्वज शर्मा, चमन शर्मा, किशन राणा, संजय वर्मा, रवि ब्यास, राजू शर्मा, बंशी व हैप्पी ने बताया कि लंबे समय से चल रही मंदी के जल्द दूर होने की उम्मीद है। होटलों में भी अब रौनक दिखने लगी है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही मंदी अब जल्द दूर छंटने वाली है। उन्होंने बताया कि 2023 में भी पर्यटन कारोबारियों को आपदा से नुकसान झेलना पड़ा था लेकिन इस बार 2025 में उससे भी नुकसान हुआ है। लेकिन अब पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। 23 अक्तूबर को अटल टनल से 4192 वाहनों की आवाजाही हुई है तथा ग्रीन टैक्स बैरियर से मिली जानकारी के अनुसार 665 वाहन बाहरी राज्यों से मनाली में आए हैं जिनमें से 50 से अधिक बोल्वो बसें हैं।



पर्यटकों के बिना वीरान पड़ी पर्यटन नगरी मनाली में लौटी रौनक।

> **आम-जनता** से अपील है कि कोई भी अपने वाहन को अनाधिकृत रुप से सड़क पर खड़ा न करें तथा पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने में सहयोग दें। पुलिस तथा गृह रक्षक कर्मचारी ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं। जो पूरी निष्ठा एवं लगन से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। पुलिस हमेशा जनता की सेवा में तत्पर है।
>
> **केडी शर्मा, डीएसपी मनाली**

### मनाली बाइपास की हालत खराब

**करीब** 2 माह का समय बीत जाने के बावजूद भी एनएचएआई के द्वारा मनाली बाई-पास को अभी तक भी वाहनों के चलने योग्य नहीं किया गया है जिस कारण सभी छोटे-बड़े वाहनों को पुराने मार्ग मनाली बाजार (बुद्धा चौक से आई-बैक्स चौक होकर) से भेजना पड़ रहा है तथा इससे ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने में पुलिस को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए बुद्धा चौक से लेकर आई-बैक्स चौक तक अनाधिकृत रुप से सड़क के किनारे खड़े सभी वाहनों को वहां से हटा दिया गया है।

# खो चुके चार लाख के कैमरे को पाकर भावुक हुए मुंबई के श्रीधर

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**



**मनाली।** अपने खो चुके चार लाख के कैमरे को पाकर मुंबई के श्रीधर भावुक हो गए। आटो यूनियन मनाली के चालक ने ईमानदारी दिखाते हुए चार लाख का कैमरा पर्यटकों को सुरक्षित लौटाया। आटो यूनियन मनाली के चालक ईमानदारी के लिए बहुत मशहूर है।

यूनियन के अध्यक्ष मोती राम की अध्यक्षता में सालों से पर्यटकों व स्थानीय लोगों का लाखों का समाना लौटाकर ईमानदारी की मिसाल कायम रखी है। वीरवर को मुंबई का पर्यटक अपने बैग को आटो में ही भूल गया। आटो चालक ने भी तब ध्यान दिया जब वह रात को आटो पार्क कर घर जाने लगा। उसने देखा कि पर्यटक का बैग तो ऑटो के भीतर ही रह गया है। चालक के पास पर्यटक के ठहरने की कोई जानकारी नहीं थी। दूसरी ओर पर्यटक को भी आटो नंबर की जानकारी नहीं थी। आटो चालक ने बैग यूनियन के अध्यक्ष मोती राम के हवाले कर दिया। दूसरे दिन आज अपना बैग तलाशता हुआ पर्यटक श्रीधर आटो यूनियन के कार्यालय पहुंच गया और बैग गुम होने की जानकारी अध्यक्ष को बताई। अध्यक्ष मोती राम ने जैसे ही पर्यटक को उसका खोया बैग दिखाया तो वो खुशी से उझल पड़ा। अपना महंगा कैमरा देख पर्यटक भावुक हो गया। अध्यक्ष मोती राम ने अपने आटो चालक सतीश कुमार को ईमानदारी के लिए सम्मानित किया और उसकी प्रशंसा की। मोती राम ने बताया कि आटो चालक आज तक लाखों का समान पर्यटकों को लौटा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आटो यूनियन हर साल ईमानदारी करने वाले अपने चालकों को अपने वार्षिक समारोह में सम्मानित करती है। इस बार भी सभी को सम्मानित किया जाएगा।

# दो साल बाद 7 को फिर शुरू होगी कुल्लू-चंडीगढ़ के मध्य हवाई उड़ान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

विंटर सीजन के लिए पर्यटन कारोबारी ने तैयारी शुरू कर दी है। वहीं, 2 साल बाद फिर से 7 नबंवर से भुंतर हवाई अड्डा से सैलानी चंडीगढ़ से कुल्लू पहुंच सकेंगे। बीते 2 सालों से यह उड़ान बंद चल रही थी, लेकिन अब विंटर सीजन को देखते हुए 2 साल बाद अब यह उड़ान फिर से शुरू हो रही है। 7 नवंबर से चंडीगढ़ से कुल्लू के लिए हवाई सेवा शुरू की जाएगी।

भुंतर एयरपोर्ट के एजीएम अनिल कुमार ने कहा, 7 नवंबर से भुंतर हवाई अड्डा से चंडीगढ़ के लिए एलायंस एयर की उड़ान प्रस्तावित है। बता दें कि कुल्लू से चंडीगढ़ के बीच नवंबर 2023 से हवाई सेवा सेवा बंद थी। इसके शुरू होने से पर्यटन को भी पंख लगेंगे। मिली जानकारी के अनुसार 72 सीटर एटीआर 70 हवाई जहाज की उड़ानें सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, वीरवार और शनिवार को होंगी। कुल्लू जिला ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के प्रधान अतिशय वशिष्ठ ने कहा, भुंतर से चंडीगढ़ के लिए नई हवाई सेवा शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे में सैलानी चंडीगढ़ से भी अब भुंतर तक हवाई यात्रा का आनंद ले सकेंगे।

### कितना होगा एयर टिकट का किराया और समय

**उड़ान** का समय भुंतर स्थित कुल्लू-मनाली हवाई अड्डे से सुबह 9.55 बजे होगा और चंडीगढ़ सुबह 10.35 बजे उड़ान पहुंचेगी। इसका न्यूनतम किराया 5,822 रुपये हैजबकि वरिष्ठ नागरिकों का 3,756 रुपये रहेगा। चंडीगढ़ के लिए उड़ान फिर से शुरू होने से पर्यटन कारोबारियों में भी खुशी जाहिर की है।अभी एलायंस एयर की भुंतर से दिल्ली, भुंतर से जयपुर, भुंतर से देहरादून व भुंतर से अमृतसर के लिए उड़ानें सप्ताह में दो से तीन दिनों तक हो रही है।

# बॉक्सिंग की राष्ट्रीय खेलों के लिए आदित्य चयनित

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** बॉक्सिंग के राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के लिए 75 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बजौरा कुल्लू के आदित्य पाल का चयन हुआ है।

बॉक्सिंग की राष्ट्रीय स्कूली खेलें अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के खेलो इंडिया इंडोर स्टेडियम में 28 अक्तूबर से 3 नवंबर 2025 तक आयोजित हो रही हैं। अभी हाल ही में अंडर-17 वर्ग के लिए राष्ट्रीय सिलेक्शन ट्रायल सुंदरनगर, जिला मंडी में हुए थे। आदित्य इन दिनों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंदरनगर में चले प्रशिक्षण शिविर में अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में पसीना बहा रहा है। आदित्य ज़िला कुल्लू से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने वाला एकमात्र खिलाड़ी है। उसके चयन से पाठशाला परिवार में खुशी की लहर छा गई है। उल्लेखनीय है विभिन्न खेलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बजौरा कुल्लू के खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर हर वर्ष ज़िला कुल्लू के साथ हिमाचल प्रदेश का नाम भी ऊंचा किया है। प्रधानाचार्य कविता कपूर, डी. पी. इ. हरदेव सिंह नेगी ने बताया कि उन्हें आशा है आदित्य, राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन कर हिमाचल और अपनी पाठशाला का गौरव बढ़ाएगा।

# मनाली में पुराने एनएच पर बढ़ी वाहनों की संख्या, ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के पुराने नेशनल हाइवे पर वाहनों की संख्या बढ़ने से ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो गई है। इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आईबैक्स चौक से पुलिस थाना तक की सड़क को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों के चालान कटेंगे। अगस्त माह में ब्यास नदी में बाढ़ व आपदा आने के पश्चात राष्ट्रीय उच्च मार्ग व राज्य उच्च मार्ग काफी जगह पर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इससे मनाली में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आ गई थी। अब स्थिति सामान्य होने के बाद इस सप्ताह से मनाली में देश-विदेश से आ रहे पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लगभग दो माह का वक्त बीत जाने के बावजूद भी एनएचएआई ने मनाली बाई-पास को अभी तक भी वाहनों के चलने योग्य नहीं किया गया है। जिस कारण सभी छोटे-बड़े वाहनों को पुराने मार्ग मनाली बाजार (बुद्धा चौक से आई-बैक्स चौक होकर) से भेजना पड़ रहा है। इससे ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने में पुलिस को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए बुद्धा चौक से लेकर आई-बैक्स चौक तक अनाधिकृत रुप से सड़क के किनारे खड़े सभी वाहनों को वहां से हटा दिया गया है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि कोई भी अपने वाहन को अनाधिकृत रुप से सड़क पर खड़ा न करें। पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने में सहयोग दें। पुलिस तथा गृह रक्षक कर्मचारी ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए कड़े निर्देश दिए गए है। जो पूरी निष्ठा एवं लगन से अपने कर्तव्य का निर्वाहन कर रहे है। पुलिस हमेशा जनता की सेवा में तत्पर है।

# 'प्रदेश सरकार कर रही राज्यों के धन्ना सेठों के हाथों हिमाचल को बेचने की साजिश'

**अनंत ज्ञान मनाली**

हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफार्म एक्ट 1972 की धारा 118 की प्रक्रिया को आसान करने की खबर से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। प्रदेश सरकार का मानना है कि इस कानून में संशोधन कर ईज आफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा मिले, मगर स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर धारा 118 में संशोधन कर बाहरी राज्यों के धन्ना सेठों के हाथों हिमाचल को बेचने की साजिश प्रदेश सरकार कर रही है। धारा 118 के होते हुए भी अनेक गैर हिमाचलियों ने आलीशान होटल और भवन बना लिए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि सरकार को धारा 118 से कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए।



> **सरकार** अगर ऐसा करती है तो ये हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के हित में नहीं होगा। हमारी कृषि भूमि धन्ना सेठों के हाथों में बिक जाएगी और हमारे भोले भाले लोग पलायन करने पर मजबूर हो जाएंगे।
>
> **अनूप ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष मनाली होटलियार्ज एसोसिएशन।**



> **सरकार** की आर्थिक हालत ठीक नहीं है इसीलिए अब हिमाचल को बेचने की तैयारी हो रही है। वर्तमान सरकार का यही व्यवस्था परिवर्तन है। धारा 118 होने के बावजूद भी बाहरी राज्यों के लोग हिमाचल में जमीन खरीद रहे हैं, अगर इसमें और छूट दी गई, तो हिमाचल को बिकने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।
>
> **अजय अबरोल, पर्यटन व्यवसायी।**



> **मुख्यमंत्री** यशवंत सिंह परमार ने हिमाचलियों के हित के लिए धारा 118 का अनुमोदन किया था, ताकि बाहरी राज्यों के लोग हिमाचल आकर भोले-भाले लोगों को ठग न सके, अगर सरकार ने इस पर कोई छेड़छाड़ की, तो जनता सड़कों पर उतरने से भी गुरेज नहीं करेगी।
>
> **ठाकुर दास, स्थानीय निवासी मनाली**

# पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में कॉलेज छात्र केंद्रीय परिषद (एमसीसीपी) का शपथ ग्रहण समारोह पुस्तकालय सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्यातिथि व प्राचार्या डॉ. राजन देवी नेगी रहीं। प्राचार्या ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष संजीता, उपाध्यक्ष स्नेह लता, महासचिव प्रीतिका और संयुक्त सचिव अल्का को शपथ दिलाई। एनसीसी श्रेणी के अंडर ऑफिसर सुनील कुमार, सीपीएल ओम लता और शैक्षणिक श्रेणी की सुनीता को शपथ कैप्टन डॉ. संदीप कुमार ठाकुर ने दिलाई। एनएसएस की साक्षी एवं स्मृति ठाकुर को शपथ प्राचार्या ने दिलाई। लाल रिबन समिति के पितांबर लाल, वाणिज्य-आर्थिकी संघ के देवेंद्र, खेल श्रेणी के निशा व प्रणव तथा सांस्कृतिक श्रेणी के जतीन व यामिनी ने भी शपथ ग्रहण की। अध्यक्ष संजीता ने सहयोग व अनुशासन का आश्वासन दिया। प्राचार्या ने मार्गदर्शन व शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# भाजपा महिला मोर्चा मनाली मंडल की नई टीम घोषित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भाजपा महिला मोर्चा मनाली मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। महिला मोर्चा मनाली की अध्यक्ष हेमा ठाकुर ने बताया कि यह घोषणा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा और अनुमोदन के बाद की गई है। मंडल स्तर पर विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, ताकि संगठन को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाया जा सके। नवनियुक्त कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में आरती ठाकुर (रायसन), डिंपल (भाटग्रां), दीपिका (शलीन) और पुष्पा (नसोगी) को दायित्व सौंपा गया है। महामंत्री के पद पर चंपा शर्मा (डोभी) और कल्पना ठाकुर (लोघट-मनाली) को नियुक्त किया गया है।

सचिव पद का दायित्व पुष्पा देवी (रियाड़ा), रीना शर्मा (बड़ाग्रां), चंपा ठाकुर (बबली) और पुष्पा (लोअर दुआड़ा) को सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में नीलम (ओल्ड मनाली) और सोशल मीडिया सह-प्रभारी के रूप में अरुणा नेगी (दुआड़ा) को नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी का दायित्व अंजलि कटोच (डूंगरी) और मीडिया सह-प्रभारी का दायित्व गीता देवी (शलीन) को दिया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में लाजवंती शर्मा (पतलीकूहल) और प्रवक्ता के रूप में नीरू मल्होत्रा (मनाली बाजार) को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में पांच नए सदस्य भी जोड़े गए हैं, जिनमें आरती (शलीन), चंपा देवी (ब्राण), मीरा (बाड़ी), उर्मिला (सलिंगचा) और उर्मिला (फोज़ल) शामिल हैं। अध्यक्ष हेमा ने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।



भाजपा किसान मोर्चा के नए पदाधिकारी पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर के साथ।

# भाजपा किसान मोर्चा मनाली मंडल की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मनाली मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। किसान मोर्चा मनाली मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर ने यह घोषणा मंडल के शीर्ष नेतृत्व गोविंद सिंह ठाकुर और मंडल अध्यक्ष जोगिंदर मेहरा के साथ विचार-विमर्श के पश्चात की।

घोषित कार्यकारिणी में महामंत्री के रूप में कृष्ण सोनी और शिवचंद मुकरी को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अनिल ठाकुर, गणेश ठाकुर, निशांत राणा और कालूराम को सौंपी गई। कोषाध्यक्ष के रूप में तीर्थराम और रवि को चुना गया है। सचिव पद के लिए भानु, नंदलाल, सुरेश कुमार और कुंजलाल को जिम्मेदारी मिली, जबकि प्रवक्ता की भूमिका ब्रह्मानंद राणा और अभिषेक शर्मा निभाएंगे। मीडिया प्रभारी अलका ठाकुर और आईटी प्रभारी अमित आर्य होंगे। संयोजक पद पर मेहरचंद तथा कार्यालय सचिव के रूप में अमरचंद को और कार्यकारिणी सदस्य के लिए दिलीप,सोहनलाल रत्नचंद, पन्नालाल, नंदलाल, रचना शर्मा, हरि सिंह, मस्तराम, सुनील ठाकुर, गायत्री हेमराज को चुना गया।

# ब्यास के प्रकोप से बचाएगी 8 .73 करोड़ की दीवार

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** ब्यास नदी की बाढ़ के खतरे को देखते हुए, रायसन बस्ती को सुरक्षा प्रदान करने वाली 350 मीटर लंबी सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य एक बार फिर जोर-शोर से शुरू कर दिया गया है।

जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अरुण कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 8 करोड़ 73 लाख की लागत से लगने वाली इस दीवार का कार्य अब युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है। शर्मा ने बताया कि यह परियोजना पहले फरवरी 2025 में शुरू की गई थी, लेकिन कार्य में देरी होने और गर्मियों के दौरान ब्यास का जल स्तर अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाने के कारण इसे बीच में ही बंद करना पड़ा था। कार्य पूरा न होने के कारण इसी वर्ष की बाढ़ में इस सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा ढह गया था, जिसने बस्ती की चिंता और बढ़ा दी थी। रायसन बस्ती की ओर ब्यास नदी के तीव्र बहाव को देखते हुए, आज ठेकेदार ने ब्यास नदी का रुख मोड़ने के लिए एक मशीन को नदी में उतारा है, ताकि पानी के बहाव को नियंत्रित कर सुरक्षा दीवार का कार्य बिना रुकावट जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।



350 मीटर लंबी सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य एक बार फिर किया गया शुरू।

### दर्जनों घरों और सैकड़ों लोगों को मिलेगी राहत

**यह** सुरक्षा दीवार रायसन के दर्जनों घरों और सैकड़ों लोगों को ब्यास नदी की बाढ़ से स्थायी सुरक्षा प्रदान करेगी। स्थानीय लोगों ने 2023 की बाढ़ का दर्द झेला है, जब यहां कई घरों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा था और लोगों की जमीनें भी चपेट में आ गई थीं। अरुण शर्मा ने बताया कि ठेकेदार को हर हाल में फरवरी 2026 तक इस सुरक्षा दीवार का कार्य पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। कार्य पुनः शुरू होने से स्थानीय लोगों ने गहरी राहत की सांस ली है। उन्होंने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है कि समय रहते इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता दी गई है।

# माय भारत के माध्यम से आयोजित होगी 'विकसित भारत पदयात्रा'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

माय भारत केंद्र कुल्लू जिला युवा अधिकारी भारती मोंगरा ने कहा कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्रा आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है।

इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी पहल के तहत, 6 अक्तूबर 2025 को मंत्रालय ने Sardar@vz® Unity March की शुरुआत की। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को समर्पित है। 6 अक्तूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ माय भारत पोर्टल पर किया। इस चरण में सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और Sardar@vz® Young Leaders Program शामिल हैं। इस दौरान सरदारञ्च150 यंग लीडर्स प्रोग्राम के 150 विजेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा। अभियान के प्रथम चरण में जिला स्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया जायेगा जोकि 31 से 25 नवंबर के मध्य कराई जाएगी। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री इवेंट गतिविधियां, जैसे कि निबंध प्रतियोगितात वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया जाएगा। गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। राष्ट्रीय पदयात्रा (26 नवंबर से 6 दिसंबर) 152 किलोमीटर की पदयात्रा करमसद से स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया तक निकाली जाएगी। 150 पड़ावों पर सरदार पटेल के जीवन पर विकसित भारत प्रदर्शनी और भारत की विविध संस्कृति का उत्सव मनाया जाएगा। सभी पंजीकरण और गतिविधियां MY Bharat Portal httpsÑ//mybharat.gov.in/pages/unity_march पर हो रही हैं। देशभर के युवाओं से आग्रह है कि वे इस ऐतिहासिक पहल में जुड़ें।

**शुभारंभ** शिविर में पीटी, योग, ड्रिल, स्वच्छता सहित विभिन्न परियोजना कार्य करवाए जा रहे

# स्वयंसेवियों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

**अनंत ज्ञान, मनाली**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ मध्यमिक पाठशाला बांहंग में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी ने किया। उन्होंने शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवियों को समाज सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने उन्हें अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने स्वयंसेवियों को सामाजिक मूल्यों व नैतिकता का भी पाठ पढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पन्ना लाल ठाकुर ने सात दिवसीय शिविर की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस शिविर में पीटी, योग, ड्रिल के अभ्यास के साथ साथ परियोजना कार्य के दौरान स्वच्छता, साफ सफाई तथा पौधारोपण जैसे कार्य करवाए जा रहे है। अलग अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों को बुलाकर स्वयं सेवियों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम अधिकारी मंजुला कुमारी ने कहा कि शिविर में हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। 30 अक्तूबर को सात दिवसीय शिविर का समापन किया जाएगा। व नैतिकता का भी पाठ पढ़ाया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य पन्ना लाल ठाकुर ने सात दिवसीय शिविर की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस शिविर में पीटी, योग, ड्रिल के अभ्यास के साथ साथ परियोजना कार्य के दौरान स्वच्छता, साफ सफाई तथा पौधारोपण जैसे कार्य करवाए जा रहे है। अलग अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों को बुलाकर स्वयं सेवियों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम अधिकारी मंजुला कुमारी ने कहा कि शिविर में हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। 30 अक्तूबर को सात दिवसीय शिविर का समापन किया जाएगा।




सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी करती हुई।

# मलाणा घाटी के चीफ रेस्क्यू ऑफिसर छपे राम के घर में तोड़फोड़ और चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मणिकर्ण की मलाणा घाटी के चीफ रेस्क्यू ऑफिसर छपे राम नेगी के आवास पर आपराधिक व असामाजिक तत्वों द्वारा कथित तौर पर तोड़फोड़ और चोरी की घटना घटित हुई है। नेगी ने पुलिस व प्रशासन से तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। छपे राम नेगी, जो लंबे समय से मलाणा की अनूठी संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधिकारों और ट्रांसपोर्ट सुविधाओं में सुधार के लिए संघर्षरत रहे हैं, उन्होंने इस हमले को उन लोगों की करतूत बताया है, जो मलाणा के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होने देना चाहते और गांव पर अतिक्रमण करना चाहते हैं।

नेगी ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि उनका आवास, जो उन्हें पूर्व प्रधान द्वारा पंचायत की अनुमति से दिया गया था, उसको गैरकानूनी रूप से तोड़ दिया गया। उन्होंने यह भी खुलासा किया है कि उनका 2021 में बना घर 2023 में तोड़ा गया और उनसे लाखों रुपए देवते के नाम से लिए गए, साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। छपे राम नेगी द्वारा प्रेषित शिकायत पत्र में स्पष्ट रूप से लगभग 8-10 व्यक्तियों के एक संगठित समूह पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। समूह पर पिछले कुछ समय से मलाणा में जबरन वसूली, स्थानीय निवासियों को डराने-धमकाने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की माफिया गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप है। सोशल मीडिया पर भी मलाणा की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। धले सुमन नामक व्यक्ति ने सवाल उठाया है कि मलाणा, जो कभी अपनी संस्कृति के लिए प्रसिद्ध था, आज किस दिशा में जा रहा है। आरोप है कि कुछ लोग जानबूझकर युवा पीढ़ी को शिक्षा से दूर रखकर नशे की दुनिया में धकेल रहे हैं, ताकि वे अज्ञानता में रहें और अपने अधिकारों को न जान पाएं। राजनीतिक मिलीभगत: आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस और बीजेपी, दोनों ही सरकारों ने समय पर जांच न होने दी, जिसके कारण आज मलाणा अंधकार में चला गया है। इस कारण मलाणा के जंगल खत्म होने की कगार पर हैं। नेगी ब्रदर्स को पर्यटन जगत का समर्थन शिकायतकर्ता छपे राम नेगी और उनके भाई (नेगी ब्रदर्स) के संघर्ष और रेस्क्यू ऑपरेशन के माध्यम से लोगों की जान बचाने के प्रयासों की सराहना की है। घाटी का हर टूरिज्म से जुड़ा व्यक्ति, जिसमें एडवेंचर टूर ऑपरेटर भी शामिल हैं, उनमें नेगी ब्रदर्स के साथ एकजुटता दिखाई है। छपे राम नेगी ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा उनसे घटना के साक्ष्य सहित जमीन के कागजात मांगे गए हैं, जिन्हें उन्होंने विभाग को सौंप दिया है।

# बीबीएन में सेस वसूली के बावजूद कूड़े के अंबार

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** बीबीएनडीए के तहत 43 पंचायतों और नगर निगम व नगर परिषद के तहत आने वाले बिजली बिल उपभोक्ताओं से हर महीने स्वच्छता सेस वसूलने के बाद भी प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन कूड़े के ढेरों में तब्दील हो रहा है, जबकि स्वच्छता सेस के एवज में घरों से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाया जाना था, लेकिन घर तो दूर बीबीएनडीए के तहत सफाई का जिम्मा संभालने वाली जेबीआर सड़कों, गलियों और चौराहों से भी कूड़ा उठाने में नाकाम साबित हो रहे है।

औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ पंचायतों की हालत तो इससे भी बुरी है और जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर अब सड़ने लगे हैं। बीबीएनडीए के तहत नगर परिषद परवाणू, नगर परिषद नालागढ़ और नगर निगम बद्दी के अलावा 43 पंचायतों के बिजली उपभोक्ताओं से हर महीने बिजली बिल में 50 रुपए स्वच्छता सेस वसूला जा रहा है। इसके अलावा बीबीएनडीए विभिन्न क्षेत्रों के कूड़े के एवज में अलग से पैसा भी जेबीआर इंवायरमेंट टैक्नॉलिजीज प्राईवेट लिमिटेड को अदा कर रहा है। वहीं, उद्योगों और बाजारों से अलग से पर्ची काटकर सफाई के नाम पर पैसा वसूला जा रहा है। हर महीने लाखों रुपए सफाई के नाम पर बहाने का नजीता यह है कि आज बद्दी नगर निगम, औद्योगिक क्षेत्रों की प्रमुख पंचायतों, सड़कों, गलियों और चौराहों पर जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। जेबीआर की फिसड्डी फील्ड सर्विस के चलते नगर परिषद परवाणू और नगर परिषद नालागढ़ ने जेबीआर से फील्ड वर्क यानि कूड़ा उठाने का काम वापस ले लिया है, अब यह दोनों नगर परिषदें अपने स्तर पर सफाई का जिम्मेदारी निभा रही हैं। बद्दी से नालागढ़ तक 43 पंचायतों का क्षेत्र आता है, जिसके तहत नेशनल हाईवे बद्दी नालागढ़, बद्दी साई रोड़, नगर निगम के 14 वार्डों जिसमें बद्दी औद्योगिक क्षेत्र, बरोटीवाला, झाड़माजरी के अलावा प्रमुख औद्योगिक पंचायतें गुल्लरवाला, लोदीमाजरा, मानपुरा, मलपुर, किशनपुरा समेत 43 पंचायतों में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हैं।



औद्योगिक क्षेत्र बीबीएनडीए के तहत आते बद्दी, झाड़माजरी व अन्य स्थानों पर कुछ इस तरह से लगे है कूड़े के ढेर।

## कूड़ा न उठाने के चलते सड़कों पर लगे ढेर

**बद्दी** शहर में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्वच्छता सेस के तहत बीबीएनडीए के अधीन काम करने वाली जेबीआर द्वारा घरों से कूड़ा उठाने का काम अपेक्षित रूप से नहीं हो रहा है। घरों से डोर-टू-डोर कलेक्शन तो दूर की बात है, गलियों और चौराहों से भी कूड़ा नहीं उठाया जा रहा। परिणामस्वरूप सड़कों और संपर्क मार्गों पर कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगने लगे है। सामाजिक कार्यकर्ता राज संधू, कैप्टन डीआर चंदेल, गुरप्रीत सिंह गब्बर, जसविंदर धुन्ना और अन्य ने बताया कि बद्दी साई रोड पर लगभग 4 किलोमीटर लंबी व्यस्त सड़क पर जगह-जगह कूड़े के ढेर हैं। औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी, बरोटीवाला बटेड़, मलपुर, चक्कां रोड, किशनपुरा और लोदीमाजरा समेत नगर निगम क्षेत्र के पॉश एरिया हाउसिंग बॉर्ड्स में भी सफाई न के बराबर है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि हर महीने लाखों रुपये स्वच्छता व्यवस्था पर खर्च किए जा रहे है, फिर भी न तो शहरी क्षेत्र, न ग्रामीण और न ही औद्योगिक क्षेत्र साफ नजर आते हैं। पहले जेबीआर कहती थी कि लोग पैसे नहीं देते, अब बिजली बिल में 50 रुपये की कटौती के बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

## बद्दी, बरोटीवाला, मानपुरा व नालागढ़ में हो रही लाखों की कलेक्शन

**अप्रैल** माह से प्रदेश सरकार ने बीबीएनडीए के तहत बद्दी की 43 पंचायतों, नगर परिषद नालागढ़ और नगर निगम बद्दी में स्वच्छता सेस लागू किया। विद्युत उपमंडल नालागढ़ में 22,386 मीटर से हर माह औसतन 10-12 लाख रुपये वसूले जा रहे हैं। वहीं उपमंडल बद्दी, बरोटीवाला और मानपुरा में 33,600 मीटर से अब तक लगभग 69 लाख रुपये एकत्रित किए जा चुके हैं। हालांकि, अंतिम दो माह का भुगतान बीबीएनडीए को अभी नहीं दिया गया। बिजली विभाग के अनुसार अब तक करीब 45 लाख रुपये बीबीएनडीए को स्वच्छता सेस के रूप में मिले है।

## कूड़े के ढेरों पर बेसहारा पशुओं को जमावड़ा

**मुख्य** सड़कों व संपर्क मार्गों पर लगे कूड़े के ढेरों पर बेसहारा पशुओं का जमावड़ा है। बेसहारा नंदी व गोवंश इन कूड़े के ढेरों के आसपास डेरा जमाए रखते हैं। जिसके चलते आने जाने वाले लोगों के साथ साथ वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कूड़े के ढेरों के पास डेरा जमावड़ा लगाए बैठे बेसहारा पशु अक्सर जाम और हादसों का कारण भी बन रहे हैं। जबकि पैदल राहगीरों, खासकर महिलाओं व बच्चों का इन कूड़े के ढेरों के पास से गुजरना मुश्किल हो रहा है। अगर कोई राहगीर इन्हें सड़कों से हटाने का प्रयास करता है, तो यह अक्रामक होकर लोगों पर हमला करने से भी नहीं चूकते।

**त्योहारों** के चलते दिक्कत पेश आई है, अधिकतर सफाई कर्मचारी दिवाली और छठ पूजा की छुट्टी पर हैं, जो सफाई कर्मचारी मौजूद हैं वह कूड़ा उठाने का काम कर रहे हैं, जैसे ही छुट्टी पर गए कर्मचारी वापस लौटेंगे पूरा सप्ताह भर युद्ध स्तर पर कूड़ा उठाने का काम किया जाएगा। बीबीएन की अधिकतर पंचायतों में एक जगह पर कूड़ा कलेक्शन सेंटर पंचायतों के माध्यम से स्थापित किए गए हैं जहां से एकत्रित कूड़े को उठाया जाता है। जल्द ही बीबीएनडीए के तहत आने वाले क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाएगा।

**सुमित आजाद, एक्सईएन बीबीएनडीए।**

## सोलन कॉलेज की महिला कुश्ती टीम ने इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में हासिल किया तीसरा स्थान



राजकीय महाविद्यालय सोलन में कुश्ती टीम का स्वागत करती प्रिंसिपल।

अनंत ज्ञान, सोलन

राजकीय महाविद्यालय सोलन की महिला कुश्ती टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल मिलाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 15 और 16 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में आयोजित की गई।

महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. रवी राम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। आरती ने 50 किलोग्राम वर्ग में, यामिनी ने 53 किलोग्राम वर्ग में, कशिश ने 57 किलोग्राम वर्ग में, कृतिका ने 62 किलोग्राम वर्ग में, तथा कुमारी रिया ने 65 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किये, जबकि गुंजन ने 88 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक हासिल किया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली एवं समस्त स्टाफ ने टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया और छात्राओं को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, छह घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब उपमंडल के माजरा थाना क्षेत्र के गांव डोईयोवाला में एक भयावह घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद के चलते दो भाइयों सल्लूराम और फूल सिंह (पुत्र जुल्फी राम) ने अपने बेटों रवि और पवन कुमार के साथ मिलकर परिवार के अन्य सदस्यों पर लोहे के धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में उनकी मां, छोटे भाई रूपेंद्र और लेखराज पत्नी तथा बेटी निशा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस के जरिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उन्हें इंडस हॉस्पिटल डेराबस्सी रैफर कर दिया। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की हिंसक घटनाओं पर रोक लग सके।

### हिमगिरी कल्याण आश्रम में बांटी खुशियां

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिंदू त्योहारों के अवसर पर श्री योग वेदांत सेवा समिति संत सोलन के साधक परिवारों ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब जरूरत मंद परिवारों, अनाथालय एवं दरिद्रनारायणों को संत आसाराम बापू के मार्गदर्शन/प्रेरणा से खाद्य सामग्री, कंबल, मिठाइयां, सत्साहित्य, स्कूल बैग, नोटबुक, वस्त्र एवं जीवनोपयोगी सामग्री की खुशियां बांटी। समिति ने हिमगिरि कल्याण आश्रम शिल्ली सोलन के छात्रों सहित झुग्गियों में रह रहे परिवारों को समिति के अध्यक्ष कृष्ण चौहान की अगुवाई में खाद्य सामग्री, कंबल, मिठाइयां सहित छात्रों को सत्साहित्य, स्कूल बैग, नोटबुक, वस्त्र एवं जीवनोपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। यह जानकारी प्रेस सचिव लायक राम ठाकुर ने दी।

### जैतक किले में उत्साह से मनाया भैयादूज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के राज घराने से ताल्लुक रखने वाले गांव जैतक में स्थापित किले में हर वर्ष भैयादूज का त्योहार बड़े उत्साह से मनाया जाता है जिस का संचालन राज घराने के वर्तमान वृद्ध नाहन के पूर्व विधायक कुंवर अजय बहादुर सिंह द्वारा किया जाता है। इस बार भी भैयादूज का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें गांव के लोगों के अतिरिक्त नाहन शहर से भी सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के बाद कई प्रकार के अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर बढ़-चढ़ कर भाग लिया जिसे सभी श्रोताओं ने बहुत सराहा।

### नालागढ़ व मल्पुर मंडियों में धान की खरीद शुरू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ और मल्पुर में इस वर्ष धान (पैडी) की सरकारी खरीद प्रक्रिया 31 अक्टूबर 2025 से शुरू हो रही है जबकि मंडियों में किसानों द्वारा लगातार धान की आवक जारी है, जिससे खरीद केंद्रों में रौनक देखने को मिल रही है। नालागढ़ मंडी में अब तक कुल 5520.175 क्विंटल धान की आवक दर्ज की गई है। यहां 174 किसानों ने अपनी उपज मंडी में बेची है। वहीं मल्पुर मंडी में भी खरीद प्रक्रिया तेजी से चल रही है, जहां 6686.625 क्विंटल धान पहुंच चुका है और 177 किसानों ने इसमें भाग लिया है। दोनों मंडियों को मिलाकर अब तक कुल 12,206.600 क्विंटल धान की खरीद पूरी हो चुकी है। इस दौरान 351 किसानों ने अपनी मेहनत की फसल को मंडियों तक पहुंचाया है। प्रशासन की ओर से मंडियों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहेगी और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। खरीफ सीजन में इस सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र में कृषि उत्पादन के प्रति किसानों के उत्साह का पता चलता है।

### श्री बिजेश्वर मेला बसाल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्री बिजेश्वर मेला बसाल में बड़ी हर्ष उल्लास से मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ मुख्यातिथि बुध राम ठाकुर और जिला पार्षद मनोज वर्मा ने किया। मेले के शुअवसर पर मुख्य आकर्षण पारंपरिक ठोडा नृत्य करियाला का आयोजन किया जा गया। स्कूल छात्रों और मैंडक दौड़ चम्मच रेस प्रस्तुति की गई और कबड्डी और दंगल का भी आयोजन किया जाएगा और यहां मेला भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर ग्राम पंचायत के प्रधान रिचा ठाकुर और उप प्रधान किरण किशोर और पंचायत के सदस्य और कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### टैक्सटाइल कॉलोनी में कामगार ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत बिरला टैक्सटाईल उद्योग की रिहायशी कॉलोनी में कामगार द्वारा फंदा लगाने का मामला सामने आया है। कामगार को फंदे से उतारकर जब अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में कामगार की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक कामगार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों की पुष्टि होगी। बहरहाल पुलिस ने धारा 194 के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मिंटू निवासी बिहार जो कि बिरला टैक्सटाईल उद्योग में कार्यरत था और कंपनी की रिहायशी कॉलोनी में रहता था ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। जब परिजनों को उसके फंदे से लटके होने की जानकारी मिली तो उस समय उसकी सांसे चल थीं तो परिजनों से उसे फंदे से उतार और अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन रास्ते में ही मिंटू ने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि मिंटू शराब के नशे का आदि था और अकसर लड़ाई झगड़ा करता था। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बयान कलमबद्ध कर धारा 194 के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### अनुराग ठाकुर के जन्मदिवस पर बांटे लड्डू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चमाकड़ी पुल बूथ नंबर 43 में भाजपा युवा मंडल कार्यकर्ता नरेंद्र हांडा की अगुवाई में हमीरपुर के सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी और लड्डू बांटे गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष, लाखों युवाओं के दिलों की धड़कन, कुशल राजनीतिज्ञ अनुराग ठाकुर हमेशा जन सेवा में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर 2019 में संसद रत्न से सम्मानित हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रांताध्यक्ष रहे। बीसीसीआई के संयुक्त सचिव व अध्यक्ष रहे इस प्रकार वे हम सभी युवा साथियों के प्रेरणास्रोत हैं।

## पत्नी पर चाकू से हमले का आरोपी पति गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

भूमती निवासी महिला ने पुलिस थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह अपने बच्चों सहित अपने पति से अलग रह रही है और इनका अपने पति से 5/6 वर्षों से आपसी विवाद चल रहा है, जिस कारण वह इनसे अलग ही रहता है। इसके अतिरिक्त इनका अर्की कोर्ट में खर्चे का केस चल रहा है।

21 अक्तूबर को जब यह अपनी घासनी से घास लेकर वापस घर पहुंची तो इन्होंने अपने पति से किचन की चाबी वापस करने के लिए कहा, जिस पर इनका पति इनसे गली गलोज करने लगा। इसी दौरान इनके पति ने इनकी तरफ एक ईंट उठाकर मारी जो वह ईंट इनकी बेटी को लगने से बालबाल बची। उसके उपरांत इनका पति किचन में गया तथा वहां से चाकू उठाकर लाया व इनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया, जिससे इनको चोट आई, जिस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान शिकायतकर्ता/पीडिता का चिकित्सा परीक्षण करवाया गया, जो चिकित्सा परीक्षण करने पर डॉक्टर ने पीड़िता की एमएलसी पर पीड़िता को लगी चोट को खतरनाक बताया। मामले में संलिप्त एक चाकू जिससे पीड़िता के ऊपर हमला करके चोट पंहुचाई थी को बरामद करके पुलिस ने कब्जे में लिया। 22 अक्तूबर को मामले में संलिप्त आरोपी देव राज पुत्र मस्त राम निवासी गांव नगरवाड डाकखाना भूमती तहसील अर्की जिला सोलन48 वर्ष को अर्की की पुलिस टीम द्वारा पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



पत्नी पर चाकू से हमले करने का आरोपी पति पुलिस के साथ।

## नाहन में 25 साल के युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला मुख्यालय नाहन के शांति संगम में 25 वर्षीय एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान पवन कुमार (25) पुत्र अमर सिंह निवासी दाना, डाकघर बड़ग, तहसील संगड़ाह, सिरमौर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, पवन कुमार मूल रूप से सिरमौर के संगड़ाह क्षेत्र का रहने वाला था और जिला मंडी में एक ठेकेदार के पास बिजली के पोल गाड़ने का कार्य करता था। वह करीब पांच दिन पहले नाहन आया था। बताया जा रहा है कि वह कल रात रेणुका जी से लौटकर घर आया और रात का भोजन करने के बाद सो गया। हादसे के समय उसकी मां ही घर पर थी। सुबह जब उसकी मां ने चाय देने के लिए दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कुंडी लगी हुई थी। काफी आवाज लगाने पर भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो मां ने दरवाजे को जोर से धक्का देकर खोला। अंदर का मंजर देख वह सन्न रह गई। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नाहन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार, पवन की पत्नी कुछ समय पहले उसे छोड़कर चली गई थी। उसकी एक तीन साल की बच्ची भी है, जिसे वह काफी प्यार करता था। इसके बाद से वह मानसिक तनाव में रहता था और अक्सर चुपचाप रहने लगा था। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहनता से जांच में जुटी है।

## 25 ग्राम स्मैक के साथ व्यक्ति काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नशे के खिलाफ जिला सिरमौर पुलिस की मुहिम लगातार जारी है। बीरवार रात पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन सेल ने बातापुल क्षेत्र में गश्त के दौरान एक युवक को 25.10 ग्राम स्मैक के साथ दबोच लिया। पांवटा पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान आबिद निवासी गांव भगवानपुर, डाकघर पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब जिला सिरमौर के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी से बरामद की गई हेरोइन को सील कर जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और जांच जारी है। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से नशे के स्रोत और सप्लाई चैन के बारे में विस्तृत पूछताछ की जाएगी, ताकि इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

## पूर्व प्रधान व उपप्रधान ने युवाओं संग की सफाई, ग्रामवासियों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, अर्की



उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत पलोग के अंतर्गत नेहरू युवक मंडल मांजू के सदस्यों ने सचिव सचिन चौहान के नेतृत्व में गांव में स्वच्छता अभियान चलाया।

इस दौरान पूर्व प्रधान योगेश चौहान व पूर्व उपप्रधान वेद प्रकाश चौहान ने भी युवाओं के साथ मिलकर सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर देवस्थान स्थल में बरसात के कारण उगी घास व कंटीली झाड़ियों को काटा, गांव के रास्तों व नालियों की सफाई की और ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। युवाओं ने लोगों से अपील की कि कूड़ा हमेशा कूड़ेदान में डालें और इधर-उधर न फेंकें। पूर्व प्रधान योगेश चौहान ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान न केवल गांव को स्वच्छ रखने में मदद करते हैं, बल्कि युवाओं में आपसी सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करते हैं। वहीं, पूर्व उपप्रधान वेद प्रकाश चौहान ने कहा कि गांव के विकास में युवाओं की भागीदारी प्रेरणादायक है और ऐसे प्रयासों से सकारात्मक संदेश जाता है। युवाओं ने आगे भी इस तरह के स्वच्छता अभियानों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान हितेश चौहान, विनय, संदीप सिंह, तुशांत चौहान, वेद प्रकाश, मनु, लक्की, चमनलाल, मनोज कुमार, सौरभ सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

## सतौन पुल की समस्या का जल्द हो समाधान

**अनंत ज्ञान, शिलाई।** जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा और पांवटा विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने वाले सतौन पुल की गंभीर खस्ता हालत से कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। सतौन पुल के दोनों तरह लोहे की लगी कुछेक प्लेट्स उखड़ चुकी है और कोने के एंगल्स भी टूट रहे हैं,जिसके कारण गाड़ियों के अत्यधिक भार और रात को सफर करते हुए कोई सड़क दुर्घटना इस पुल पर हो सकता है ,इस प्रकार नेशनल हाईवे और सम्बन्धित लोकनिर्माण विभाग से निवेदन रहेगा कि इस पुल में बनती जा रही समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाएं ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो। गंभीर समस्या को स्थानीय विधायक एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में उधोग एवं संसदीय कार्य मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान से भी निवेदन किया है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाना चाहिए,तो वहीं हमें भी ये गंभीर समस्या काफी समय से जस की तस देखने को मिल रही है। जिस सतौन पुल की समस्या को सम्बंधित विभाग कुछ ही समय में हल कर सकता है। इस समस्या को लेकर वाहन चालकों और स्थानीय जनता ने भी विभाग से गुहार लगाई है कि इसका जल्द से जल्द समाधान किया जाएं जिसमें जैसे सुरत चौहान, जगत सिंह ठाकुर, मामराज शर्मा, अनिकेत सिंह, शुरवीर ठाकुर, कर्म चौहान, ललित शर्मा, कमल शर्मा, कंवर राणा, जागर सिंह,नवनीत सिंह,अजय चौहान,शेर सिंह इत्यादि दर्जनों युवाओं ने विभाग से निवेदन किया।

## सिद्ध मठ ठौड़ निवाड़ में मेला आरंभ

अनंत ज्ञान, राजगढ़



राजगढ़ के समीप गिरि नदी के पावन तट पर स्थित लगभग आठ सौ साल पुराने सिद्ध मठ ठौड़ निवाड़ में तीन दिवसीय धार्मिक, पारंपरिक और ऐतिहासिक मेला आरंभ हो गया है। मेले का शुभारंभ गुरु गद्दी की पारंपरिक पूजा, हवन यज्ञ और समाधि यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर कलगीधर ट्रस्ट के सेवादार गुरमेल सिंह ने मेला का उद्घाटन किया, जिन्हें मेला समिति ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

शुभारंभ के बाद समाधि यात्रा मठ से शुरू होकर गुरु इतवार नाथ जी की समाधि तक निकाली गई, जो गिरी नदी के पवित्र तट पर स्थित है। इस यात्रा में राजगढ़ क्षेत्र और शिमला जिले के बलसन क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। वाद्ययंत्रों की ताल पर जयकारे लगाते हुए भक्त समाधि स्थल तक पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना और झंडा चढ़ाने की रस्म निभाई गई। इसके बाद गुरु इतवार नाथ द्वारा लगाए गए सैकड़ों साल पुराने वटवृक्ष (पीपल) की पूजा की गई। मठ के सदस्य विजय भारद्वाज के अनुसार, यह स्थान जूना अखाड़ा समुदाय से संबंधित है और इसे गुरु इतवार नाथ जी ने बलसन क्षेत्र के राजा की सहायता से स्थापित किया था। उन्होंने बताया कि यहां लगातार आठ सौ वर्षों से जलती हुई धूना (पवित्र अग्नि) मौजूद है। श्रद्धालुओं की मान्यता के अनुसार, गुरु इतवार नाथ जी ने अपनी तपस्या के दौरान भूमि पर चिमटा मारकर जल निकाला, जो आज भी बह रहा है। साथ ही उन्होंने सूखा डंडा भूमि में गाड़ा, जिससे नई कोंपलें फूटीं और वह वृक्ष विशाल वटवृक्ष बन गया। भक्त धूने की भस्म का तिलक लगाते हैं और इसे आशीर्वाद स्वरूप अपने साथ ले जाते हैं। भक्तजन गुरु इतवार नाथ जी को अन्न (मक्की और गेहूं) की भेंट चढ़ाते हैं। बलसन क्षेत्र से आए श्रद्धालु यहां अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी करते हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी। व्यापारिक दृष्टि से भी यह मेला महत्वपूर्ण है। मेले में अस्थाई बाजार लगता है, जिसमें स्थानीय लोगों को रोजगार की जरूरत की वस्तुएं आसानी से उपलब्ध होती हैं। ऐसे में यह मेला न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

**सुविधा** नगर निगम ने बनाई ड्राइंग, सेना और सरकारी जमीन का होगा आदान-प्रदान

## ओल्ड बस स्टैंड में मल्टी स्टोरी पार्किंग का इंतजार लंबा

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** शहर के ओल्ड बस स्टैंड में प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण लम्बा होता जा रहा है। नगर निगम ने पार्किंग निर्माण की ड्राइंग तैयार कर ली है पर अब इंतजार सेना और सरकारी जमीन के आदान-प्रदान का है, जो कि लंबित होता जा रहा है।

इसमें कुछ औपचारिकताएं बची है जिन्हें पूरा किया जाना है। करार के तहत 2,309 वर्ग मीटर रक्षा भूमि और 3,451 वर्ग मीटर नागरिक भूमि के आदान-प्रदान किया जाना है। कई वर्षो से लंबित इस मामले में अब जमीन के आदान-प्रदान की उम्मीद है। समझौते के मुताबिक राज्य सरकार को रक्षा वाहनों की निर्बाध आवाजाही के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-5 से सेना स्टेशन तक सड़क उपलब्ध करवाकर भूमि विनिमय की सुविधा प्रदान की है। नगर निगम ने सेना को भी इसके मेंटिनेंस को करीब 86 लाख रुपए दिए हैं। सैन्य अधिकारी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि सड़क के बाद के विस्तार से छावनी तक पहुंच किसी भी प्रकार की बाधा न रहे। को सौंप दी जाए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह वर्ष 2023 में ओल्ड बस स्टैंड में पार्किंग की घोषणा कर चुके हैं। इसके लिए 10 करोड़ की राशि भी अनाउंस की गई है। पर अभी निर्माण में जमीन का आदान प्रदान का पेंच फंसा है। शहर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से शहर की मुख्य सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग की जा रही है। माल रोड, राजगढ़ रोड, चंबाघाट रोड और बाईपास रोड में रोड साइड पार्किंग के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। अवैध पार्किंग से शहर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को भी शहर से बाहर निकलने में लंबा समय लग रहा है। योजना के क्रियान्वित पर सेना की



सोलन का ओल्ड बस स्टैंड।



**नगर** निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने बताया कि भूमि का आदान-प्रदान को कुछ औपचारिकताएं बची हैं। निगम ने पार्किंग निर्माण की ड्राइंग तैयार कर ली है। पुराने बस स्टैंड के पास एक पार्किंग स्थल और एक व्यावसायिक परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है।

छावनी से सटी जमीन पर तीन मंजिला पार्किंग का निर्माण होगा जिसमें करीब 150 वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा होगी, साथ ही व्यावसायिक काम्प्लेक्स का भी निर्माण होगा। पार्किंग निर्माण से शहर के लोगों को बाजार के नजदीक ही पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। शहर में पार्किंग सुविधा नहीं होने से लोगों को खासकर बहार से आने वाले वाहन चालकों को पार्किंग की खासी दिक्कत झेलनी पड़ती है। पार्किंग बनने से दुकानदारों का कारोबार भी बढ़ेगा।

## लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, अर्की

लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि लक्ष्य शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पीएल गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया।

डॉ. गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों को समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाने की दिशा में अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में अनुशासन, निस्वार्थ सेवा, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना का संचार करती है। इस योजना के माध्यम से युवा वर्ग को समाज की समस्याओं को समझने और उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज सेवा के प्रति समर्पित होते हैं। डॉ. गुप्ता ने सभी एनएसएस स्वयंसेवियों से आग्रह किया कि वे शिविर के दौरान अपनाई जाने वाली सेवाभावना को जीवनभर बनाए रखें और अपने आस-पास स्वच्छता, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रसारित करें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, देशभक्ति गीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम अधिकारी निधि चौहान ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में स्वयंसेवी सामाजिक सेवा, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, साक्षरता प्रसार और जागरूकता रैलियों जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के अंतर्गत गोद लिए गए वार्ड नंबर दो और सात में विशेष अभियान चलाए जाएंगे, जिनमें स्थानीय निवासियों को पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रधानाचार्य वीणा गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर विद्यालय और समाज के बीच मजबूत संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सभी स्वयंसेवियों को सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने अनुभवों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वीणा पवार, शुभम सहित विद्यालय के शिक्षकगण और अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एमडीयू में पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी पाठ्यक्रम का प्रॉस्पेक्टस जारी किया। इस सत्र में विभिन्न विषयों में कुल 457 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 7 नवंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित होगी। हम शोध की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक शोधार्थी को आधुनिक संसाधन, उचित मार्गदर्शन और प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आगे बताया कि विश्वविद्यालय शोध के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए नई शोध नीतियों, उन्नत प्रयोगशालाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के अवसरों पर भी कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि एमडीयू शोध के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अग्रणी संस्थानों में शामिल हो।

### हरियाणा में बढ़ा कर्मचारियों का महंगाई भत्ता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) की दरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। महंगाई भत्ता एवं राहत की दर 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत कर दी गई है, जो 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी होगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है, द्वारा इस सम्बन्ध में एक पत्र जारी किया गया है। बढ़ी हुई दरों के अनुसार महंगाई भत्ते/राहत का भुगतान अक्टूबर, 2025 के वेतन और पेंशन के साथ किया जाएगा, जबकि जुलाई से सितंबर, 2025 तक का एरियर नवंबर माह में दिया जाएगा।

### ईडब्ल्यूएस आवास पर 5 साल तक बिक्री पर रोक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए नई ईडब्ल्यूएस पॉलिसी-2025 जारी की है। यह नीति पुराने सभी प्रावधानों को रद्द कर आधुनिक प्रणाली लागू करती है, जिसका उद्देश्य है- 'हर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना।' नीति को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने तैयार किया है और इसे हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के माध्यम से लागू किया जाएगा। पॉलिसी के अनुसार, ईडब्ल्यूएस आवास को पांच साल तक बेचना या ट्रांसफर करना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। नियम उल्लंघन पर 100 प्रतिशत जुर्माना लगेगा और आवंटन रद्द भी किया जा सकेगा। हर कॉलोनी में 20 प्रतिशत और हर ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में 15 प्रतिशत फ्लैट्स गरीब वर्ग के लिए आरक्षित होंगे। ईडब्ल्यूएस प्लॉट का आकार 50 से 125 वर्ग मीटर और फ्लैट का 200 से 400 वर्ग फुट होगा। कीमतें भी तय कर दी गई हैं। प्लॉट 600 प्रति वर्ग मीटर और फ्लैट 1.50 लाख (या 750 प्रति वर्ग फुट) की दर पर उपलब्ध होंगे। डेवलपर्स अपने ईडब्ल्यूएस हिस्से के आवास विभाग को सौंपेंगे, जो पात्र आवेदकों का चयन ड्रॉ ऑफ लॉट्स के माध्यम से करेगा। हर आवेदन के साथ 10,000 रुपए पंजीकरण राशि जमा करनी होगी। चयनित आवेदकों के लिए यह अंतिम भुगतान में समायोजित होगी, जबकि असफल आवेदकों को दो माह के भीतर बिना ब्याज लौटाया जाएगा।

### हरियाणा पुलिस अब सोशल मीडिया पर भी रहेगी सक्रिय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने पुलिस मुख्यालय में सभी पुलिस आयुक्तों, अधीक्षकों और थाना प्रभारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि पुलिस को प्रोफेक्टिव, समाधान-केंद्रित और जनता के हित में कार्य करने वाला संगठन बनाया जाएगा। डीजीपी ने पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन को आदेश दिए कि दो सप्ताह में सभी थानों और चौकियों की रसोई, शौचालय, बिजली और सुरक्षा व्यवस्थाओं में सुधार करें। हर थाना साफ-सुथरा, सुरक्षित और व्यवस्थित दिखना चाहिए। ओपी सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों को फाइटिंग फिट और वर्किंग ऑर्डर में रखना प्राथमिकता है। अनुशासनहीनता या बदमाशी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट कर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने और उनके मुद्दों का समाधान करने का निर्देश दिया।

# फरीदाबाद में 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' का भव्य स्वागत

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वागत कार्यक्रम में की शिरकत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा की धरती शुक्रवार को एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अवसर की साक्षी बनी, जब 'सरबंसदानी' दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज और माता साहिब कौर जी के पवित्र जोड़े का फरीदाबाद में भव्य स्वागत हुआ। श्रद्धा, भक्ति और एकता का यह संगम शहर के हर कोने में देखा गया।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एनआईटी-5 स्थित श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा में 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' का स्वागत किया। उन्होंने यात्रा में शामिल केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी का भी स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने साध-संगत और यात्रा के अगुवाई करने वाले पंज प्यारों का पटका ओढ़ा कर सम्मान किया और गुरुद्वारा में मत्था टेककर अरदास की। उन्होंने पवित्र जोड़ा साहिब के दर्शन भी किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली से पटना साहिब तक चलने वाली यह महान यात्रा का पहला विश्राम स्थल फरीदाबाद रहा। उन्होंने बताया कि जिस नगर में गुरु के पवित्र चरण रुकें, वह नगर अपने आप तीर्थ बन जाता है। आज फरीदाबाद लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक महान तीर्थ स्थल बन चुका है।

उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने धर्म, राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने मुगल अत्याचार के खिलाफ खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय से लड़ने की प्रेरणा दी। माता साहिब कौर जी खालसा पंथ की मां के रूप में करुणा और शक्ति की प्रतीक हैं। गुरु जी ने उनसे 'अमृत' में पताशे डलवाए ताकि अनुयायियों में वीरता के साथ मिठास और करुणा बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने इस यात्रा को दिल्ली और पटना साहिब के बीच एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सेतु बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गुरुओं के मार्ग पर चलने और उनके बलिदान को स्मरणीय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य ने श्री गुरु तेग बहादुर जी, श्री गुरु नानक देव जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्वों को भव्य रूप से मनाया। इसके अलावा, सरकार ने 1984 के दंगों में अपने परिवार का सदस्य खो चुके 121 परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान भी लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा गुरु परंपरा की याद दिलाती है और भारत की एकता, साहस और करुणा के मूल्यों को मजबूत करती है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक मूल चंद शर्मा, सीमा त्रिखा, बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, मीडिया सलाहकार राजीव जेटली और फरीदाबाद की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हरियाणा बना देश में सबसे अधिक गन्ने का मूल्य देने वाला राज्य

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार द्वारा गन्ने के राज्य सलाहकार मूल्य (एसएपी) में 15 प्रति क्विंटल की वृद्धि के निर्णय से पूरे प्रदेश के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। देश में हरियाणा अब गन्ने का सबसे अधिक मूल्य देने वाला राज्य बन गया है। अब शुरुआती किस्म के गन्ने का एसएपी 400 से बढ़ाकर 415 प्रति क्विंटल और देर से पकने वाली किस्म का मूल्य 393 से बढ़ाकर 408 प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

**गन्ने का एसएपी बढ़ाने पर किसानों ने कृषि मंत्री का जताया आभार**

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से किसान संगठनों के अनेक प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात कर इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करने वालों में किसान मोर्चा के सचिव विनोद राणा, किसान मोर्चा हरियाणा के उपाध्यक्ष मंदीप विर्क, विकास अमूपुर, अरुण समालखा, कुलदीप, विजय कम्बोज, संदीप कुमार, अर्जुन खजुरी, सतपाल टोहाना, बिट्टू कंबोज (टोहाना) और मंगे राम शामिल थे। किसानों ने कहा कि यह फैसला त्योहारी सीजन से पहले लिया गया एक समयोचित कदम है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिरता बढ़ेगी।

किसानों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि बढ़ा हुआ एसएपी उनकी बढ़ती लागत को संतुलित करेगा और आर्थिक राहत प्रदान करेगा। किसान मोर्चा के सचिव विनोद राणा ने कहा कि यह हमारे लिए दीवाली का तोहफ़ा साबित हुआ है। किसान मोर्चा हरियाणा के उपाध्यक्ष मंदीप विर्क ने कहा कि एसएपी में वृद्धि से किसानों को यह विश्वास हुआ है कि उनके परिश्रम की कद्र की जाती है और वे गन्ने की खेती जारी रखने के लिए प्रेरित होंगे।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा गन्ने के मूल्य में की गई बढ़ोतरी का यह निर्णय हमारी सरकार की इस दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि किसानों को उनके परिश्रम का सर्वोत्तम मूल्य मिले। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा किसानों के हितों की रक्षा और उनके विकास में अग्रणी राज्य बना हुआ है।

# एसबीपी एफ टॉवर्स में निर्माण तेजी पर लुधियाना को मिलेगा पहला ब्रांडेड लग्जरी एड्रेस

**अनंत ज्ञान, लुधियाना**



एसबीपी एफ टॉवर्स में निर्माण कार्य पूरी रफ्तार से जारी है। यह लुधियाना का पहला ब्रांडेड और रेरा स्वीकृत लग्जरी रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट है, जो शहर के स्काईलाइन को नई पहचान देने वाला है। एसबीपी ग्रुप और एफ टीवी के सहयोग से विकसित यह 35 मंजिला प्रोजेक्ट लुधियाना की सबसे ऊंची आवासीय इमारत होगी। इसमें शानदार 3 और 4 बीएचके अपार्टमेंट्स बनाए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक में सर्वेंट रूम और आधुनिक सुविधाओं की पूरी रेंज होगी।

प्रोजेक्ट में लक्जरी क्लब हाउस, स्काई लाउंज, फाइन डाइनिंग स्पेस, लैंडस्केप्ड टैरेस, वेलनेस और फिटनेस जोन जैसी प्रीमियम सुविधाएं दी जा रही हैं। तेजी से चल रहा यह निर्माण कार्य एसबीपी एफ टॉवर्स को न सिर्फ एक रिहायशी प्रोजेक्ट, बल्कि आधुनिक, वैश्विक डिजाइन और सुसंस्कृत जीवनशैली का प्रतीक बना रहा है।

यह प्रोजेक्ट लुधियाना में शहरी लग्जरी लिविंग का नया मानक स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 'पेरिस की डार्ट' चंडीगढ़ में लाइव संगीत के साथ 26 को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया और अलायंस फ्रांसेस नेटवर्क के सहयोग से चंडीगढ़ में 26 अक्तूबर को एक अनोखा सिने-कॉन्सर्ट आयोजित किया जाएगा, जिसमें 1924 की प्रसिद्ध मूक फिल्म 'पेरिस की डार्ट' को फ्रांसीसी ड्रमर और संगीतकार स्टेफान शार्ले के आधुनिक संगीत के साथ जीवंत किया जाएगा।



यह प्रस्तुति रविवार को सेक्टर 36 स्थित अलायंस फ्रासेस के कैफे थिएटर में शाम 5 बजे होगी। प्रवेश निशुल्क रहेगा और कार्यक्रम सभी के लिए खुला है। फियोना गैरा, डायरेक्टर, अलायंस फ्रांसेस द चंडीगढ़ ने कहा कि हमारे नवनिर्मित थिएटर में पहले कार्यक्रम के रूप में इस सिने-कॉन्सर्ट की मेजबानी करना गर्व की बात है। शार्ले, जिन्होंने 40 देशों में 500 से अधिक प्रदर्शन किए हैं, इस फिल्म को अपने ऑग्मेंटेड ड्रम और इलेक्ट्रॉनिक साउंडस्केप के माध्यम से नया जीवन देंगे। यह शो क्लासिक सिनेमा, संगीत और कल्पना का अद्भुत संगम पेश करेगा, जो दर्शकों को एक गहन और इम्मर्सिव अनुभव प्रदान करेगा।

# हरियाणा बनेगा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब: मुख्य सचिव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के तहत निवेश आकर्षित कर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। राज्य जल्द ही नई ईसीएमएस नीति के तहत निवेशकों को वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज इस दिशा में उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने और निवेश आकर्षित करने की रणनीतियों की समीक्षा की गई। नई मसौदा नीति के तहत पूंजीगत एवं परिचालन खर्च की प्रतिपूर्ति, ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर व्यय, प्रौद्योगिकी अधिग्रहण, क्षमता निर्माण और अनुसंधान एवं नवाचार सुविधाओं के विकास के लिए प्रोत्साहन प्रस्तावित हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य बड़े निवेश आकर्षित करना, रोजगार के अवसर सृजित करना और वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन में राज्य की भागीदारी बढ़ाना है। वर्तमान में हरियाणा देश के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 2.9 प्रतिशत (0.8 बिलियन यूएसडी) योगदान दे रहा है और 1.3 मिलियन रोजगार प्रदान करता है।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि उद्योग विभाग निवेशकों के लिए समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर नियुक्त करे, जो भूमि पहचान, नियामक स्वीकृतियां और इंसेंटिव प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेंगे। 11 प्रमुख आवेदकों के साथ द्विपक्षीय बैठकें 10 नवंबर तक आयोजित की जाएंगी और 50 अन्य कंपनियों से भी संपर्क किया जाएगा।

## देश-विदेश

# पाकिस्तान में 600 रुपए किलो बिक रहा टमाटर

**एजेंसी, इस्लामाबाद**



पाकिस्तान में टमाटर 600 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। यह कीमत पाकिस्तानी रुपए में है। कुछ दिन पहले यह 50-100 रुपए किलो में बिक रहा था। यानी, कीमतें करीब 400 प्रतिशत बढ़ गई हैं। टमाटर के दाम बढ़ने का कारण अफगानिस्तान के साथ तनाव है। बॉर्डर पर 11 अक्तूबर से चल रहे तनाव की वजह से टोर्कहम और चमन जैसी क्रॉसिंग बंद हैं। इससे व्यापार ठप हो गया है।

अफगानिस्तान से आने वाले टमाटर के ट्रक रुके हुए हैं, जिससे कराची, लाहौर और इस्लामाबाद जैसे शहरों में सप्लाई चेन टूट गई। लगभग 5,000 कंटेनर दोनों तरफ फंसे हैं। खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और सिंध में बारिश और बाढ़ से फसलें बर्बाद हो गईं। साथ ही मौसम की वजह से पकने में देरी हुई। लाहौर के बादामी बाग मार्केट में अब रोजाना केवल 15-20 ट्रक टमाटर पहुंच रहे हैं, जबकि पहले 30 होते थे।

बलूचिस्तान की फसल खत्म हो रही है और ईरान से आयात भी कम हो गया। इससे डिमांड-सप्लाई का गैप और बढ़ गया। कुछ जगहों पर थोक व्यापारियों और रिटेलर्स ने कमजोर निगरानी का फायदा उठाकर कीमतें बढ़ाईं, जिससे रिटेल में थोक से दोगुनी कीमत चल रही है। (अनंत ज्ञान)

# फैक्टरी गुजरात में, जीत चाहिए बिहार में: तेजस्वी

**एजेंसी, पटना।** महागठबंधन का सीएम फेस बनने के बाद तेजस्वी यादव ने शुक्रवार से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी। पटना से रवाना होने से पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, %अगर जनता उन्हें मुख्यमंत्री बनाती है, तो बिहार के लोग चिंता मुक्त हो जाएंगे। हमारी राजनीति झूठ नहीं, भरोसे की राजनीति है।' सहरसा में एक रैली में तेजस्वी ने कहा कि गुजरात के दो लोग बिहार को चलाने की कोशिश कर रहे हैं। मोदीजी गुजरात में फैक्टरी लगाएंगे, बिहार में जीत चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। हम बिहारी हैं, हम बाहरियों से नहीं डरते। अगर लालूजी मोदी से नहीं डरते, तो क्या उनका बेटा डरेगा? (अनंत ज्ञान)

# शेयर बाजार में 6 दिन बाद तेज गिरावट, सेंसेक्स 345 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**



**निवेशकों के 1.3 लाख करोड़ रुपए डूबे**

भारतीय शेयर बाजारों में लगातार छह दिनों से जारी तेजी पर आज 24 अक्तूबर को ब्रेक लग गया। बाजार में पूरे दिन बिकवाली हावी रही। इसके चलते सेंसेक्स करीब 345 अंक गिरकर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 25,800 के नीचे पहुंच गया। इसके चलते निवेशकों को आज करीब 1.3 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। शुरुआती कारोबार में बाजार में हल्की तेजी देखी गई थी, लेकिन दिन बढ़ने के साथ ही मुनाफावसूली का दबाव बढ़ता गया। कारोबार के अंत में, सेंसेक्स 344.52 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 84,211.88 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 96.25 अंक या 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,795.15 पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स लगभग सपाट रहे। इस पूरे कारोबारी हफ्ते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही का प्रदर्शन लगभग सपाट रहा। (अनंत ज्ञान)

# करदाताओं के साथ अच्छे से पेश आएं जीएसटी अफसर: वित्त मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी अधिकारियों को करदाताओं से साथ विनम्र और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करने के लिए कहा। सीतारमण ने कहा कि शिकायतों के त्वरित समाधान और रजिस्ट्रेशन मंजूरी की प्रक्रिया तेज करने के लिए तकनीक का प्रभावी इस्तेमाल किया जाए।



उन्होंने क्षेत्रीय इकाइयों से व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने अधिकारियों को व्यापारियों के साथ संवाद सुधारने की सलाह देते हुए कहा कि आपके और व्यापारी के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं है, सिर्फ हवा की पतली परत है। आप समझ सकते हैं कि दिक्कत कहां है, बजाय इसके कि उसे और उलझाया जाए। गाजियाबाद में सीजीएसटी भावन के उद्घाटन के अवसर पर मंत्री ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों के विरुद्ध किसी भी अनुशासनात्मक कार्यवाही को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ईमानदार करदाताओं के साथ व्यवहार में विनम्रता और सहानुभूति बरती जाए, ताकि कर प्रणाली के प्रति उनका भरोसा मजबूत हो। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नरमी किसी भी तरह कानून-प्रवर्तन में समझौता नहीं होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# हमारी तरफ टॉमहॉक मिसाइलें आईं तो मिलेगा करारा जवाब: पुतिन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर हम पर अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइलों से हमला किया गया तो इसका करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि टकराव या किसी भी विवाद में बातचीत हमेशा बेहतर विकल्प है। उन्होंने अमेरिका संग बातचीत जारी रखने का समर्थन किया है।

**टकराव में बातचीत बेहतर विकल्प**



22 अक्तूबर को ट्रंप और पुतिन के बीच प्रस्तावित बैठक रद्द होने के बाद अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लूकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसका उद्देश्य रूस को जंग में मिल रही फंडिंग पर रोक लगाना है। पुतिन ने ट्रंप के इस फैसले की आलोचना करते कहा कि इससे दोनों देशों के बीच संबंध और अधिक बिगड़ सकते हैं। माना जाता है कि ट्रंप अपने कार्यकाल में रूस से अच्छे संबंध बनाना चाहते थे, लेकिन रूस के जंग न खत्म करने पर वह पुतिन से नाराज हो गए। (अनंत ज्ञान)

**तेल की बढ़ेगी कीमतें**

**राष्ट्रपति** पुतिन ने कहा कि रूसी तेल पर प्रतिबंध से सप्लाई कम होगी। इससे वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि मैंने इस बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को भी आगाह किया था। उनके इस फैसले से अमेरिका और दुनिया भर में तेल की कीमतें बढ़ेंगी। इधर, रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर यूएस ट्रेजरी विभाग ने कहा कि पुतिन जंग खत्म करने को लेकर गंभीर नहीं हैं। इसलिए रूस पर यह प्रतिबंध लगाए गए हैं। इस फैसले के तहत अमेरिका के अधिकार क्षेत्र में आने वाली इन कंपनियों की सभी संपत्ति और हितों को प्रभावी रूप से ब्लॉक कर दिया गया है।

# सोना एक दिन में 1,836 रुपए और चांदी 4,417 रुपए सस्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सोने की कीमत एक हफ्ते में 9,356 रुपए घटकर 1,21,518 प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। 17 अक्तूबर को इसकी कीमत 1,30,874 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, आज यानी शुक्रवार 24 अक्तूबर को सोने की कीमत में 1,836 रुपए की गिरावट हुई। इससे पहले गुरुवार को इसके दाम 1,23,354 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी में 4,417 रुपए की गिरावट देखने को मिली और 1,47,033 रुपए प्रति किलोग्राम बिकी। कल इसकी कीमत 1,51,450 रुपए प्रति किलोग्राम थी। ये अपने ऊपरी स्तर से चांदी 31,067 रुपए सस्ती हुई है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# जम्मू-कश्मीर में एनसी ने राज्यसभा की 3 सीटें जीतीं

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को राज्यसभा की चार सीटों के लिए चुनाव हुए। तीन सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने जीत ली हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार चौधरी मुहम्मद रमजान, सज्जाद किचलू और शमी ओबेरॉय जीत गए हैं। एक सीट भाजपा के सत शर्मा ने जीती है। इसके पहले सुबह विधानसभा परिसर में वोटिंग हुई। 86 विधायकों ने वोटिंग की। एक वोट डाक मतपत्र के माध्यम से डाला गया। 5 अगस्त, 2019 को आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद और जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से यह जम्मू-कश्मीर से पहला राज्यसभा चुनाव है। ये सीटें फरवरी 2021 में खाली हुई थीं, जब पूर्व सांसदों का कार्यकाल पूरा हो गया था। (अनंत ज्ञान)

# वंश-जाति पर मंदिर पुजारी की नियुक्ति जरूरी नहीं: केरल हाईकोर्ट

**एजेंसी, कोच्चि**

केरल हाईकोर्ट ने कहा कि मंदिरों में पुजारी की नियुक्ति जाति या वंश के आधार पर नहीं हो सकती। ऐसा करना किसी आवश्यक धार्मिक प्रथा के रूप में नहीं माना जा सकता। यह काम योग्यता और प्रशिक्षण के आधार पर होना चाहिए। जस्टिस राजा विजयाराघवन वी और जस्टिस केवी जयकुमार की बेंच ने कहा कि मंदिर में पुजारी की नियुक्ति एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि सेक्युलर/सिविल प्राधिकारी (ट्रस्टी) द्वारा किया जाने वाला काम है। किसी जाति या वंश के आधार पर नियुक्ति करना संविधान के तहत संवैधानिक सुरक्षा वाला अधिकार नहीं है। कोई भी प्रथा जो मानवाधिकार या सामाजिक समानता के खिलाफ हो, उसे कोर्ट मान्यता नहीं देगा।

कोर्ट का यह कमेंट अखिल केरल थंथ्री समाजम की याचिका पर आया। यह संगठन उन परिवारों का प्रतिनिधित्व करता है जो पीढ़ियों से मंदिरों में पूजा करते आए हैं। संगठन ने थांत्र विद्या पीठों से प्रशिक्षित उम्मीदवारों को पुजारी बनाने की प्रक्रिया को चुनौती दी थी। दलील दी थी कि इससे ब्राह्मण परिवारों का पारंपरिक अधिकार खत्म हो रहा है। नियुक्ति आगम और थांत्रसमुचायम जैसी धार्मिक पुस्तकों के अनुसार होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

**वक्तव्य** ट्रेड डील पर यूएस से बातचीत जारी, हाई टैरिफ से निपटने को ढूंढ रहे नए मार्केट्स

# पीयूष गोयल बोले- भारत बंदूक तानकर नहीं करता डील

**एजेंसी, बर्लिन**



कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका ट्रेड डील को लेकर शुक्रवार को कहा कि भारत जल्दबाजी में सौदे और सिर पर बंदूक रखकर डील नहीं करता है। जर्मनी में बर्लिन डायलॉग में उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ और अमेरिका समेत देशों और क्षेत्रों के साथ ट्रेड डील पर बातचीत कर रहा है। गोयल ने कहा कि किसी भी ट्रेड डील को लॉन्ग टर्म नजरिए से देखा जाना चाहिए। भारत कभी भी जल्दबाजी में या किसी आवेश में आकर फैसला नहीं करता है।

हाई टैरिफ से निपटने के लिए भारत नए मार्केट की तलाश भी कर रहा है। अपनी शर्तों पर डील करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि ट्रेड डील हमेशा लॉन्ग टर्म नजरिए से की जाती है। यह सिर्फ टैरिफ या सामान और सर्विस तक पहुंच के बारे में नहीं है, यह भरोसे और रिश्ते के बारे में भी है। लंबे समय के लिए ट्रेड डील सिर्फ टैरिफ से कहीं ज्यादा होती हैं और हम सिर्फ आज के मुद्दों और टैरिफ पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा- भारत हमेशा राष्ट्रीय हित के आधार पर ही फैसले करता है कि उसके मित्र कौन होंगे? अगर कोई कहे कि आप यूरोपीय संघ के दोस्त नहीं रह सकते या केन्या के साथ काम नहीं कर सकते, तो मैं यह मंजूर नहीं करूंगा।

यूएस ने रूस से तेल खरीदने पर पेनल्टी के तौर पर भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यह अमेरिकी बाजारों में आने वाले भारतीय सामान पर लगने वाले 25 प्रतिशत के आपसी टैरिफ के अलावा है। (अनंत ज्ञान)

**अमेरिका ने भारत पर क्यों लगाया बैन**

**उन्होंने** कहा कि मैं आज के अखबार में पढ़ रहा था, जर्मनी तेल पर रु के बैन से छूट मांग रहा है। यूके ने पहले ही यूएस से तेल खरीदने की छूट ले ली है या शायद उसे मिल भी गई है तो फिर सिर्फ भारत को ही क्यों चुना जा रहा है। यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का दबाव बना रहा है। रु ने 22 अक्तूबर को रूस के दो सबसे बड़े कच्चे तेल प्रोड्यूसर, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिए थे और सभी अमेरिकी कंपनियों और लोगों को उनके साथ बिजनेस करने से रोक दिया था।

# महाराष्ट्र में महिला डॉक्टर ने किया सुसाइड

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के सतारा के फाल्टण जिला अस्पताल में गुरुवार रात एक महिला डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली। मृतका का नाम संपदा मुंडे था। अपने हाथ पर लिखे सुसाइड नोट में मुंडे ने लिखा की पुलिस सब इंस्पेक्टर गणेश बडने ने 4 बार उनका रेप किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डॉक्टर और जिला पुलिस के बीच एक मेडिकल एक्जामिनेशन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। हथेली पर लिखे नोट में उन्होंने सब इंस्पेक्टर गणेश के अलावा एक और पुलिस कर्मी प्रशांत बांकर पर भी शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। सतारा के गार्जियन मंत्री शंभूराज देसाई ने जांच का आश्वासन दिया है और कहा है कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। मामला समाने आने का बाद अब पुलिन ने सब इंस्पेक्टर गणेश को सस्पेंड कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### महिला वर्ल्ड कपः ऑस्ट्रेलिया, द. अफ्रीका इंग्लैंड और भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महिला वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल के लिए 4 टीमें तय हो चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और भारत में अंतिम 4 का टिकट हासिल कर लिया है। न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान की टीमें नॉकआउट्स से बाहर हो चुकी हैं। इस वर्ल्डकप में पाकिस्तान की टीम ने 6 मैच खेले हैं और अब तक एक भी मैच जीत नहीं पाई है, तो ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर है और उसने 6 मैच खेले हैं और एक भी मैच नहीं गंवाया है। गुरुवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया। इस जीत के साथ उन्होंने अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। अब टीम इंडिया का मुकाबला सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया की टीम 6 मैचों में 5 जीत और एक ड्रॉ के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद साउथ अफ्रीका की टीम दूसरे स्थान पर है। अफ्रीकी टीम ने भी 5 मैच जीते हैं। इसके बाद इंग्लैंड की टीम 6 में से 4 मैच जीतकर तीसरे स्थान पर है। भारतीय टीम ने 6 में से 3 मैच जीते हैं और वो चौथे स्थान पर है। न्यूजीलैंड 5वें, श्रीलंका छठे, बांग्लादेश 7वें और पाकिस्तान की टीम आखिरी स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

### वियना ओपनः सिनर कोबोली को हराकर क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, वियना।** शीर्ष वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अपने ही हमवतन फ्लावियो को बोली को हराकर वियना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। गुरुवार को खेले गए प्री-क्वार्टर मुकाबले में सिनर ने कोबोली को 6-2, 7-6(4) से मात दी। पहले सेट में सिनर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 6-2 से आसानी से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे सेट में कोबोली ने कड़ा मुकाबला दिया। हालांकि, टाई-ब्रेक में सिनर ने बेहतर खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर इस टूर्नामेंट में तब लौटे हैं, जब उन्होंने शंघाई मास्टर्स में थकान और ऐंठन के कारण तीसरे दौर का मैच बीच में छोड़ दिया था। सिनर ने पहले सेट में एक भी ब्रेक प्वॉइंट का सामना नहीं किया, लेकिन दूसरे सेट में मिले तीन ब्रेक मौके का फायदा नहीं उठा पाए। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'फ्लावियो शानदार टैलेंट और बेहतरीन प्रतियोगी हैं। हमने कई बेहतरीन रैलियां खेलीं। दूसरे सेट में मुझे मौके मिले लेकिन मैं उन्हें भुना नहीं सका, यही टेनिस है। मैंने सकारात्मक मानसिकता बनाए रखी और आज के खेल से खुश हूं।' क्वार्टर फाइनल में अब सिनर का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त कजाख खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा। (अनंत ज्ञान)

### लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ 2028 तक बढ़ाया अनुबंध

**एजेंसी, मियामी।** फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी के साथ अपना नया तीन साल का अनुबंध साइन कर लिया है। अब वह 2028 तक मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में खेलते नजर आएंगे। यह ऐलान मियामी के प्लेऑफ ओपनर से एक दिन पहले किया गया। मेसी ने कहा, 'यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बना रहूंगा। मियामी में आकर मुझे नई ऊर्जा मिली है और मैं इस सफर को जारी रखने के लिए उत्साहित हूं।' (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में कैथरीन

**कनाडा।** कैथरीन झु एक अव्वल दर्जे की टेनिस खिलाड़ी है। उनका जन्म वैंकूवर, कनाडा में हुआ था। कॉलेज स्तर पर वह गोल्फ भी खेलती रही हैं। कॉलेज में उनका स्कोर औसत 76.54 रहा है। झु अपने पिता की तरह एक शौकीन टेनिस खिलाड़ी भी हैं।



## कोहली-रोहित ऑस्ट्रेलिया में खेल सकते हैं आखिरी मैच

# ऑस्ट्रेलिया में 'आखिरी जंग' : गेंदबाजी की गुत्थी सुलझाने उतरेगी टीम इंडिया

**एजेंसी, सिडनी**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और उनके साथी रोहित शर्मा शनिवार को यहां जब तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेलने के लिए उतरेंगे, तो भावनाओं का ज्वार अपने चरम पर हो सकता है, क्योंकि यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इन दोनों का संभवतः अंतिम मैच होगा।

रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 97 गेंदों पर 73 रन बनाकर कुछ राहत की सांस ली है, लेकिन कोहली दोनों मैच में खाता खोलने में असफल रहे। यह वनडे क्रिकेट में पहला अवसर है, जबकि वह लगातार दो मैच में खाता नहीं खोल पाए। इसने निश्चित रूप से उनके कट्टर प्रशंसकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या यह अंत की शुरुआत है। अगले दो वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में कोई एकदिवसीय सीरीज नहीं होने के कारण यह सोचना असंभव है कि यह जोड़ी फिर से भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया में खेलेगी।




ऑस्ट्रेलिया ने वर्तमान सीरीज के पहले दोनों मैच जीत कर सीरीज अपने नाम कर दी है लेकिन कोहली और रोहित की मौजूदगी के कारण तीसरा एकदिवसीय मैच क्रिकेट प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण बन गया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर मौजूद दर्शक निश्चित तौर पर इन दोनों से अच्छी पारी की उम्मीद करेंगे।

कप्तान शुभमन गिल और कोहली दोनों से बड़ी पारी दरकार है और गंभीर को अंतिम मैच में दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। जहां तक ऑस्ट्रेलियाई टीम का सवाल है, तो साफ नजर आता है कि उसने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल ओवेन और कूपर कोनोली जैसे खिलाड़ियों ने दबाव वाली परिस्थितियों में सही रणनीति तैयार करने और उस पर अमल करने के अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस मैच के लिए मैट कुहनेमैन को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है जिन्होंने पहले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : सुबह 9.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), जोश इंग्लिस (विकेट कीपर), कूपर कोनोली, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जैक एडवर्ड्स, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा, मैट कुहनेमैन।

## मंधाना गणना करने में है माहिर, मैदान पर हमारे बीच होती है सहज बातचीत : रावल

**एजेंसी, नवी मुंबई**




भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल को एक साथ आए हुए एक साल भी नहीं हुआ है, लेकिन उन्होंने शीर्ष क्रम में बेहद सफल जोड़ी बनाई है। इन दोनों ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़कर पहले विकेट के लिए 212 रन की रिकार्ड साझेदारी की जिससे भारत ने यह मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से 53 रन से जीत कर महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले वर्ष दिसंबर में जोड़ी बनाने के बाद से यह उनकी सातवीं तथा 2025 में पांचवीं शतकीय साझेदारी थी। इस जोड़ी ने अब तक 23 पारियों में 1,799 रन जोड़े हैं। रावल ने कहा कि उन दोनों के बीच अच्छी समझ है जिससे कि वह बड़ी साझेदारी निभाने में सफल रही हैं।

रावल ने मीडिया से कहा, ''हमारे बीच सहज बातचीत होती है। वह मुझे वह करने देती हैं जो मेरा मजबूत पक्ष है और मैं उसमें हस्तक्षेप नहीं करती जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब हम बल्लेबाजी करते हैं तो पूरी बातचीत गणना पर आधारित होती है। हमारी बातचीत इसी पर आधारित होती है कि हमें बड़ा स्कोर बनाने के लिए कितने रन बनाने होंगे। अगर हम लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो हमारी बातचीत इस पर आधारित होती है ताकि हम आसानी से लक्ष्य का पीछा कर सकें।'' रावल ने कहा, ''वह गणना करने में बहुत अच्छी है और वह जो भी मुझसे कहती है, मैं उसमें शामिल होना पसंद करती हूं। हम दोनों को सहजता के साथ आगे बढ़ना पसंद है।''

रावल ने जेमिमा रोड्रिग्स की अपने घरेलू मैदान पर 55 गेंदों पर नाबाद 76 रन की पारी की प्रशंसा की। रावल ने कहा, ''उसने शानदार बल्लेबाजी की। उसने वो रन बनाए जिनकी हमें सबसे ज्यादा जरूरत थी। यह उसका घरेलू मैदान है और वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है।'' उन्होंने दोहराया कि लगातार तीन मैच हारने के बावजूद टीम की ओर से प्रयास में कोई कमी नहीं थी। उन्होंने कहा, ''हम यह चर्चा इसलिए कर रहे थे ताकि हमें खुद पर विश्वास रहे कि हम किसी भी समय मैच जीत सकते हैं और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं, मैच विजेता खिलाड़ी जो बड़ी पारी खेल सकते हैं और विकेट ले सकते हैं।'' रावल ने कहा, ''दुर्भाग्य से हम तीन मैच हार गए, लेकिन हमने उन मैचों में भी शानदार प्रदर्शन किया। यह (जीत) हमें मिलनी ही थी और मुझे बहुत खुशी है कि हम सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और हम मैच जीतने में सफल रहे।'' (अनंत ज्ञान)

## मैक्सवेल भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में वापसी के लिए तैयार

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के करिश्माई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल कलाई में फ्रैक्चर से उबरने के बाद भारत के खिलाफ टी20 अंतराष्ट्रीय सीरीज के लिए वापसी करने को तैयार हैं, जबकि युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को भी टीम में चुना गया है। मौजूदा वनडे सीरीज के बाद टी20 श्रृंखला 29 अक्तूबर से कैनबरा में शुरू होगी।

इस पांच मैचों की सीरीज के लिए 37 वर्षीय मैक्सवेल और बियर्डमैन अंतिम तीन मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और





गेंदबाजी ऑलराउंडर सीन एबॉट क्रमशः पहले दो और तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। सितंबर में न्यूजीलैंड में ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले नेट पर गेंदबाजी करते समय मैक्सवेल की कलाई में फ्रैक्चर हो गया था। बीस वर्षीय बियर्डमैन ने अब तक लिस्ट ए के पांच मैचों और बिग बैश लीग के दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे वह भारत के खिलाफ इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए टीम में जगह बनाने में सफल रहे।

वह 2024 में ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम के स्टार खिलाड़ी थे। उन्होंने फाइनल में तीन विकेट लिए थे। लाबुशेन को पर्थ में भारत के खिलाफ पहले मैच से पहले वनडे टीम में शामिल किया गया था, क्योंकि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को हल्की चोट के कारण बाहर होना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)

## पीएसएल विवाद : मुल्तान सुल्तांस के मालिक ने सार्वजनिक रूप से पीसीबी का कानूनी नोटिस फाड़ा

**एजेंसी, कराची**



पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) की फ्रेंचाइजी मुल्तान सुल्तांस के मालिक अली तरीन ने एक रिकॉर्डेड वीडियो में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा उन्हें भेजे गए कानूनी नोटिस को फाड़ दिया, जिसमें उनकी टीम का अनुबंध समाप्त करने की धमकी दी गई थी। अली तरीन और पीसीबी के बीच विवाद अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गया है। गुरुवार को इसका खुलासा हुआ कि पीसीबी ने इस फ्रेंचाइजी को कानूनी नोटिस भेजा है। इस नोटिस में फ्रेंचाइजी के मालिक से कहा गया है कि वह पीएसएल के संचालन के तरीके की आलोचना करने पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे तथा ऐसा नहीं करने पर उनका फ्रेंचाइजी अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। यह नोटिस तब भेजा गया जब तरीन ने पीएसएल की सफलता के पीसीबी के दावों खारिज कर दिया था तथा सोशल मीडिया और पॉडकास्ट पर लीग के प्रबंधन के तरीके पर सवाल उठाए थे। एक पॉडकास्ट में उन्होंने दावा किया कि पीएसएल अब विश्व भर के लीग में पांचवें या छठे स्थान पर खिसक गया है क्योंकि लीग का प्रबंधन अयोग्य लोग कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से हटा पाकिस्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान ने नवंबर-दिसंबर में भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से नाम वापस ले लिया है। अंतराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

एफआईएच ने कहा कि 28 नवंबर से 28 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। एफआईएच ने पीटीआई को जारी बयान में कहा, ''हम पुष्टि कर सकते हैं कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ



(एफआईएच) को सूचित कर दिया है कि उनकी टीम भारत के तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में भाग नहीं लेगी। पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया था।'' बयान में कहा गया, ''इस प्रतियोगिता के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी।'' पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के रूप में की गई जवाबी कार्रवाई के बाद से दोनों देशों के बीच खेल संबंध प्रभावित हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

## लक्ष्य, दीक्षा, शाइना बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी, चेंगदू (चीन)**

भारत के लक्ष्य राजेश, दीक्षा सुधाकर और शाइना मणिमुथु ने शुक्रवार को बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा ने चीनी ताइपे की पिन हुआन चियांग को 21-19, 21-15 से हराकर अंडर-17 वर्ग के अंतिम आठ में प्रवेश किया। लक्ष्य ने कोरिया की ली युन सेओ को 21-16, 21-11 से हराकर अंडर-17 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना ने अंडर-15 प्री-क्वार्टर फाइनल में दबदबा कायम करते हुए चीन की ली मान लिन को 21-17, 21-16 से हराया। अदिति दीपक राज और बीवी पोन्नम्मा वृद्धि ने लड़कियों के युगल वर्ग में शुरुआती गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए कोरिया की ली युन सेओ और पार्क यू जियोंग की जोड़ी को 17-21, 21-15, 21-17 से मात दी।

चरण राम थिप्पाना और हरि कृष्ण वीरमरेड्डी ने लड़कों के युगल वर्ग में जापान के कोसुके शिनोहारा और हिरोतो नाकात्सुका पर 21-14, 21-8 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। जगशेर सिंह खंगुरा ने एकल वर्ग में मलेशिया के विंसन चोह को 21-12, 21-17 से आसानी से हराया।

वजीर सिंह सिंह अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग के बेहद रोमांचक मुकाबले में इंडोनेशिया के सातवें वरीय रेवन एड्रियालो सपुत्रा से 19-21, 22-20, 22-24 से हारकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब एफसी का ब्राजीलियाई डिफेंडर पाब्लो रेनन डॉस सैंटोस से करार

**एजेंसी, मोहाली।** पंजाब एफसी ने इस सप्ताहांत गोवा में शुरू होने वाले सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट से पहले शुक्रवार को ब्राजील के अनुभवी सेंटर बैक पाब्लो रेनन डॉस सैंटोस को एक साल के अनुबंध पर टीम में शामिल किया। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी को विश्व भर की कई फुटबॉल लीग में खेलने का व्यापक अनुभव है और उनकी मौजूदगी से पंजाब एफसी की टीम की रक्षा पंक्ति को मजबूती मिलेगी। पंजाब की टीम से जुड़ने के बारे में पाब्लो ने कहा, ''पंजाब एफसी की टीम का इस सत्र में काफी व्यस्त कार्यक्रम है और मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। मैं भारत में मिलने वाली चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार हूं।'' (अनंत ज्ञान)

## कुलदीप यादव की सिडनी वनडे में होगी एंट्री : पटेल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया का सफर शुभ नहीं रहा है। लगातार 2 वनडे मुकाबले हारने के बाद अब टीम इंडिया पर क्लीन स्वीप का खतरा मंडराने लगा है। अब तीसरा मुकाबला 25 अक्तूबर को सिडनी में खेला जाएगा। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने दावा किया है कि तीसरे वनडे में कुलदीप यादव की प्लेइंग 11 में वापसी होगी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में भारत की प्लेइंग इलेवन में कुलदीप यादव को मौका मिल सकता है। कुलदीप यादव को सीरीज के पहले 2 मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला है। पार्थिव पटेल ने कहा कि हम निश्चित रूप से तीसरे वनडे में कुलदीप यादव को खेलता हुए देखेंगे, जहां तक कॉम्बिनेशन की बात है, भारत को अपने शीर्ष क्रम पर भरोसा करना होगा, चाहे वह प्रदर्शन करें या न करें। बल्लेबाजी में अतिरिक्त सहारे की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यादव बीच के ओवरों में वह जरूरी विकेट दिला सकते हैं, जिनकी भारत को कमी खल रही है। अगर आपके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जल्दी आउट हो जाते हैं, तो यह खेल का हिस्सा है। आप इसकी भरपाई के लिए लगातार बल्लेबाजों को नहीं जोड़ सकते। ध्यान जीतने के लिए सर्वश्रेष्ठ संयोजन पर होना चाहिए। सहयोगी स्टाफ को कप्तान शुभमन गिल को सिडनी जाते समय टॉस का अभ्यास कराना चाहिए, क्योंकि टॉस ने अब तक बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। गेंद काफी स्विंग हुई, ठीक वैसे ही जैसे पर्थ में हुई थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। (अनंत ज्ञान)

## महिला क्रिकेट में अग्रणी देश बन सकता है भारत : सोफी डिवाइन

**एजेंसी, नवी मुंबई**

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने भारत के खिलाफ अपनी टीम की हार के बाद कहा कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को कैलेंडर में जगह मिलने से भविष्य में भारत महिला क्रिकेट के मामले में अग्रणी देश बन सकता है।




अपने पांचवें विश्व कप में न्यूजीलैंड की कप्तानी करने वाली डिवाइन रविवार को वनडे से संन्यास ले लेंगी, क्योंकि उनकी टीम गुरुवार को यहां भारत से बड़ी हार के साथ सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। न्यूजीलैंड में घरेलू क्रिकेट में सुधार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''हमें यथार्थवादी होना होगा कि ये चीजें रातोंरात नहीं होतीं। हम भारत की तरह नहीं हैं। हमारे पास एक अरब लोग नहीं हैं जिनसे संपर्क किया जा सके। हम वास्तव में दुनिया के सबसे निचले पायदान पर स्थित एक छोटा-सा देश हैं, जिसकी आबादी पांच करोड़ है।'' डिवाइन ने कहा, ''यहां एक अरब लोग हैं और यहां जिस तरह से घरेलू क्रिकेट पर काम हो रहा है वह न्यूजीलैंड में हमारे काम करने के तरीके से बहुत भिन्न है।''

उन्होंने कहा, ''मैं महिला क्रिकेट के भविष्य को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यहां जिस तरह से महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है उससे मुझे लगता है कि भारत महिला क्रिकेट में अग्रणी देश बन सकता है। हमने डब्ल्यूपीएल में महिला क्रिकेट के प्रति लोगों की दिलचस्पी को अच्छी तरह से देखा है।'' डिवाइन ने कहा कि उनके लिए संन्यास लेने का फैसला करना इसलिए आसान हो गया क्योंकि उन्हें पता है कि न्यूजीलैंड के पास अच्छी बेंच स्ट्रेंथ है।

उन्होंने कहा, ''जब आप इज्जी (इसाबेल गेज), ब्रूक (हैलिडे), मेली केर (अमेलिया केर) और ईडन कार्सन जैसी खिलाड़ियों के बारे में सोचते हैं, जिस तरह से वे वास्तव में खुद को निखार रहे हैं, उसे देखते हुए मेरे लिए संन्यास लेने का फैसला करना आसान हो गया।'' (अनंत ज्ञान)

**वुमंस वर्ल्ड कप** दक्षिण अफ्रीका को रोकने के लिए ऑस्ट्रेलिया को चाहिए होगा संतुलित प्रदर्शन

## सेमीफाइनल से पहले जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी, इंदौर**

अब तक अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका शनिवार को यहां जब महिला वनडे विश्व कप के मैच में एक-दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य सेमीफाइनल से पहले अपनी जीत की लय को बरकरार रखना होगा।

ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद होगी कि उसकी कप्तान एलिसा हीली फिट होकर इस मैच में खेलने के लिए तैयार होंगी। कप्तान, सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर की तिहरी भूमिका निभाने वाली हीली को बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी।

ताहलिया मैक्ग्रा की कप्तानी में सात बार की चैंपियन टीम ने इस मैच में बड़ी जीत हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद शानदार वापसी करके लगातार पांच मैच जीतकर विरोधी टीमों के पास स्पष्ट संदेश पहुंचा दिया है। ऐसे में हीली की फिटनेस इस चुनौती से निपटने के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वह टूर्नामेंट में बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रही हैं।




इंग्लैंड के खिलाफ हीली की अनुपस्थिति के कारण बल्लेबाजी क्रम में काफी बदलाव करना पड़ा, लेकिन एनाबेल सदरलैंड और एश्ले गार्डनर के बीच 180 रन की अटूट साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच आसानी से जीता। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में जिस तरह की गहराई है और जिस तरह से उनके पास तेज और स्पिन गेंदबाजों की भरमार है, उसे देखते हुए दक्षिण अफ्रीका को उसे हराने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ड्ट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की गहराई से अच्छी तरह वाकिफ होंगी और उन्हें अपनी तेज गेंदबाज मारिजान काप से यादगार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। काप ने अब तक छह विकेट लेकर और दो अर्धशतक लगाकर अपनी ऑलराउंडर भूमिका बखूबी निभाई है। लेकिन सलामी बल्लेबाज वोलवार्ड्ट, ताजमिन ब्रिट्स और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज सुने लुस की तिकड़ी को ज्यादातर रन बनाने होंगे, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया की तरह गहराई नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3:00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**ऑस्ट्रेलिया:** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैक्ग्रा, सोफी मोलिनो, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

**दक्षिण अफ्रीका:** लौरा वोलवार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लर्क, एनेरी डर्कसेन, सिनालो जाफ्ता, मारिजेन काप, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, नोनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, क्लोमिसो शंगासे।